WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2|देश विदेश 4|अभिव्यक्ति 10|छत्तीसगढ़ 11|कारोबार

बिलासपुर, सोमवार, 9 दिसंबर 2024 | कृष्ण शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 236 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक

आज बेबाक

इसी को कहते है - हम से ही सीखी अदाएं और हम पर ही वार किया। टटपूंजिये बांग्लादेश की भिखारी और अनाडी सेना को भारत ने ही हथियार दिये और उसे चलाने का तरीका भी सिखाया। अब वही बांग्लादेश की सेना वहां रह रहे हिन्दुओं को कट्टरपंथियों के साथ मिलकर निशाना बना रही है। भारतीयों का खून खौल रहा है। अब तो विपक्ष भी सरकार को कोस रहा है। लेकिन भारत सरकार नौ दिन चले अढाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। जबकि भारत यदि एक फूंक मार दे तो बांग्लादेश उड़ जाये।

यूपीएससी को भेजा नए डीजीपी के लिए तीन नामों का पैनल

● अरुण देव गौतम, पवन देव और हिमांशु गुप्ता के नाम शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। 2023 में भाजपा सरकार गठन के साथ नए डीजीपी को लेकर विचार मंथन चल रहा था। 6 महीने का एक्सटेंसन भी डीजीपी अशोक जुनेजा को दिया गया। अब उनका कार्यकाल 5 फरवरी को खत्म हो रहा है। नए डीजीपी के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने तीन नामों का पैनल यूपीएससी को भेज दिया है। इन नामों में 1992 बैच के आईपीएस पवन देव और अरुण देव गौतम तथा 1994 बैच के आईपीएस हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल है. बताया जा रहा है कि डीजीपी की दौड़ के लिए पांच अफसरों का पैनल बनाया गया था. एसआरपी कल्लूरी और प्रदीप गुप्ता का नाम भी पैनल में रखा गया था,

लेकिन यूपीएससी को भेजे गए पैनल में केवल तीन नाम ही रखे गए हैं।

बतौर डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल जुलाई 2024 में खत्म हो रहा था, लेकिन उनके रिटायरमेंट के ठीक पहले केंद्र सरकार ने उन्हें छह महीने के लिए एक्सटेंशन दे दिया था। एक्सटेंशन के लिए पहले नए डीजीपी के लिए जिन नामों पर सर्वाधिक चर्चा थी, उन नामों में अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम थे, लेकिन ऐन वक्त पर सब कुछ बदल गया. ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मजबूत दावेदारों में पवन देव

अशोक जुनेजा का कार्यकाल बढ़ाये जाने के केंद्र के फैसले के बाद राज्य में तस्वीर भी तेजी से बदल गई। जुलाई महीने में अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता प्रमोट हो गए थे, लेकिन एक पुराने केस के चलते पवन देव का प्रमोशन लिफाफे में बंद हो गया। बीते अक्टूबर महीने में पवन देव को क्लीन चिट देते हुए उनके खिलाफ चल रही जांच की फाइल सरकार ने बंद कर दी। सरकार के इस फैसले के बाद पवन देव डीजीपी की दौड़ में शामिल हो गए. पवन देव एक मजबूत दावेदार बनकर उभर गए हैं।

असद की सरकार गिरी, काला युग बीता

दमिश्क (वार्ता)। सीरिया में विपक्षी गठबंधन के नेता हादी अल-बहरा ने कहा है कि राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार गिर गयी है और इसके साथ ही सीरिया के इतिहास का एक काला युग बीत चुका है। श्री बहरा ने अरबी समाचार संगठन अल-अरबिया से बातचीत में यह जानकारी दी। बीबीसी ने बताया कि नेशनल कोलिशन फॉर सीरियन रिवोल्यूशन एंड अपोजिशन फोर्सेज के नेता बहरा ने जनता को आश्वासन दिया है कि दमिश्क सुरक्षित है। श्री बहरा ने 'एक्स' पर लिखा, 'सभी संप्रदायों और धर्मों के हमारे लोगों के लिए संदेश है कि जब तक आप किसी अन्य नागरिक के खिलाफ हथियार नहीं उठाते हैं और जब तक आप अपने घरों में रहते हैं, तब तक आप सुरक्षित हैं। बदला या प्रतिशोध के कोई मामले नहीं होंगे और मानवाधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं होगा। लोगों की गरिमा का सम्मान किया जाएगा और उनकी गरिमा को बनाये रखा जाएगा।

पुलिस की हरिद्वार में बदमाशों से मुठभेड़

देहरादून दिसम्बर (वार्ता)। उत्तराखंड के देहरादून जनपद पुलिस की रविवार की मध्य रात्रि को हरिद्वार में बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने रविवार सुबह कहा कि आज रात्रि समय करीब 01.00 बजे रात्रि में जनपद पुलिस द्वारा रायवाला क्षेत्र मैं हुई चोरी की घटना के संदिग्ध बदमाश व संदिग्ध एक आई10 कार का रुड़की की ओर से हरिद्वार की तरफ पीछा किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि जनपद हरिद्वार के थाना बहादराबाद पुलिस को उक्त गाड़ी की चेकिंग व रोकने के लिए सूचना दी गई। सूचना पर शांतरशाह चौकी क्षेत्र अंतर्गत, आरोग्यम के पास बहादराबाद पुलिस ने चेकिंग को जब उक्त कार रोकने का प्रयास किया गया तो वह गाड़ी बड़ेरी की ओर भागी।

आरती को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

रायपुर /नवप्रदेश। कांग्रेस सरकार में पीएससी में गड़बडि़यों के मामले में पहले ही सीबीआई पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और कारोबारी श्रवण कुमार गोयल की गिरफ्तारी कर चुकी है। अब सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पीएससी में गड़बड़ी की जांच का दायरा बढ़ाते हुए तत्कालीन एग्जाम कंट्रोलर रहीं आरती वासनिक को गिरफ्तार किया है। सीबीआई दो दिनों से आरती वासनिक से पूछताछ कर रही थी। अब सीबीआई कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड मांगेगी। बताया जा रहा है कि सीबीआई को आरती वासनिक के खिलाफ कुछ अहम सबूत मिले हैं। आरती वासनिक पर भी शक है कि वो घोटाले में शामिल हो सकती है।

चीन मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा हो

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस ने कहा है कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में संसद में जो बयान दिया है, उसमें स्पष्टीकरण का मौका नहीं दिया गया है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। पार्टी ने कहा है कि चीन के साथ सीमा पर विवाद की जो स्थिति है, उसमें चीन की तरफ से किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। हाल के वर्षों में चीन के साथ हमारी आर्थिक निर्भरता बढ़ी है, इसलिए संसद में इस मुद्दे पर रणनीतिक और आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार को चर्चा करानी चाहिए और जो सवाल इस मुद्दे पर आए उन पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा, हमें विदेश मंत्री के बयान पर किसी भी तरह के स्पष्टीकरण की मांग नहीं रखने दी गई थी। संसद को चीन के साथ सीमा पर चुनौतियों से निपटने के सामूहिक संकल्प पर बात करने का मौका नहीं दिया गया।

शंभू बॉर्डर पर रविवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर रविवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही। किसानों ने अपने एलान के अनुसार दोपहर 12 बजे दिल्ली कूच किया। 101 किसानों के जत्थे को हरियाणा की पुलिस ने रोक लिया।

पुलिस ने मांगी अनुमति

पिछली बार की तरह इस बार भी हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली पुलिस की अनुमति मांगी। इस पर किसानों ने कहा कि वे प्रदर्शन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

लिस्ट दिखाकर मांगी आईडी

इसके बाद पुलिस की तरफ से एक लिस्ट दिखाई गई, जिसमें दिल्ली जाने वाले 101 किसानों के नाम थे। पुलिस का कहना था कि लिस्ट में जिनका नाम है वे अपना आईडी कार्ड दिखाकर आगे जा सकते हैं। पुलिस का कहना था कि हम पहले किसानों की पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की सूची है, और वे वे लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान नहीं करने दे रहे हैं। वे भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। वहीं किसानों का कहना था कि पुलिस ने अपनी लिस्ट बनाई है। हमारी लिस्ट नहीं है।

पुलिस का रवैया थोड़ा नरम दिखा

वहीं शुक्रवार के उलट रविवार को हरियाणा पुलिस का रवैया थोड़ा नरम दिखा। पुलिस ने बैरिकेडिंग तक पहुंचे किसानों को चाय और बिस्कुट दिया। लेकिन इसके बाद एक किसान ने जाली में कुंडी फंसाकर तोडऩे की कोशिश की तो पुलिस ने किसानों को खदेडऩे के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।

पांच किसान घायल

आंसू गैस के हमले में पांच किसान घायल हुए। इनमें बीकेयू क्रांतिकारी से रेशम सिंह, मेजर सिंह किसान मजदूर संघर्ष समिति पंजाब, दिलवाग सिंह गिल, बीकेएमय पंजाब और करनैल सिंह लंग. बीकेयू एकता आजाद शामिल हैं। सभी को अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने बरसाए फूल, किसानों की तबीयत खराब

आंसू गैस के गोले छोडऩे के बाद जब किसान दोबारा बैरिकेडिंग के नजदीक पहुंचे तो पुलिस ने उन पर फूल बरसाए। हालांकि किसानों ने आरोप लगाया कि फूलों में केमिकल मिला था, इससे कई किसानों की तबीयत खराब हो गई।

मोदी ने की जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेटिकन में भारतीय कैथोलिक पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना की है।

मोदी ने रविवार को इसे भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात बताते हुए जॉर्ज जैकब कूवाकड के भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पादरी कूवाकड को वेटिकन में आयोजित एक समारोह में कार्डिनल की उपाधि प्रदान की गयी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है! 'हिज होलीनेस' पोप फ्रांसिस द्वारा 'हिज एमिनेंस' जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाये जाने पर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के एक उत्साही अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

भारत सरकार ने समारोह में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को वेटिकन भेजा है। समारोह से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की।

सेंट पीटर बैसिलिका में आयोजित समारोह में दुनिया भर के 20 अन्य पादरियों को शीर्ष कैथोलिक पादरियों की उपस्थिति में कार्डिनल बनाया गया। मौजूदा व्यवस्था में, पादरी कूवाकड छठे भारतीय कार्डिनल हैं। उनकी पदोन्नति से कैथोलिक चर्च के पदानुक्रम में भारतीय प्रतिनिधित्व को एक बड़ा बढ़ावा मिला है। इक्यावन वर्षीय कूवाकड कार्डिनल के पद पर सीधे पदोन्नत होने वाले भारत के पहले पादरी बन गये हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले, भारत के सभी अन्य कार्डिनल इस सम्मान को प्राप्त करने से पहले बिशप या आर्कबिशप के पद पर थे। वह चंगनाचेरी के सिरो-मालाबार कैथोलिक आर्चडायोसिस से जुड़े हुए हैं।

फोर्स एक्शन में, बौखलाए नक्सली महिला की हत्या के बाद लिखा पत्र

बीजापुर/नवप्रदेश । बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोदेड में नक्सलियों ने एक 40 वर्षीय महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि की है। भाजपा की डबल इंजन सारकार के एंटी नक्सल ऑपरेशन से बौखलाए नक्सलियों ने एक और कायराना करतूत को अंजाम दिया है। लोदेड में शनिवार देर रात नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर महिला सुकरा यालम की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी. नक्सलियों के मद्देड़ एरिया कमेटी ने

हत्या की जिम्मेदारी ली है. बीते 18 नवंबर को 7 माओवादियों को तेलगांना ग्रेआउंड्स फोर्स ने मार गिराया था. इसकी मुखबिरी का आरोप महिला पर लगाया गया. बता दें कि पिछले पांच दिनों में नक्सलियों ने चार लोगों की हत्या की घटना को अंजाम दिया है।

नक्सलियों ने किया हमला, जवानों को आई चोट

बीजापुर जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने पुलिस बेस कैंप पर हमला किया है। तीन दिनों में यह दूसरा नक्सली हमला है। बीजापुर एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने कैम्प पर फायरिंग की पुष्टि की है। पामेड़ थाना अंतर्गत जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने हमला किया है. पुलिस नक्सलियों के बीच गोलीबारी में तीन जवानों को मामूली चोट आई है। जवानों का बेस कैंप में प्राथमिक इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि इन हमलों के पीछे सेंट्रल कमेटी के शीर्ष नेता हिडमा का हाथ है।

पुलिस के आला अधिकारियों की माने तो बड़े नक्सली नेता खुद की प्राणों की चिंता करते हुए आस-पास के राज्यों में भाग रहे हैं. ऐसे में जाते-जाते बौखलाहट में पुलिस कैंप पर हमला कर निचले कैडर के मनोबल को बढ़ाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

शिवसेना-यूबीटी ने हिंदुत्व नहीं छोड़ा

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक दलों के बीच विवाद शुरू हो गया। शिवसेना (यूबीटी) की तरफ से हिंदुत्व का मुद्दा उठाने पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी ने गठबंधन से अलग होने का एलान किया। इस मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी पर पलटवार किया। उन्होंने सपा को भाजपा की बी टीम बताया। आदित्य ठाकरे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) हिंदुत्व के साथ है।

सपा नेता पर आदित्य ठाकरे का पलटवार: सपा नेता अबू आजमी पर पलटवार करते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा, मैं इस पर कोई बयान नहीं देना चाहता हूं। अखिलेश यादव अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन सपा महाराष्ट्र में कभी-कभी भाजपा की बी टीम के तौर पर काम करती है।

राहुल-प्रियंका के बिना नहीं बनेगी बात

दिल्ली न्याय यात्रा से शीर्ष नेताओं के गायब रहने पर उठे सवाल

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में अपनी खोई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए कांग्रेस ने 8 नवंबर को राजघाट से दिल्ली न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। एक महीने तक दिल्ली की गलियों की खाक छानने के बाद शनिवार 7 दिसंबर को रोहिणी में यह यात्रा समाप्त हो गई। इस यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जगह-जगह लोगों से बातचीत की, उनके मुद्दे समझने की कोशिश की और यह भी समझने की कोशिश की कि वर्तमान समय में उसके लिए दिल्ली की सियासत में कितनी संभावनाएं मौजूद हैं। इसका चुनावों पर कितना असर होगा, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि शीला दीक्षित युग की समाप्ति के बाद पार्टी ने पहली बार पूरी राजधानी में अपनी उपस्थिति का एहसास कराने में सफलता पाई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा की तेज-तर्रार लड़ाई में दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति दिखी

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा में यह साफ-साफ दिखाई पड़ा कि राजधानी की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं के बल पर हर विधानसभा में सफलतापूर्वक कार्यक्रम किए गए। उन्होंने कहा कि यात्रा में हमने यह देखा कि पूरी दिल्ली में लोग आज भी शीला दीक्षित सरकार के कामकाज को याद कर रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि केजरीवाल ने बड़े-बड़े वादे अवश्य किए थे, लेकिन उन्होंने उन्हें पूरा नहीं किया और लोग छले गए। अब यही लोग कांग्रेस की ओर वापस आने के लिए तैयार हैं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एमवीए नेताओं ने की सीएम फडणवीस से मुलाकात

मुंबई (ए.)। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के घटक दलों में से एक के लिए डिप्टी स्पीकर के पद की मांग की। गठबंधन ने सीएम फडणवीस से कहा कि विपक्ष विधानसभा के स्पीकर को निर्विरोध चुने जाने की अनुमति देगा, लेकिन इसके साथ ही वे चाहते हैं कि सत्तापक्ष प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उन्हें डिप्टी स्पीकर का पद दें। बाद में एमवीए के नेताओं ने विधानसभा में गठबंधन की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की।

शपथ ग्रहणमें 12 लाख की चोरी: मुंबई के आजाद मैदान महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सोने की चेन, मोबाइल फोन और कुल मिलाकर 12 लाख रुपये की नकदी चोरी हो गई। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश जारी है।

गरमा-गरम

गैस सप्लाई ... *किसी ने जनदर्शन में तो किसी किसान ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जमीन का उचित मुआवजा देने की मांग*

"गेल इंडिया" से किसान हलाकान, मुआवजा नहीं देने का आरोप

बलौदाबाजार/नवप्रदेश । देश का किसान अन्नदाता होने के बाद भी पूरे साल प्राकृतिक और अप्राकृतिक परेशानी झेलने के लिए मजबूर है। भारतीय किसान दिल्ली में एमएसपी को लेकर परेशान है तो छत्तीसगढ़ के किसान गेल इंडिया कंपनी की खेतों में बिछाई जा रही पाइपलाइन को लेकर हलाकान है। पाइप लाइन किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

एक तरफ जहां फसल खराब हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर कंपनी की ओर से उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। बलौदा बाजार भाटापारा जिले के किसान गेल इंडिया की पाइप लाइन बिछाने से परेशान हैं। सही जानकारी, उचित मुआवजा राशि और प्रशासन

से मदद नहीं मिलने पर किसानों ने नाराजगी जताई है। वहीं कुछ किसान कलेक्टर जनदर्शन में, तो कुछ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए जमीन का उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

इधर गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए कंपनी और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए किसानों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि जो मुआवजा दिया जा रहा है, उचित नहीं है। वहीं कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुआवजा दिए बिना ही काम शुरू

इधर किसानों का आरोप है कि गेल इंडिया के तरफ से एसडीएम भाटापारा को पत्र लिखकर पाइप लाइन बिछाने के लिए पुलिस बल मुहैया कराने की मांग की गई है। किसानों का कहना है कि कंपनी के द्वारा किसानों से पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन के दोनों तरफ 20-20 मीटर की जमीन ली जा रही है। इस जमीन पर किसान भविष्य में ना तो कोई निर्माण कर सकता है और नहीं बोरवेल खुदवा सकते हैं। वहीं कंपनी के तरफ से कोई अधिकृत जानकारी भी नहीं दी जा रही है कि किसके लिए यह पाइपलाइन बिछाई जा रही है, पहले गुपचुप तरीके से सर्वे करने के बाद मुआवजा दिए बिना ही सीधे पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है.

प्रशासन ने किसानों की कोई मदद नहीं की

वहीं कुछ किसानों का कहना है कि जो मुआवजा दिए हैं, वह उचित नहीं है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन के तरफ से किसानों की कोई मदद नहीं की जा रही है, उल्टे प्रशासनिक अधिकारी गैस पाइपलाइन बिछा रही गेल इंडिया का ही समर्थन करते हुए किसानों पर जमीन देने के लिए दबाव बना रहे हैं।

उचित मुआवजा दिया जा रहा

इस मामले में एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी ने बताया कि पूरे जिले के साथ ही राज्य में गेल इंडिया कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाने का काम हो रहा है, जिसमें नेचुरल गैस की सप्लाई का काम होगा, वर्तमान में भाटापारा के 6 गांव में अभी काम चल रहा है, किसानों में भ्रम की जो स्थिति है वो गैस पाइपलाइन के 20 मीटर में कंस्ट्रक्शन होगा, वह सही नहीं है। सरकार के प्रावधानों के तहत कंपनी द्वारा भू-स्वामियों को उसके बदले उचित मुआवजा दिया जा रहा है।

ममता इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम, सपा के बाद शरद पवार ने भी किया समर्थन

पश्चिम बंगाल (ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से इंडिया गठबंधन पर दिया बयान सुर्खियों में है। अब एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने ममता का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, 'हां, निश्चित रूप से वह गठबंधन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। ममता इस देश की एक प्रमुख नेता हैं। उनमें वह क्षमता है। संसद में उनके ओर से चुने गए नेता जिम्मेदार, कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक लोग हैं। इसलिए उन्हें ऐसा कहने का अधिकार है।' सीएम ममता ने शुक्रवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया था। उन्होंने मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे का संकेत दिया।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम होंगी। उन्होंने बंगाली समाचार चैनल न्यूज 18 बांग्ला के साथ साक्षात्कार में कहा, 'मैंने इंडिया गठबंधन का गठन किया था, अब इसे प्रबंधित करना मोर्चे का नेतृत्व करने वालों पर निर्भर है। अगर वे यह नहीं कर सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस

यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है।' ममता से पूछा गया कि एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख को देखते हुए वह गठबंधन का प्रभार क्यों नहीं ले रही हैं? इस पर उन्होंने कहा, 'अगर अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करूंगी।'

सपा भी कर चुकी है ममता बनर्जी का समर्थन

इससे पहले, समाजवादी पार्टी के नेता उदयवीर सिंह ने ममता बनर्जी का समर्थन किया था। उन्होंने कहा, 'वह एक सीनियर नेता हैं, उनके पास काफी अनुभव है और वे सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे रहे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।' सिंह ने यह भी कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को मिलकर यह तय करना होगा कि आखिर क्या किया जाना चाहिए। अगर ऐसा कोई फैसला लिया गया, तो हम उसका समर्थन करेंगे।' टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने बीते दिनों कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगियों से आग्रह किया था कि वे अहंकार छोड़ दें और ममता बनर्जी को गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता दी जाए।

न्यूज गैलरी

ईवीएम से हो रही है बेईमानी, शरद पवार ने कहा-भरोसा नहीं, बैलेट से हो मतदान

महाराष्ट्र (ए.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने ईवीएम के खिलाफ अभियान चलाना शुरू कर दिया है. ईवीएम और इसी क्रम में उन्होंने सोलापुर में आयोजित ईवीएम हटाओ देश बचाओ कार्यक्रम में कहा कि अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप के कई देश जब बैलेट पेपर पर चुनाव कराते हैं, तो हम क्यों नहीं करा सकते?

विधानसभा चुनाव के परिणाम पर अविश्वास : शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में जो विधानसभा चुनाव के परिणाम आएं हैं, उनपर हमें शक है. मतदाताओं को भी चुनाव परिणाम पर विश्वास नहीं हो रहा है और वे यह चाहते हैं कि ईवीएम की जगह मतदान बैलेट पेपर से हो, क्योंकि जो चुनाव परिणाम आए हैं, उनपर भरोसा नहीं हो रहा है. शरद पवार ने कहा कि चुनाव में हार-जीत होती है, लेकिन परिणाम पर भरोसा होना चाहिए.

ईवीएम पर भरोसा नहीं, बैलेट से हो चुनाव : सीपीएम नेता शरद पवार ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि यहां जिन लोगों ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए उनके खिलाफ कार्रवाई हुई. यह सही नहीं है, आपने जो शिकायत मेरे पास भेजी हैं, उन्हें मैं चुनाव आयोग तक पहुंचाऊंगा. चुनाव आयोग के पास यह जानकारी होनी चाहिए कि जनता ईवीएम पर भरोसा नहीं करती और बैलेट से चुनाव चाहती है.

भागलपुर के कहलगांव में छात्र ने की आत्महत्या

भागलपुर (ए.)। भागलपुर में दसवीं के एक छात्र ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली. घटना कहलगांव थाना क्षेत्र का है जहां आनंद कॉलोनी में रहने वाले छात्र सोमिल राज ने रविवार की सुबह इस घटना को अंजाम दिया. मृतक के पिता राजीव कुमार सिंह एक कारोबारी हैं और एक रेस्टोरेंट चलाते हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और छानबीन शुरू की गयी. मृतक के मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया. चर्चा है कि खुद को गोली मारने से पहले सोमिल ने कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे.

मोबाइल चलाने के बाद खुद को मारी गोली : मृतक की पहचान राजीव कुमार सिंह के पुत्र सोमिल राज के रूप में हुई है जो दसवीं का छात्र था. मिली जानकारी के अनुसार, सोमिल रविवार की सुबह करीब 5 बजे अपने घर में मोबाइल पर गेम खेल रहा था. चर्चा है कि कुछ वीडियो भी इस दौरान उसने अपने इंस्टाग्राम पर अपलोड किए. वहीं कुछ ही देर बाद सोमिल ने खुद को गोली मार ली और खुदकुशी कर ली. इस घटना ने सोमिल के परिवारजनों समेत आसपास के लोगों को भी दंग कर दिया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

पिता के लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली : मिली जानकारी के अनुसार, सोमिल ने जिस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी है वो उसके पिता का लाइसेंसी रिवॉल्वर था. सोमिल ने अपनी छाती में गोली मार ली. जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गयी. वहीं चर्चा है कि सोमिल ने खुद को गोली मारने से पहले कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए.

उत्तर भारत में बारिश का अलर्ट, बढ़ेगी ठंड, कोहरे का कहर भी दिखेगा

नई दिल्ली। दिसंबर महीने की शुरुआत के साथ ही ठंड बढ़ने लगी है. मौसम वैज्ञानिक नरेश कुमार ने जानकारी दी है कि हिमालय के इलाकों में बारिश की वजह से उत्तर भारत में ठंड बढ़ेगी और लोगों को कोहरे का असर भी दिखेगा. नरेश कुमार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ मध्य पाकिस्तान और उसके आसपास बना हुआ है, जिसकी वजह से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में 8-9 दिसंबर को हल्की बारिश की संभावना है.

9 दिसंबर के बाद शीत लहर चलेगी

मौसम वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि 9 दिसंबर के बाद पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ेगी. संभावना है कि शीत लहर चलेगी जिसके प्रभाव में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश भी शामिल होगा.ठंड के बढ़ने से उत्तर भारत में 8 दिसंबर की सुबह को ही कोहरे का असर दिखा.

उत्तर प्रदेश में दिखा कोहरे का असर

ठंड के बढ़ने की वजह से मैदानी इलाकों में कोहरे का असर दिखने लगा है. 8 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे तक कोहरे का असर दिखा और विजिबिलिटी काफी कम रही. आगरा, लखनऊ और कुशीनगर जैसे शहरों में कोहरे का काफी असर था. मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार बिहार में भी कोहरे का असर 8 दिसंबर को नजर आया. मैदानी इलाकों में कोहरे का कहर अभी और बढ़ेगा ऐसी जानकारी मौसम विभाग की ओर से दी गई है.

भारत को रूस नहीं देता है सस्ता तेल

जयशंकर बोले- आपके पास है बेहतर डील तो बताएं

नई दिल्ली (ए.)। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस का बहिष्कार किया, लेकिन भारत ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में रूस की यात्रा की। साथ ही भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। इसको लेकर जब विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे गए तो उन्होंने करारा जवाब दिया। जयशंकर ने शनिवार को भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले का जोरदार बचाव किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई बेहतर विकल्प है।

यह बयान उन्होंने 22वें दोहा फोरम के पैनल ÷नए युग में संघर्ष समाधान÷ पर चर्चा के दौरान दिया। जयशंकर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल बाद दुनिया यह महसूस करने लगी है कि इस समस्या को केवल वार्ता के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

रूस से तेल खरीदने पर भारत का रुख: जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए कोई सस्ता सौदा नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं तेल खरीदता हूं। यह सच है। यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास बेहतर डील है?

भारत ने हाल के वर्षों में रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस अब भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो भारत के कुल तेल आयात का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखता है।

डॉलर को कमजोर करने की कोई इच्छा नहीं, ट्रंप की टैरिफवाली धमकी पर जयशंकर का जवाब

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत टैरिफवाली धमकी का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि अमेरिका हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हमारी अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोई इच्छा नहीं है। हमने पहले भी यह स्पष्ट किया है कि भारत डी-डॉलरीकरण के पक्ष में नहीं है। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीतने को क्वाड के लिए सकारात्मक बताते हुए जयशंकर ने कहा कि उनके आने से क्वाड संगठन में मजबूती आएगी और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

दोहा फोरम में संयुक्त राज्य अमेरिका के बारे में अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि पहले ट्रंप प्रशासन के दौरान भारत और अमेरिका के संबंध बहुत बेहतर हुए थे। उन्होंने क्वाड को बढ़ाने में अपना भरपूर सहयोग भी दिया था। हालांकि कुछ ऐसे मुद्दे थे, जिनमें दोनों देशों के बीच में टकराव की स्थिति आई थी। उनमें से ज्यादातर व्यापार से संबंधित थे। लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे भी बहुत से मुद्दे थे, जिन पर राष्ट्रपति ट्रंप आगे बढ़कर भारत का साथ दे रहे थे।

रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की भूमिका

जयशंकर ने कहा कि भारत का हमेशा मानना रहा है कि यह युद्ध युद्धभूमि पर नहीं सुलझ सकता है। उन्होंने कहा कि अंततः दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटना होगा और भारत इसे संभव बनाने के लिए हर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, "हम मास्को जाते हैं तो राष्ट्रपति पुतिन से बात करते हैं। जब कीव जाते हैं तो राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से मिलते हैं। हम दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के सूत्र तलाशने की कोशिश करते हैं।

हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत कोई शांति योजना पेश नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, हम मध्यस्थता नहीं कर रहे। हम बातचीत कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दोनों पक्षों को पूरी पारदर्शिता से जानकारी दी जाए।

यूक्रेन और भारत के संबंध : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल की शुरुआत में कीव का दौरा किया और राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से मुलाकात की। पीएम मोदी ने भारत के शांति के पक्ष में रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। दूसरी ओर ज़ेलेंस्की ने भारत से यूक्रेन का समर्थन करने और संतुलनकारी रवैया न अपनाने की अपील की।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में मंदिर के बाहर मिले दो पुलिसकर्मियों के शव

जम्मू-कश्मीर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार तड़के दो पुलिसकर्मी मृत पाए गए और उनके शरीर पर गोलियां लगने के निशान मिले हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने संदेह जताया कि यह साथी पुलिसकर्मी की हत्या करने और आत्महत्या करने का मामला है। अधिकारियों ने बताया कि ये पुलिसकर्मी उत्तरी कश्मीर के सोपोर से जम्मू क्षेत्र में रियासी जिले के तलवाड़ा स्थित सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) जा रहे थे।

उन्होंने बताया कि तड़के करीब साढ़े छह बजे जिला मुख्यालय स्थित काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन के अंदर पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव मिले। उन्होंने बताया कि पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस ने एक बयान में कहा, ''आज तड़के करीब साढ़े छह बजे रहमबल पुलिस थाने को सूचना मिली कि सोपोर से विभाग के एक वाहन में एसटीसी तलवाड़ा जा रहे दो पुलिसकर्मी गोलियां लगने से घायल हो गए। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह सहकर्मी को गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है।'' अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में वाहन चालक कांस्टेबल और एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वाहन में यात्रा कर रहा चयन ग्रेड का एक कांस्टेबल सुरक्षित बच गया और उससे पूछताछ की जा रही है।

बिहार को नहीं मिला एक भी नया केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय की मांग भी खारिज

पटना(ए.)। केंद्र सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए पूरे देश में बड़े बदलाव करने जा रही है. शिक्षा मंत्रालय ने पूरे देश में पीएम केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय की संख्या में बढ़ोत्तरी करने का फैसला किया है. हालांकि केंद्र सरकार की इस नई योजना में बिहार को बड़ा झटका लगा है क्योंकि बिहार में न तो एक भी नया केंद्रीय विद्यालय और ना ही कोई नया जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी गई है. केंद्र सरकार की ओर से जारी सूचना के अनुसार देश भर में 85 नए पीएम केंद्रीय विद्यालय और 28 नए जवाहर नवोदय विद्यालयों को खोले जायेंगे. केंद्र सरकार ने इसके लिए 8,231 करोड़ रुपए का बजट भी मंजूर कर दिया है.

सोशल मीडिया पर विरोध जता रहे लोग: बिहार में एक भी नये पीएम केंद्रीय विद्यालय नहीं खोलऐ जाने के फैसले का बिहार में बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है. सोशल मीडिया पर विरोध जताते हुए लोग मोदी सरकार पर बिहार के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगा रहे हैं. एक यूजर ने लिखा कि जम्मू कश्मीर को 13 केंद्रीय विद्यालय और बिहार को शून्य केन्द्रीय विद्यालय यह कैसे चलेगा. यूजर ने केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार को अछूत बनाकर रखने की नीति नहीं चलेगी. सरकार की इस नीति का पूरी तरह विरोध होगा इंतजार कीजिये.

एक यूजर ने लिखा है कि जब बिहार से सीट जीताकर केंद्र में सरकार हम बनाएं हैं तो मोदी सरकार बिहार की जगह दूसरे राज्यों का क्यों विकास कर रही हैं.

बिहार में अभी केवल 49 केंद्रीय विद्यालय

मौजूदा समय में देश के विभिन्न राज्यों को मिलाकर कुल 1253 केंद्रीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं. वहीं पूरे देश में कुल 661 जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) भी हैं. बिहार में एकमात्र रीजन पटना ही है. इसके अंतर्गत राज्य में कुल 49 केंद्रीय विद्यालय हैं. वहीं बिहार में कुल 39 नवोदय विद्यालय है, जिसमें हर साल कक्षा छह में नामांकन लिया जाता है. मंजूर किए गए 85 केंद्रीय विद्यालयों में सबसे ज्यादा 13 केंद्रीय विद्यालय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में खुलने वाला हैं. वहीं अरुणाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा 8 नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे. बिहार में कई ऐसे जिले हैं जहां एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है. काफी समय से इस संबंध में यहां के सांसद सदन से सड़क तक मांग उठाते रहे हैं.

बिजनेसमैन के बेटे ने पोर्श कार से फुटपाथ पर खड़ी बाइकों को मारी टक्कर

मुंबई (ए.)। मुंबई के बांद्रा इलाके में 19 वर्षीय लड़के ने तेज रफ्तार पोर्श कार से फुटपाथ के पास खड़ी कई मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने 19 वर्षीय ध्रुव गुप्ता के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है और उसके खून के सैंपल टेस्ट के लिए भेजे हैं। यह पता लगाया जा रहा है कि घटना के समय वह शराब के नशे में था या नहीं। उन्होंने कहा कि ध्रुव एक प्रमुख व्यवसायी का बेटा है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ध्रुव गुप्ता के नियंत्रण खो देने के बाद पोर्श कार ने साधु वासवानी चौक के नजदीक फुटपाथ के पास खड़ी कई मोटरसाइकिल को देर रात 2:40 बजे टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि लग्जरी कार में एक महिला समेत 5 लोग सवार थे। यह दुर्घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई है और इसका फुटेज वायरल हो गया। इसे लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी हंगामा मचा हुआ है और लोग आरोपी के खिलाफ सख्त ऐक्शन लेने की मांग कर रहे हैं।

सिर पर 10 मिलियन डॉलर इनाम, अलकायदा से संबंध

■ कौन है सीरियाई विद्रोह का चेहरा जोलानी?

नई दिल्ली (एं)। सीरिया में विद्रोहियों ने राष्ट्रपति असद के शासन के अंत की घोषणा कर दी है। यहां पर विद्रोह के बीच एक नाम बहुत तेजी से उभरा है। यह नाम है मोहम्मद अल जोलानी। जोलानी हयात तहरीर अल शाम का प्रमुख है। कभी ईरान की अमेरिकी जेल में बंद रहे इस शख्स पर आज भी 10 मिलियन डॉलर का इनाम है। 42 साल के जोलानी ने सीरियाई राष्ट्रपति बशर-अल-असद के खिलाफ विद्रोह में अपनी रणनीतियों से सभी को हैरान किया है। वह सीरियाई सिविल वॉर का अहम चेहरा बन चुका है। आइए जानते हैं आखिर कौन है मोहम्मद अल जोलानी...

बचपन में ग्रॉसरी स्टोर में काम: जोलानी का असली नाम अहमद अल-शारा है। उसका जन्म साल 1982 में सीरिया में हुआ था। जोलानी के मुताबिक उसका शुरुआती जीवन संघर्ष में बीता। साल 1967 के युद्ध के दौरान उसके परिवार को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। इसके बाद वह अपनी पहचान छुपाकर जीता रहा। साल 2021 में एक इंटरव्यू में जोलानी ने बताया कि वह दमिश्क में रहता था और अपने पिता के ग्रॉसरी स्टोर में काम करता था। लेकिन 11 सितंबर 2001 हमले के बाद जब अमेरिका ने आतंक के खिलाफ युद्ध शुरू किया तो वह बगदाद में अमेरिका के खिलाफ लड़ने पहुंच गया। यहां पर उसने अलकायदा ईरान के साथ मिलकर अमेरिकी सेना से लड़ाई लड़ी। साल 2005 में जब जोलानी की उम्र करीब 23 साल थी, वह मोसुल में गिरफ्तार कर लिया गया।

सीरिया के सिविल वॉर में ऐसे आया

जोलानी को अमेरिकी कस्टडी से पांच साल बाद आजादी मिली। अलकायदा-ईरान ने अबू बकर अल बगदादी के नेतृत्व में खुद को इस्लामिक स्टेट के तौर पर पेश किया। हालांकि बाद में बगदादी और जोलानी में दुश्मनी हो गई, लेकिन एक वक्त दोनों बेहद करीबी दोस्त थे। साल 2011 में जब सीरिया में असद गवर्नमेंट ने विद्रोहियों पर हमले शुरू किए तो इस्लामिक स्टेट के नेता ने जोलानी को वहां अपने प्रतिनिधि के तौर पर भेजा। सीरियन सिविल वॉर शुरू होने के बाद जोलानी ने अलकायदा के सहयोगी के तौर पर जभत अल-नसरा की स्थापना की। बहुत जल्द ही इस संगठन ने बेहद खतरनाक पहचान बना ली।

जोनल स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में जीत कर लौटे गायत्री विद्यापीठ के नौनिहालों का हुआ स्वागत

हरिद्वार /नवप्रदेश। गायत्री विद्यापीठ के नौनिहालों ने जोनल स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और देवभूमि उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता 6 और 7 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित की गयी थी, जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और अन्य दस राज्यों के छात्र-छात्राओं ने ब्रास और पाइप बैंड में भाग लिया। गायत्री विद्यापीठ की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रों ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इस शानदार जीत के बाद, गायत्री विद्यापीठ के नौनिहालों का शांतिकुंज में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गायत्री विद्यापीठ के अभिभावकद्वय श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या और श्रद्धेया शैलदीदी सहित शांतिकुंज के कार्यकर्ताओं ने नौनिहालों पर पुष्प वर्षा की और उनका सम्मान किया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि यह सफलता न केवल गायत्री विद्यापीठ के लिए, वरन् उत्तराखंड राज्य के लिए भी गौरव की बात है। हमारे बच्चों ने जोनल स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। श्रद्धेया शैलदीदी ने बच्चों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें बधाई दी। साथ ही शांतिकुंज व्यवस्थापक श्री योगेन्द्र गिरी जी, गायत्री विद्यापीठ के प्रधानाचार्य श्री सीताराम सिन्हा सहित अनेक लोगों ने नौनिहालोंकी मेहनत व लगन की सराहना करते हुए जीत की बधाई दी।

सहकारी कर्मचारी संघ धान का उठाव नहीं होने पर खरीदी बंद करने के मूड में

जिले में अब तक 13 लाख क्विंटल धान की खरीदी, केवल ढाई सौ क्विंटल का ही उठाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरु हुए एक माह के करीब हो गया है और बिलासपुर जिले में अब तक करीब 14 लाख क्विंटल की खरीदी हो गई है, लेकिन उठाव केवल ढाई सौ क्विंटल का हो पाया है। ऐसे में धान शार्टेज होना स्वाभाविक है और उठाव नहीं होने के कारण उपार्जन केंद्रों के कर्मचारियों का हालत खराब है।

इसी तरह जीपीएम में 3 लाख क्विंटल, जांजगीर-चांपा में 6 लाख क्विंटल, कोरबा में 3 लाख क्विंटल, मुंगेली में 13 लाख क्विंटल और सक्ती में 2 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो गई है। इस तरह जिला सहकारी बैंक के माध्यम से 41 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो गई है और उठाव एक लाख क्विंटल का भी नहीं हो पाया है। इस तरह यही हालत रहा तो जीरो शार्टेज में खरीदी नामुमकिन है और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह खरीदी प्रभारी के उपर आना है। सहकारी समिति संघ ने धान उठाव समय पर नहीं होने के कारण खरीदी का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। हालांकि अब मिलर्स हड़ताल से वापस आ गए हैं और धान उठाव में तेजी आने की संभावना बताई जा रही है।

शासन का नया फरमान, उपार्जन केंद्रों में 72 सौ क्विंटल बफर लिमिट

जिले के उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट बढ़ाए जाने के कारण सहकारी समिति के कर्मचारी चिंता में डूब गए हैं क्योंकि बफर लिमिट प्रति उपार्जन केंद्रों में 72 सौ क्विंटल कर दिया गया है और उठाव नहीं होने के कारण समिति प्रबंधक परेशान है जबकि जिला सहकारी बैंक, सहकारी समिति और शासन के बीच एग्रीमेंट होता है तो 72 घंटे में धान उठाव के लिए समय तय किया जाता है लेकिन अभी तक उठाओ जीरो है जिसके कारण सहकारी समितियां में काफी चिंता का विषय है। बीते शनिवार को सहकारी समिति के कर्मचारियों के बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि एक सप्ताह में उठाव में तेजी नहीं आई तो सहकारी समितियां के द्वारा धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा। हालांकि मिलर्स का हड़ताल अब खत्म हो गया है और धान खरीदी में तेजी आने की संभावना है खाद्य विभाग में मिलर्स अब एग्रीमेंट करना शुरू कर दिए हैं जिससे सहकारी समितियां को काफी लाभ होगा और धान समय पर उठा लिया जाएगा। सहकारी समितियों में उपार्जन केंद्रों में पैर रखने की जगह नहीं है और सहकारी समिति के कर्मचारी के लिए किसी विपत्ती से कम नहीं है, क्योंकि पिछले साल जिन उपार्जन केंद्रों में शार्टेज हुआ था उनके प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

मिलर्स की हड़ताल खत्म

कस्टम मीलिंग सहित अन्य समस्याओं को लेकर शासन से हमारी बातचीत हो गई है और सभी प्रकार की हमारी समस्याओं का समाधान हो गया है। कस्टम मीलिंग की राशि भी 60 रुपए से 80 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस तरह हम हड़ताल खत्म कर दिए हैं। जल्दी ही कस्टम मिलिंग के लिए एग्रीमेंट कर धन उठाव करेंगे।

बलवीर सिंह जिला अध्यक्ष, मिलर्स संघ

उठाव में आएगी तेजी

जिले के उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट बढ़ाया गया है। वहीं मिलर्स के हड़ताल खत्म हो गए हैं। उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव में अब काफी तेजी आएगी और उपार्जन केंद्रों में शार्टेज की स्थिति निर्मित नहीं होगी। कस्टम मीलिंग के लिए मिलर्स अब धान उठाना कुछ दिनों में शुरू कर देंगे। हालांकि अभी उठाव रुकी हुई थी, क्योंकि मिलर्स हड़ताल में थे। अब लगातार उपार्जन केंद्रों से मस्टम मीलिंग के लिए धान का उठाव होगा।

अवनीश शरण
कलेक्टर बिलासपुर

■ न्यूज गैलरी

वैदिक पब्लिक के छात्र ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में दिखाई प्रतिभा

सीपत/नवप्रदेश। कोरबा में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो स्पर्धा सम्पन्न हुआ। जिसमे बिलासपुर जिले से 22 बच्चों ने भाग लेकर दमखम दिखाया। वैदिक पब्लिक स्कूल सीपत के छात्र सुमित पटेल ने स्पर्धा में ब्रोच मेडल हासिल कर संस्था को गौरवांवित किया है। बेहतर प्रदर्शन करने पर संस्था में सुमित को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संचालक द्वारिकेश पांडेय उपसंचलिका मीना पांडेय एवं कोच संध्या मरावी बबिता रात्रे टीम मैनेजर किशन कश्यप ने बधाई देकर बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बिलासपुर सचिव अंकुर मिश्रा ने बच्चे के भविष्य व खेल के लिए सुदृढ़ता दिखाई।

सोशल मीडिया पर अवैध पोर्नोग्राफी कन्टेन्ट अपलोड कर मोटी कमाई का झांसा देकर करते थे ठगी

50 लाख की साइबर ठगी के मामले में अंतर्राज्जीय गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर अवैध पोर्नोग्राफी कन्टेन्ट अपलोड करने व मनी लॉर्डिंग रैकेट में शामिल होने का झांसा देकर फर्जी ई.डी. व मुम्बई पुलिस क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जयदेव सिंह चंदेल निवासी अज्ञेय नगर बिलासपुर को विगत जून महिने में ई.डी. व मुम्बई पुलिस क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कॉल व वॉट्सअप कॉल के माध्यम से प्रार्थी को सोशल मीडिया पर अवैध पोर्नोग्राफी कन्टेन्ट अपलोड करने व मनी लॉर्डिंग रैकेट में शामिल होने का झांसा देकर प्रार्थी को गिरफ्तारी का भय दिखाकर से 26 जून से 15 जुलाई तक कुल 54,30,000 रू की ठगी कर धोखाधडी किये जाने कि लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर उपरोक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियो की जानकारी एकत्र करने सायबर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कर कर अवलोकन किया गया संदिग्ध बैंक खातो को चिन्हांकित कर बैंक स्टेटमेट, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन व विड्राल आदि की समीक्षा उपरांत बैंक पंजीकृत मोबाईल नम्बर, कॉलिंग आई.एम.ई.आई. नम्बर कॉलिंग नम्बर आदि की समीक्षा की गई आरोपी हरियाणा व राजस्थान के निवासी होने की जानकारी प्राप्त हुई। डॉ. संजीव शुक्ला पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज बिलासपुर एवं रजनेश सिंह पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा धोखाधड़ी व सायबर अपराधो की समीक्षा कर समस्त राजपत्रित अधिकारियो को विशेष निर्देश दिये गये थे। इस निर्देश के पालन में एक विशेष टीम निरीक्षक विजय चौधरी के नेतृत्व मे राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा ओर रवाना की गई।

बिलासपुर पुलिस की अपील

सायबर ठग आये दिन नये नये तरीको के माधयम से आम जनता से धोखाधडी करने का प्रयास करते है। कोई भी व्यक्ति अनजान नम्बर से अपने आप को पुलिस का अधिकारी, सी.बी.आई. अथवा ई.डी. का अधिकारी बताकर ठगी करने का प्रयास करते है ऐसे कॉल से सावधान रहे। बिलासपुर पुलिस इस प्रकार के ठगी को रोकने के लिये थानो में आम जनता द्वारा दर्ज कराये गये रिपोर्ट में मोबाईल नम्बर एवं व्यक्तिगत जानकारी हाईड किया जा रहा है। अनजान व्यक्ति जिसका नम्बर आपके मोबाईल पर सेव नही है उसके साथ कभी भी कोई निजी जानकारी, बैंकिग जानकारी, ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड फोटो आदि शेयर न करे।

हैवेंस पार्क होटल में मिली हरियाणा की शराब

■ **आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत हुई कार्रवाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में संचालित बारों का लगातार शिकायत मिलने पर बीते शुक्रवार राज्य स्तरीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने करीब आधा दर्जन बारों में छापामार कार्रवाई की। शहर में संचालित हैवेंस पार्क बार में अन्य प्रांत की करीब 5 लीटर विदेशी मदिरा जब्त की गई और आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

शहर के हैवेंस पार्क होटल में हरियाणा की शराब मिली है। जिसे टीम ने जप्त कर कार्रवाई की है। अन्य प्रांत की कुल 4.155 लीटर विदेशी मदिरा जप्त कर आरोपी अजय कुर्रे के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 36 का प्रकरण दर्ज किया गया। बार जांच के दौरान पाई गई अनियमितताओं के लिए लाइसेंसी धाराओं का प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक छबि पटेल सहित अन्य शामिल थे। शुक्रवार को राज्य स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा जिले के विभिन्न होटल बारों की जांच की गई जांच में होटल हैवंस पार्क में फार सेल इन हरियाणा लिखी हुई 9 बाटल मिली जिसमें विभिन्न मात्राओं में भरी विदेशी मदिरा की शीशीयां मिली। समस्त प्रकरण मौके पर उपस्थित क्षेत्र प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी छबि पटेल के द्वारा दर्ज किया गया। पूर्व में भी जिला आबकारी की टीम द्वारा 2 दिसंबर को होटल पेट्रिशियन में भी अन्य प्रांत की शराब के विरूद्ध कार्यवाही की गई थी।

बिलासपुर ब्लू की लगातार चौथी जीत, एलीट ग्रुप में बनाई जगह

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेज ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें 6 दिसंबर को बिलासपुर ब्लू ने अपना सेमीफाइनल मैच धमतरी के मैदान में सरगुजा के मध्य खेला ।जिसमें सरगुजा ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और बिलासपुर को पहले बल्लेबाज़ी करने दिया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 51 ओवर में 202 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बिलासपुर ब्लू की पारी शुरुवात में खराब रही और 71 पर 6 विकेट गिर गए उसके बाद आर्यन जायसवाल ने अयान उपाध्याय के साथ मिलकर सातवे विकेट के लिए शानदार 112 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की।आर्यन जायसवाल ने 111 गेंद में 14 चौकों और दो चाको की मदद से 93 रन बनाएं और उनके साथ आयान उपाध्याय ने 39 रन बनाकर योगदान दिया । इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज संभल कर नहीं खेल पाए। सरगुजा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अपना पहला मैच खेल रहे अविनाश कुमार ठाकुर ने 16 ओवर में 57 देकर 7 महत्वपूर्ण विकेट प्राप्त किया साथ में रोहित यादव ने भी तीन विकेट प्राप्त किया ।इसके पश्चात सरगुजा ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले और दूसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए 86.1 ओवर में 185 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई और बिलासपुर ब्लू को पहली पारी में 17 रनों की बढ़त मिल गई।सरगुजा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कप्तान अंश राज आर्यन ने 50 रन बनाकर आउट हो गए और रोहित यादव ने 52 रनों का योगदान दिया अनंत कुमार सिंह 24 रन और नैवेद्य गुप्ता ने 25 रनों का योगदान दिया।बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए उत्कृष्ट तिवारी और आर्यन जायसवाल ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए हैं। कासिम मोहम्मद और जयंत यादव को एक एक विकेट प्राप्त किए।इसके पश्चात बिलासपुर ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए दूसरे और तीसरे दिन खेलते हुए 89.4 ओवर 263 रन बनाकर आउट हो गई और सरगुजा के सामने 281 रनों का लक्ष्य रखा।

संविधान रक्षक अभियान आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। 9 दिसम्बर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संविधान रक्षक अभियान के अंतर्गत शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 द्वारा अम्बेडकर चौक में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि वर्तमान में जिस तरह से संविधान बदलने की बाते की जा रही है, प्रजातन्त्र और प्रजातांत्रिक मूल्यों खत्म करने जैसी है, संविधान देश के प्रत्येक नागरिको के अधिकारों को संरक्षण देती है बल्कि उन्हें सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार देती है, देश के संसाधनों पर हर नागरिक का उतना ही अधिकार है जितना एक उद्योगपति का है।

विधायक सुशांत ने पत्रकार कालोनी का किया अवलोकन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला पत्रकार कॉलोनी बिरकोना पहुंचे पत्रकारो से मिलकर कालोनी में होने वाली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। वहाँ उपस्थित पत्रकार गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष संजीव पांडे उपाध्यक्ष इरशाद अली ने मौके पर उन्हें पत्रकार कॉलोनी जाने वाली बदहाल सड़क, कॉलोनी के अंदर की ब्रांच सड़क, मुख्य रोड से कॉलोनी तक बिजली पोल,पेंडिंग बिजली बिल की समस्या बताई । पत्रकारों के बीच विधायक तत्काल अपने पीए को कॉलोनी की जरूरतों के अलावा भूमि से वंचित पत्रकारो की पीड़ा को समझते हुए पाँच एकड़ भूमि के आवंटन आ रही समस्याओं का निराकरण करने का आश्वशासन दिया।अब पत्रकारों की अपनी समस्या है जमीन कब तक मिल पाएगी ए तो नहीं कहा जा सकता लेकिन गृह निर्माण समिति प्रयासरत है क़ाबिले तारीफ है। प्रयास जारी है तो सफलता भी मिलेगी भूमिहीन पत्रकारो का अपने मकान का भी सपना साकार होगा इससे अच्छी बात क्या हो सकती है। इस दौरान पर समिति के अध्यक्ष संजीव पांडेय,उपाध्यक्ष इरशाद अली सुर उनके पत्रकार साथी मौजूद रहे।

बिलासपुर से बलौदा तक फोरलेन सड़क व सीपत में केंद्रीय विद्यालय की मांग

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से की मुलाकात

सीपत/नवप्रदेश। केंद्रीय शहरी विकास एव आवासन राज्य मंत्री तोखन साहू से दिल्ली मंत्रालय निर्माण भवन में सीपत क्षेत्र के बीजेपी नेताओ के एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर बिलासपुर सीपत मार्ग और सीपत बलौदा मुख्य मार्ग को उन्नत करके फोरलेन करने का मांग किया है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे दिलेंद्र कौशिल ने बताया कि तोखान साहू हमारे क्षेत्र के सांसद भी है इसलिए उनके माध्यम से हमने बिलासपुर से बलौदा तक के 40 किमी सड़क का उन्नयन करके फोरलेन करने का मांग की है। श्री कौशिल ने बताया कि लगातार आसपास बड़े उद्योगों के चलते सड़क पर गड़ियों का दबाव बहुत अधिक है साथ ही क्षेत्र में कोरबा जिले की विभिन्न खदानों से कोयले जा परिवहन भी इसी मार्ग से होता है जिसकी वजह से सड़क पर ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाता है किंतु कई सालों से सड़क का सिर्फ मरम्मत हुआ। है जबकि उक्त सड़क को फोरलेन करने की आवश्यकता है । इस सड़क पर राखड़ वाहन , भारी वाहन के साथ साथ कोरबा जिले की विभिन्न खदानों से कोयला लेकर भी भारी वाहन परिवहन का कार्य करते है इस वजह से सड़क काफी जर्जर हो चुका है और सड़क की चौड़ाई कम होने की वजह से आए दिन दुर्घटना होती रहती है जिससे लोगों में काफी नाराज़गी और आक्रोश रहता है अगर इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाती है तो दुर्घटना में कमी आएगी। इसके अलावा सीपत में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग को भी प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुखता से उठाया। जिस पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने क्षेत्र के सांसद और मंत्री होने के नाते पहल करने का आश्वासन दिया।

सड़क की गलत डिजाइन जरूरी बदलाव के निर्देश

■ **उसलापुर ब्रिज का एसपी ने किया निरीक्षण**

बिलासपुर/नवप्रदेश। उसलापुर ओवरब्रिज के पास शहर की ओर गलत ड्राइंग और डिजाइन के कारण हादसे की आशंका के मद्देनजर शनिवार की शाम एसपी रजनेश सिंह मौके पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ यातायात डीएसपी संजय साहू और निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। एसपी सिंह ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के बाद वहां पर गार्डन और अन्य निर्माण कार्य कराए गए हैं। इसके कारण वहां पर कुछ गलतियां थी। इसे मौके पर पहुंचकर देखा गया।

सुविधा

गरीब बच्चे भी अपने सपने पूरे कर सकेंगे

डॉ. अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र में गरीब प्रतिभावान बच्चों के लिए नि:शुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र जो गरीब प्रतिभावान बच्चों के लिये निःशुल्क कोचिंग संस्था है,अब इस संस्था में उन सभी निर्धन प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क लाइब्रेरी सुविधा मिलेगी। जहाँ वातानुकूलित कक्ष तथा शांत वातावरण में बच्चे अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिये घंटों बैठ कर अध्ययन कर सकेंगे। ज्ञातव्य हो कि अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा अपने तनखे से कुछ राशि बचाकर उन निर्धन प्रतिभावान बच्चों के लिये निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था दी है एवं उन बच्चों के लिये निःशुल्क लायब्रेरी प्रारम्भ कर शिक्षा दान महा अभियान को आत्मसात किया है, जो समाज शिक्षित होगा,वही समाज विकसित होगा। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं हो सकता। इसके लिये जागरूक अधिकारी कर्मचारी अमूर्त सहयोग करके समाज का ऋण उतारने का उत्कृष्ट प्रयास कर रहे है।

निःशुल्क लायब्रेरी उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महादेव कांवरे (आईएएस) संभागीय कमिश्नर बिलासपुर और रायपुर के हाथों हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ लक्ष्मण भारती प्रांताध्यक्ष अजाक्स, शिवकुमार कंवर उप जिलाधीश बिलासपुर , प्रांतीय संगठन मन्त्री जितेंद्र पाटले, प्रांतीय संचिव डॉ अमित मिरी, संभागीय अध्यक्ष डॉ मोहन शेन्डे, कृष्ण कुमार रायकवार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष केदार अनंत, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रांत अध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र धृतलहरे एवम सभी दान दाता अधिकारी कर्मचारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी दान दाताओं को कमिश्नर श्री कावरे के हाथों सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

आने वाली पीढ़ी को शिक्षा दान कर उबार सकते हैं

मुख्य अतिथि के आसंदी से कमिश्नर श्री महादेव कावरे ने अपने उद्बोधन मे कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर द्वारा दिये गए संवैधानिक अधिकारों के ऋण को सिर्फ और सिर्फ अपने आने वाले पीढ़ी को शिक्षा दान करके उबार सकते है। शिक्षा ही सब समस्याओं का समाधान है और इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। श्री कावरे ने अम्बेडकर ज्ञान केन्द्र के लिये जल्द ही ई लायब्रेरी और इस केन्द्र भवन निर्माण के लिये पृथक से नगर निगम क्षेत्र में भूमि अलॉट करने में सहयोग करने की बात कही।

सुविचार

इंसान को अपने कर्मों का फल हर हाल में भुगतना ही पड़ता है क्योंकि दुख बेचे नहीं जा सकते और सुख खरीदे नहीं जा सकते। - अज्ञात

कश्मीर में रोहिंग्याओं के खिलाफ अभियान

वैसे तो भारत में घुसपैठ करने वाले रोहिंग्याओं ने बांग्ला से लेकर नई दिल्ली तक कई राज्यों में डेरा डाल रहा है। किन्तु सबसे ज्यादा रोहिंग्या जम्मू कश्मीर में बसे हुए है। ये रोहिंग्या ही जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के सबसे बड़े मददगार है। जम्मू कश्मीर में आतंकी घटना को अंजाम देने के बाद आतंकवादी इन रोहिंग्याओं की बस्ती में ही पनाह लेते है और इसकी एवज में उन्हें मोटी रकम देते है। ये रोहिंग्या आतंकवादियों के लिए भेदिये का भी काम करते है और उन्हें सेना और सुरक्षाबलों की गतिविधियों से अवगत कराते है। इन रोहिंग्याओं को जम्मू कश्मीर में पूर्ववर्तीय महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला की सरकारों ने वहां बसाया था। इनकी बस्तियों में पानी बिजली सड़क जैसी मूलभूत सुविधायें भी उपलब्ध कराई गई थी। आज की तारीख में ये घुसपैठिये जम्मू कश्मीर में रच बस गये है। यहां तक अब इनकी पहचान भी मुश्किल हो रही है। जम्मू कश्मीर में 370 के खात्मे के बाद से आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबलों ने जो ऑपरेशन ऑल आउट चला रखा है उससे आतंकवादियों की कमर जरूर टूटी है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में जम्मू कश्मीर में आतंकवादी छिपे हुए है। जो रह रह कर छोटी बड़ी आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते है। घटना के बाद वे इन रोहिंग्याओं की बस्ती में ही छिप जाते है। इसी स्थान पर अपनी सपांदकीय टिप्पणी में हमने कई बार इस बात का उल्लेख किया है कि जम्मू कश्मीर में जिस तरह आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है उसी तरह का अभियान उनके मददगारों के खिलाफ भी चलाया जाना चाहिए। जम्मू कश्मीर सरकार और केन्द्र सरकार ने देर से ही सही लेकिन दुरूस्त कदम उठाया है और अब आतंकवादियों के मद्दगार रोहिंग्याओं तथा अलगाववादियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। खासतौर पर रोहिंग्याओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। कई रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया गया है। और उनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। इससे आतंकवादियों का सुराग मिलने की संभावना जताई जा रही है। यदि यह कदम पहले ही उठा लिया गया होता तो वहां बचे खुचे आतंकवादियों का अब तक सफाया हो गया होता। फिलहाल जम्मू जोन में रोहिंग्याओं के खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान छेड़ा गया है क्योंकि आतकवादियों ने अब कश्मीर घाटी की जगह जम्मू में आतंकी घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया। जहां हाल ही में हुए आतंकी हमलो के कारण के 18 जवान शहीद हो गये थे और 40 ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यही वजह है कि जम्मू जोन में ही आतंकवादियों के मद्दगारों को निशाना बनाया जा रहा है। आगे चलकर कश्मीर घाटी में भी रोहिंग्याओं और अलगावादी ताकतों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवान इसी तरह की कार्यवाही करेंगे। जब तक इन आस्तीन के सांपों का फन नहीं कुचला जायेगा तब तक जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित नहीं हो पायेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि आतंकवादियों के इन मद्दगारों के खिलाफ कार्यवाही होने से वहां सक्रिय आतंकवादी संगठनों को नेस्तनाबूत करना आसान होगा।

कैश कांड को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच क्लेश

ससंद के शीतकालीन सत्र में वैसे ही हंगामों के कारण काम कर पा रहा है उपर से अब राज्यसभा में कैश कांड को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच क्लेश शुरू हो गया है। राज्यसभा सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास पांच पांच सौ नोटों की एक गड्डी मिलने की सनसनीखेज घटना से नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में मिली नोटों की गड्डी के मामले की जांच कराने के आदेश दे दिये है। गौरतलब है कि अभिषेक मनु सिंघवी ने इन नोटों की गड्डी को लेकर अनभिज्ञयता जाहिर की है उनका कहना है कि वे संसद में कभी भी पांच सौ रूपये से ज्यादा की रकम लेकर नहीं आते हैं। घटना के दिन तो वे राज्यसभा में मुश्किल से पंद्रह मिनट ही बैठे थे और फिर लंच के लिए संसद की कैंटीन में चले गये थे। और वही से वे सुप्रीम कोर्ट के लिए निकल गये थे। अपनी सीट के पास पचास हजार रूपये कैश मिलने की घटना से वे खुद हैरान है कि यह नोटों की गड्डी वहां कैसे आई। उल्लेखनीय है कि यह संसद भवन की सुरक्षा से भी जुड़ा मामला है। जिस व्यक्ति ने वहां नोटों की गड्डी रखी है वह वहां पर कोई घातक वस्तु भी रख सकता है। संसद भवन में कैश या व्यक्तिगत समान लाने के लिए सख्त दिशा निर्देश है। यद्यपि सांसदों के लिए कैश लाने पर पूर्ण रूप से कोई प्रतिबंध नहीं है लेकिन संसद भवन के भीतर बड़ी मात्रा में कैश दिखाने या उसे इस्तेमाल करने पर कड़ाईपूर्वक रोक लगा दी गई है। 2008 के नोट के बदले वोट मामले के बाद से यह नियम कड़ाईपूर्वक लागू किया गया है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि राज्यसभा में कार्यवाही के दौरान पचास हजार रूपये की गड्डी वहां किसने लाई और उसे सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास किसने रखा। निश्चित रूप से यह संसद की सुरक्षा से जुड़ा अतिसंवेदनशील मामला है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जा रही है। जांच के बाद ही इस रहस्य से पर्दा हटेगा। इस कैश कांड के बाद अब संसद की सुरक्षा को मद्देनजर रखकर और ज्यादा एहतियात बरतने की आवश्यकता है और इस बारे में संसद ने जो दिशा निर्देश जारी किये हुए है। उसका और कड़ाईपूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न घट पाये।

आंखों से हटाई गई पट्टी की नंगी आंखों के न्याय के तराजू पर तौलना जरूरी

राजीव खंडेलवाल

"ईवीएम पर आशंका" हर चुनाव परिणाम के बाद प्रायः 'बढ़' जाती है- बेशक ईवीएम मशीन पर उंगली संजीदा रूप से तभी उठाई जाती है, जब व्यक्ति या पार्टी चुनाव हार जाती है, जैसा कि माननीय उच्चतम न्यायालय की उक्त दो सदस्यीय पीठ ने उक्त आदेश पारित करते समय कहा भी है। सवैधानिक अधिकारों के लिए लड़ने वाली एडीआर जैसी कई संस्थाएं, चुनाव विश्लेषकों व व्यक्तियों द्वारा लोकसभा चुनाव परिणामों में विभिन्न अनियमितताएं, कमियां, धांधलियां सामने लाने के बावजूद इंडिया गठबंधन खासकर कांग्रेस ने कुछ ट्वीट्स व बयान जारी कर मात्र बयानवीर होकर जनता के बीच जाकर वस्तुतः इसे मुद्दा नहीं बनाया। शायद इसलिए कि भाजपा को पूर्ण बहुमत पाने से रोक कर गठबंधन ने इसे अपनी सफलता व जीत मान ली। परिणाम इसका यह हुआ कि हरियाणा में कांग्रेस जब ओपिनियन पोल, एग्जिट पोल और मौजूद माहौल के विपरीत बुरी तरह से हारी, तब कांग्रेस ने एकतरफतो चुनाव परिणाम को ही अस्वीकार कर दिया। परंतु दूसरी ओर वह हुई इन तथाकथित गड़बड़ियों को न तो ठीक तरीके से सुप्रीम कोर्ट में ले गई और न ही जनता की अदालत में गई। सीधी सी बात है कि "अगर खजूर खाने हैं, तो पेड़ पर चढ़ना ही पड़ेगा"।

मार्करवाड़ी बूथ के ग्रामवासियों ने "सहयोग आंदोलन" कर न्यायालय को रास्ता दिखाया

महत्वपूर्ण संविधान दिवस 26 नवंबर के दिन उच्चतम न्यायालय ने ''ईवीएम मशीन के बदले मत पत्रों'' (बैलट पेपर) द्वारा भौतिक मतदान की मांग के लिए डॉ के.ए. पॉल द्वारा दायर जनहित याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार न करते हुए प्रथम दृष्यट्या ही खारिज करते हुए कहा की ''जब चंद्रबाबू नायडू या जगन मोहन रेड्डी हारते है, तो वे कहते है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है। जीतने पर कुछ भी नहीं कहते। इसे कैसे देखा जाए''? याचिकाकर्ता गैर राजनैतिक, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पॉल अंतरराष्ट्रीय संस्था ग्लोबल पीस के अध्यक्ष हैं, जिन्होंने लगभग 320000 अनाथों और 40 लाख विधवाओं को बचाया है। डॉ. पॉल ने कई चुनाव सुधारों के साथ बैलेट मतपत्रों के उपयोग के द्वारा चुनाव कराये जाने को लेकर उक्त याचिका दायर की थी। माननीय न्यायालय के उक्त अवांछनीय तर्क की आगे विवेचना की जा रही हैं।

कानून से परे कथनः माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त कथन, याचिका के विषय वस्तु, मुद्दे से अप्रासंगिक होकर न्याय के प्रतिपादित सिद्धांतों के विपरीत हैं। मानो उच्चतम न्यायालय यह कहना चाहता हो कि ''खटमलों के कारण खटिया क्यों मार खाये''। जबकि माननीय न्यायालय का यह कर्तव्य है कि उनके समक्ष जो भी विषय आए, उन पर गुण दोषों के आधार पर अपना विवेकपूर्ण निर्णय दें। सर्वप्रथम न्यायालय के उक्त कथन को ''अंधी आंखों से नहीं'', बल्कि आंखों से हटाई गई पट्टी की नंगी आंखों के न्याय के तराजू पर तौलना जरूरी है। आज के युग में मानवीय प्रवृत्ति हो गई है कि वह ''अच्छा-अच्छा खाएं और कड़वा कड़वा थूकें''। अब राष्ट्रपिता गांधी का युग नहीं रहा, जिन्होंने ''साध्य'' के साथ ''साधन'' के भी पवित्र होने पर जोर दिया था। माननीय न्यायालय के उक्त कथन को निम्न उदाहरण से समझने का प्रयास कीजिए। भ्रष्टाचार हमारे खोखले होते तंत्र, दिनचर्या का अमिट व अविभाज्य अंग बन चुका है। जब तक नागरिक उस भ्रष्ट तंत्र से फायदा उठाता है, वह उसके खिलाफ सामान्यतया कुछ नहीं बोलता है। परंतु जब वह भ्रष्ट तंत्र की ज्यादतियों से परेशान हो जाता है, तभी वह उसके खिलाफआगे आकर 'भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम' का सहारा लेता है। तब कानून उसे इस आधार पर न्याय देने से इनकार नहीं कर देता है कि इसके पूर्व आपने इसी भ्रष्ट तंत्र (भ्रष्टाचार) का सहारा लेकर लाभ लिया था, तब आप न्यायालय के पास भ्रष्टाचार के खिलाफ ''शिष्टाचार पूर्वक'' क्यों नहीं आए? उच्चतम न्यायालय के उक्त तर्क (जिनका सहारा आमतौर पर विजयी राजनीतिक पार्टी, हारी हुई पार्टियों के विरुद्ध ले रही हैं), का सबसे सटीक ऐतिहासिक जवाब तो अभी महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मार्करवाड़ी गांव के लोगों ने ही दे दिया है।

सोलापुर की 'चिंगारी' कहीं 'शोला' न बन जाए? : सोलापुर जिले की माळशिरस विधानसभा सीट से एमवीए (अघाड़ी) समर्थक राकांपा (शरद पवार) उम्मीदवार उत्तमराव जानकर ने भाजपा के राम सातपुते को 13147 वोटों से हराया। परंतु उक्त विधानसभा का एक पोलिंग बूथ मार्करवाड़ी गांव से भाजपा को महाअघाडी से 160 वोट (1003-843) ज्यादा मिले। उक्त अनापेक्षित परिणाम के कारण उत्पन्न गड़बड़ी की आशंका होने से ग्रामवासियों ने चुनाव आयोग या न्यायालय में न जाकर फिर से स्वयं के खर्चे पर बैलट पेपर के माध्यम से मॉक पोलिंग (डमी वोटिंग) करने का ऐतिहासिक साहसिक निर्णय लिया, जिसकी पूरी तैयारी शासन को सूचना सहित कर दी गई। परंतु प्रशासन ने उक्त कार्रवाई को ''गैरकानूनी'' बताकर, कर्फ्यू लगाकर गांव वालों की मॉक पोलिंग की प्रथम अनूठी कार्रवाई को रोक दिया। गांव वालों का गांधीजी के ''असहयोग आंदोलन'' के समान शांतिपूर्ण ''सहयोग आंदोलन'' (एक तरह से राईट टू रिकाल के समानान्तर) का यह कदम, हारने की स्थिति में ईवीएम पर ठीकरा फोड़ कर चिल्लाने वाली समस्त राजनीतिक पार्टियों को न केवल आइना दिखाता है, बल्कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निष्पक्ष चुनाव होने के लिए यह प्रयास भविष्य में एक ''मील का पत्थर'' साबित हो जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस घटना ने राजनैतिक पार्टियों को बौना करते हुए इस बात को सिद्ध कर दिया कि ऐसे जागरूक नागरिकों के रहते देश में लोकतंत्र की जड़े निश्चित रूप से समय दर समय और मजबूत होती जाएंगी ।

चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी होना ही नहीं, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिएः वास्तव में देश का लोकतंत्र स्वच्छ, निष्पक्ष व सस्ती चुनावी प्रक्रिया पर टिका हुआ है। निष्पक्ष चुनाव न केवल होने चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। ठीक उसी प्रकार जैसा कि न्याय न केवल मिलना चाहिए, बल्कि मिलते हुए दिखना भी चाहिए। आशा के विपरीत अनापेक्षित परिणाम आने पर ईवीएम पर शक की उंगली उठाई जाती है, तो उसे दूर करने का कार्य निर्वाचन आयोग सहित ''न्यायालय'' का है। जहां तक निर्वाचन आयोग का सवाल है, उसे तो ''चक्की में से साबुत निकल आने'' में महारत हासिल है। लेकिन जीते गए उम्मीदवार की तरफ से उठाए गए मामले की गंभीरता को देखते हुए मीडिया में आई रिपोर्ट के आधार पर क्या उच्चतम न्यायालय की उक्त बेंच को स्वतः संज्ञान लेते हुए उक्त मामले की फिर से सुनवाई नहीं करनी चाहिए?

ईवीएम के संबंध में न्यायालय का रूप अभी तक एकसाः ''ईवीएम'' के दुरुपयोग और उसके द्वारा तथाकथित धांधली किए जाने के कारण मशीन के बदले भौतिक मत पत्रों के द्वारा चुनाव किए जाने के संबंध में खारिज यह पहली याचिका नहीं है, बल्कि उच्चतम न्यायालय इसके पहले भी इस संबंध में दायर अनेकोंनेक याचिकाएं हर बार खारिज कर चुका है। बावजूद इस खारिज आदेश से आम जनता के मन में मशीन के प्रति व्यक्त की गई आशंकाओं के बादल छटे नहीं हैं, बल्कि जब जब कोई चुनाव परिणाम आते हैं, तब फिर पुनः मशीन के बदले मत पत्रों से चुनाव कराने की चर्चा तेज हो जाती है। फिर कोई न कोई सिर्फ व्यक्ति, व्यक्ति समूह या संस्था(एं) उच्चतम न्यायालय इन्हीं मुद्दों को लेकर पहुंच जाती रहीं और असफल होती रहीं हैं। प्रस्तुत याचिकाकर्ता से न्यायालय का यह प्रश्न कि ''पार्टियों को दिक्कत नहीं है, आपको क्यों है? ऐसे आइडिया कहां से लाते है? याचिका कर्ता जो एक नागरिक होकर एक 'वोटर' है, उसका वोट सही गिना जा रहा है, इस आशंका को लेकर क्या उसे चुनौती देने का अधिकार नहीं है? मतलब क्या निर्दलीय मतदाता का अधिकार समाप्त हो गया है? यदि पार्टियां चुनौती नहीं दे रही है? न्यायालय के उक्त कथन के विपरीत कई राजनैतिक पार्टियों समय-समय पर ईवीएम से चुनाव न कराने की बात कहती रही है। यद्यपि उन्होंने इस मुद्दे को बहुत जोर-शोर से उठाया नहीं।

(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व बैतूल सुधार न्यास अध्यक्ष हैं)

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2008 में आज ही के दिन इसरो ने यूरोप के प्रसिद्ध उपग्रह प्रणाली विशेषज्ञ ईएडीएम एस्ट्रीयस के लिए सेटेलाइट का निर्माण किया था। 2001 में 9 दिसंबर के दिन ही यूनाइटेड नेशनलपार्टी के नेता रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। 1998 में आज ही के दिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्लेयर शेन वार्न और मार्क वॉ ने भारतीय सट्टेबाज़ से 1994 में श्रीलंका दौरे पर रिश्वत लेने की बात स्वीकारी थी। 1992 में 9 दिसंबर के दिन ही प्रिंस चार्ल्स और प्रिंसेस डायना ने अलग होने की औपचारिक रूप से घोषणा की थी। 1971 में आज ही के दिन लिबरेशन वॉर के दौरान भारतीय सेना ने हवाई अभियान मेघना हेली ब्रिज छेड़ा था। 1946 में 9 दिसंबर के दिन ही संविधान सभा की पहली बैठक नई दिल्ली के कांस्टीट्यूनल हॉल में हुई थी। 1941 में आज ही के दिन चीन ने जापान, जर्मनी और इटली के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की थी। 1931 में 9 दिसंबर के दिन ही जापानी सेना ने चीन के जेहोलप्रांत पर हमला किया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो महिला अपने

जो "महिला" अपने "श्रृंगार" के पैसों से "किताबें" खरीदती है... और "पढ़ती" है, वह समाज में "बहादुर" "विद्वान, श्रेष्ठ संस्कार वान, प्रतिभा शाली और दुनिया को बेहतर बनाने वाले स्त्री पुरुषों को जन्म देती है.!! क्योंकि महिला मानवजाति की जन्मदात्री है। - **गोल्डी गोस्वामी**

तुम चांद कहो मैं

तुम चांद कहो मै दिला दूं तुम्हे मै रोशन सारा जहां कर दूं तुम चांद कहो मै दिला दूं तुम्हे मै तारों से तेरी चूनर जड़ दूं मै सजा दूं तुझे रंगों से सभी मै खुशबू तेरी झोली में भर दूं तू कह तो सही क्या ख्वाब तेरे मै ख्वाबों को तेरे सच जो न कर दूं तू कह तो दे तू बता तो सही है जिद क्या तेरी मै सारी पूरी कर दूं तू चांद कहे मै खुद बनकर मांग में तेरी खुद को भर दूं

- **प्रिया मिश्र वेंणी**

ख़ास पाती | बहुत समय पहले की बात है!

बहुत समय पहले की बात है! भावनाओं और कल्पना की कविता रचने वाला एक कवि था- कवि तो था पर; कविता भावुक थी। एक दिन काली स्लेट पर, नीले रंग का धब्बा लगा दिया गया, वह सह न सका और मर गया...! ऐसे ही न जाने कितने, अविरल कवि होते हैं जो आसमान में उड़ने के लिए, कागज़ की हवाई जहाज़ बनाते हैं और फिर ऐसे ही उसको भी तोड़ - मरोड़ के फेंक दिया जाता है - सपने मेरे आसमान जितने और विमान मेरा कागज़ का...

- **मधुबाला मौर्या**

काँटों पे नंगे पाँव चलाया गया मुझे

काँटों पे नंगे पाँव चलाया गया मुझे यूँ जीने का सलीक़ा सिखाया गया मुझे महफ़िल ..में दोस्तों ने उड़ाकर मेरा मज़ाक वो हैं रसूख़दार बताया गया मुझे गुम हो न जाऊँ मैं कहीं झूठों के बीच में झूठों से हर समय ही बचाया गया मुझे पढ़ने का शौक मुझको तो बचपन से खूब था कागज़, कलम कभी न दिलाया गया मुझे 'संजय' तो हर किसी का दुलारा है दोस्तो महफ़िल में इस लिए ही बुलाया गया मुझे - **संजय कुमार गिरि**

क्रूर जगत के झूठे जीवन में पागलो

क्रूर जगत के झूठे जीवन में पागलो सा कब तक ढूँढूं अन्तर की छाया में बैठा बेबस तुमको कैसे भूलूँ है कौन विवशता जीवन की जो भूल न तुमको मैं पाता पीडा के नयनो में "नीर" बन नित पलकों में "रूप" उसका सजाता आह ! नहीं फिर कोई चाह नहीं मन में अब कोई दाह नहीं फिर बोलो .... अन्तर की छाया में बैठा बेबस तुमको कैसे भूलूँ क्रूर जगत के झूठे जीवन में पागलो सा कब तक ढूँढूं.. - **नीरज वर्मा नीर**

अब आग के लिबास को ज़्यादा

अब आग के लिबास को ज़्यादा न दाबिए सुलगी हुई कपास को ज़्यादा न दाबिए ऐसा न हो कि उँगलियाँ घायल पड़ी मिलें चटके हुए गिलास को ज़्यादा न दाबिए चुभकर कहीं बना ही न दे घाव पाँव में पैरों तले की घास को ज़्यादा न दाबिए मुमकिन है खून आपके दामन पे जा लगे ज़ख्मों के आसपास यों ज़्यादा न दाबिए पीने लगे न खून भी आँसू के साथ-साथ यों आदमी की प्यास को ज़्यादा न दाबिए कुंवर बेचैन - **सपना चंद्रा**

सबसे न मिलिए गले लग-लग के

सबसे न मिलिए गले लग-लग के, ये ज़माना कुछ और है। रिश्ते निभते थे दिल से पहले, अब मतलबों का दौर है। मुस्कुराहटें थीं तब सच्ची, अब चेहरों पे एक चौर है। कभी खुशबू थी अपनापन की, अब तो अदाओं का शोर है। सबसे न मिलिए गले लग-लग के, वो ज़माना कुछ और था,ये ज़माना कुछ और है। - **रोकशमिश्रा**

लेखनी मेरे गीत की, तुम सदा पहचान

लेखनी मेरे गीत की, तुम सदा पहचान बनना, वेदना का गान बनना अधरों की मुस्कान बनना। तुम मिलन के गीत गाना, या विरह की वेदनाएं उर में तुम प्रीत जगा कर, प्रेम की बनो भावनाएं मन की पढ़ संवेदनाएं, तुम सदा वरदान बनना। वेदना का गान बनना,अधरो की मुस्कान बनना। प्रेमिका के कोरे नयन, गीत में ढले जायेंगे। रतजगे ये रात के, प्रणय निवेदन गाएंगे। सदा सूर्य की रश्मियां ,भोर का जयगान बनना। वेदना का गान बनना,अधरो की मुस्कान बनना। तुममें सफलता साधना का सदा ही सार होगा चिर जगत की वेदना का,तुम पर सदा भार होगा पीड़ा की पर्याय हो तुम, तुम सदा अवधान बनना। वेदना का गान बनना, अधरो की मुस्कान बनना। - **आकांक्षा द्विवेदी**

प्रेरक प्रसंग - अपनी बुराई सुनकर परेशान नहीं होना चाहिए, अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें

एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा?

पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

QUIZ TIME

1) 30 अगस्त 2023 को किस राज्य सरकार द्वारा गृह लक्ष्मी योजना शुरू किया गया?

2) किस राज्य और किससे ब्लूम बाजार संबंधित है?

3) बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित आनंद मठ का संबंध किस विद्रोह से है?

4) शुद्धि आंदोलन किसने चलाया था?

5) किसे 3 इडियट्स में लाइब्रेरियन दुबे के यादगार किरदार के लिए याद किया जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कर्नाटक (2) नागालैंड और [illegible] (3) संन्यासी विद्रोह (4) दयानंद सरस्वती (5) अखिल मिश्रा

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:59, सूर्यास्तः 05:19
चन्द्रोदयः 06:58, चन्द्रास्तः 17:06
अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः हेमन्त, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी , नक्षत्र : उत्तर भाद्रपद , योग :धृति, प्रथम करण : नाग (11:50 तक), द्वितीय करण : किंस्तुघ्न (24:20 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:45 से 12:27, अमृत काल 30:27 से 08:09, विजय मुहूर्त 13:49 से 14:31, गोधूलि मुहूर्त 17:14 से 17:41, सायाह्न सन्ध्या 17:16 से 18:38, निशिता मुहूर्त 23:39 से 24:34, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:06 से 13:24, दुर्मुहूर्त 15:54 से 16:35, होमाहुति सूर्य, दिशा शूल पश्चिम, नक्षत्र शूल पूर्व (14:24 से), अग्निवास पृथ्वी, चन्द्र वास उत्तर शिववास गौरी के साथ (11:50 से श्मशान में),

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भी आपको स्वास्थ्य एवं अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

वृषः आज का दिन मिला-जुला फल देगा कभी प्रसन्न तो कभी उत्साहहीनता बनेगी। व्यवसायी वर्ग आज प्रातः काल से ही धन की उगाही को लेकर चिंतित रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन आप अपने असंतोषी आचरण से खराब करेंगे। परिस्थितियां अधिकांश समय आपके निर्णय के विपरीत रहेंगी।

कर्कः आज का दिन संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा जो लोग आपसे नजदीकी बनाये हुए है वो आपकी बेतुकी बातो से दूरी बना सकते है।

सिंहः आज के दिन आपका उद्दंड व्यवहार हस्ते हुए इंसान को रुला देगा। स्वभाव में कठोरता एवं रूखापन आपसी संबंधों को तो खराब करेगा ही

कन्याः आज के दिन आपको परिश्रम का फल ना मिलने से गुस्सा आएगा। दिन का प्रथम हिस्सा तो शांति से व्यतीत करेंगे।

तुलाः आज के दिन अधिकांश समय लापरवाही करेंगे। प्रातः काल यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अकस्मात अन्य कार्य आने से निरस्त हो सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन व्यर्थ के कार्यो में समय नष्ट होगा जिससे अपने मूल उद्देश्य से भटक जाएंगे।

धनु : आज भी परिस्थितिया संध्या तक विषम रहेंगी इसके बाद ही थोड़ी राहत अनुभव करेंगे।

मकरः आज के दिन शुभ प्रसंग बनने से उत्साहित रहेंगे लेकिन आज अपने काम से काम रखें कही सुनी बातो पर ध्यान दिया तो किसी ना किसी से गरमा गरमी अवश्य होगी।

कुंभः आज का दिन उठा पटक वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे उसे छोड़ कोई अन्य काम लाभ दिलाएगा।

मीनः आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाओं का उदय होगा। दैनिक कार्यो से समय निकाल पूजा पाठ धार्मिक यात्रा के लिये उपस्थित रहेंगे। परोपकार की भावना भी रहेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्‌भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 259 का हल

दि	क	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

जमीन पर इरादों की हरियाली

पीपला वेलफेयर फाउंडेशन

धरती को बचाने संघर्ष

पीड़ा की कोख से उपजा इतिहास

बकौल- दूजेराम धींवर पीपला फाउंडेशन आरंग अंचल में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। PIPLA (प्रोग्रेसिव इंडियन प्यूपल लेजिस्लेटिव एसोसिएशन) का फांउडेशन कोविड-19 के समय डाला गया। कोरोना काल में मानवता शर्मसार होने लगी। मौतों का आंकड़ा तेजी से बढ़ने लगा। तब तीन सहृदयी रायपुर के समाज सेवी जयेश तिवारी (अब स्वर्गीय), मैं आरंग से दूजेराम धीवर, ग्राम संकरी निवासी हरीश साहू ने संयुक्त रूप से विचार किया। हम तीनों ने मिलकर पीपला ग्रुप का गठन किया। शुरुआत में सोशल नेटवर्किंग व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर समाजसेवियों को जोड़ा। देखते ही देखते समाजसेवी जुड़ते गए और कारवां बनता गया। इसी बीच सक्रिय समाजसेवी शिक्षक महेन्द्र पटेल जुड़े। नित्य नवाचार और सभी को निरंतर प्रेरित करने का उन्होंने बीड़ा उठाया। इससे संगठन के सेवा कार्य में तेजी आयी। यह सर्वविदित है कि पीपल का पेड़ 24 घंटे प्राण वायु ऑक्सीजन छोड़ता है। भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता में कहा है कि वृक्षों में मैं पीपल हूं। इसलिए पीपल को साक्षी मानकर प्रकृति और मानव जीवन को बचाने के ध्येय से पीपल के पत्ते को संगठन का प्रतीक चिन्ह बनाया। समाज के हित में संगठन का संघर्ष जारी है। समय के अंत तक मानवता का मशाल जलता रहेगा, चाहे हम रहें या न रहें।

दूजेराम धीवर
अध्यक्ष

200 से अधिक रचनात्मक कार्यों को अंजाम दे चुकी संस्था, दुनिया के लिए बनी मिसाल

शशांक खरे

कहा जाता है, जहां चाह वहां राह... और जब मजबूत इरादों के साथ कदम बढ़ाया जाए, तो हर कदम एक इतिहास लिखता है। इस बात को चरितार्थ कर रहा है, पीपला वेलफेयर फाउंडेशन। आरंग क्षेत्र में पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के बढ़ते कदम ने समाज में एक नजीर पेश की है। पीपला फाउंडेशन स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नगर के पुरातात्विक धरोहर का संकलन व संरक्षण, शिक्षा, संस्कृति संरक्षण, श्रमदान और गोसेवा समेत 200 तरह के काम कर रहा है। पीपला फाउंडेशन के कदम आज भी बढ़ रहे हैं समाज सेवा के क्षेत्र में बिना रुके, बिना थके।

वर्ष 2020-21 में कोरोना काल में प्रकृति प्रेमी व व्यवसायी और वर्तमान अध्यक्ष दूजेराम धीवर ने समाजसेवा की दृष्टि से एक वाट्सग्रुप बनाया। इस ग्रुप में समान विचारधारा वाले लोगों को जोड़ा गया। कोरोना काल में इनकी संस्था ने समाजसेवा की दृष्टि से हाथ बढ़ाए। इसी दौरान पीपला फाउंडेशन के महत्वपूर्ण सदस्य और उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार पटेल ग्रुप से जुड़े. इनके भी मन में विचार आया कि, क्यों न इस संस्था के कार्यों को विस्तार दिया जाए।बस, इसी विचार ने इस संस्था को वट वृक्ष बना दिया। ये संस्था न केवल हरियाली बढ़ाने का काम कर रही है, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में सैकड़ों रचनात्मक काम कर रही है और ये संस्था, समाज के लिए एक जीवंत मिसाल भी है।

अध्यक्ष धीवर और उपाध्यक्ष पटेल के नेतृत्व में ये फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण और ग्रीनरी के विस्तार में एक नजीर पेश कर रहा है। इस फाउंडेशन ने आरंग क्षेत्र में अब तक हजारों पौधे रोपे हैं, न केवल पौधे रोपे हैं, बल्कि फाउंडेशन ने जमाने को धरती के प्रति फर्ज निभाने प्रेरित भी किया है। हजारों पौधे रोपकर संरक्षण कर रहा है। फाउंडेशन की वजह से समाज में पर्यावरण के प्रति एक नई चेतना आई है। लोग अब ग्रीनरी बढ़ाने स्वप्रेरित हो रहे हैं।

Progressive Indian People Legislative Association
PIPLA FOUNDATION
सर्वे भवन्तु सुखिन

जहां भी रहेंगे, खुशबू बिखेरेंगे: पटेल

बकौल- महेन्द्र पटेल- कोरोना काल में समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने एक वाट्सग्रुप बना। मैं भी इस ग्रुप से जुड़ा। ग्रुप से जुड़ने के बाद समाज सेवा के क्षेत्र में एक-दो कार्य को आगे बढ़ाते आज हमारी संस्था सैकड़ों कार्य कर रही है। 50 सदस्य इस संस्था के सक्रिय सदस्य हैं। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा, जल संरक्षण, पुरातात्विक धरोहर का संकलन व संरक्षण, रक्तदान, श्रमदान, पौधादान, , दूधदान, सब्जी दान, वस्त्रदान, शिक्षादान, गौसेवा, संस्कृति संरक्षण, मुक्तिधाम को कचरामुक्त करना समेत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान समेत 200 से अधिक कार्य संस्था द्वारा किया जा चुका है। वर्तमान में प्रतिदिन शिक्षादान और गो सेवा का कार्य किया जा रहा है। आगे भी इसी तरह से समाज में जनचेतना के कार्य किए जाएंगे, जब तक सांसें हैं। जहां भी जाएंगे, रोशनी फैलाएंगे, ईश्वर ने मानव तन इसीलिए दिया है। फूल की मानिंद जिओ और खुशबू बिखेरो, ये हमारी संस्था के हर सदस्य का उद्देश्य है।

महेन्द्र कुमार पटेल

मोरध्वज महोत्सव को जबर्दस्त रिस्पांस

पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार इस नगर (आरंग) को राजा मोरध्वज की नगरी के नाम से जाना जाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए इस नगर की गौरव कीर्ति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने समस्त नगरवासियों के सहयोग से 2023 में राजा मोरध्वज महोत्सव आयोजन की परंपरा का शुभारंभ किया। जो कि बेहद सफल और ऐतिहासिक रहा। महोत्सव में क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को राजा मोरध्वज अलंकरण सम्मान से विभूषित करने की परंपरा सुनिश्चित किया गया। इससे नगरवासियों में एक अलग प्रकार के आत्मगौरव की अनुभूति हुई।इस महोत्सव के ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए नगर में हर साल जनवरी में यह आयोजन होने लगा। राज्य सरकार भी प्रतिवर्ष महोत्सव आयोजन के लिए दस लाख रुपए अपने बजट प्रावधान में स्वीकृत कर दिये है।

धरती को हरी-भरी बनाने जो पौधे रोपे, वो पौधे आज वट वृक्ष बनकर समाज को प्रेरणा दे रहे।

पर्यावरण प्रदूषण चरम पर है। दूजेराम धीवर ने धरती पर हरियाली बढ़ाने कदम उठाया।

पदाधिकारी

संरक्षक आनंदराम पत्रकारश्री, पारसनाथ साहू, थानसिंग साहू अध्यक्ष- दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, सदस्य रमेश कुमार देवांगन, मोहन सोनकर

आनंदराम पत्रकारश्री
संरक्षक

मार्गदर्शक

मधुसूदन साहू (अधिवक्ता), शशांक खरे (वरिष्ठ पत्रकार), मुरलीमनोहर देवांगन (शिक्षाविद), योगेश्वर चंद्राकर (समाज सेवी), ईश्वर पटेल (समाज सेवी), डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर (लोक कलाकार), लोकेश्वर साहू (समाजसेवी)।

सक्रिय सदस्यगण

प्रतीक टोंड्रे, भागवत जलक्षत्री, छत्रधारी सोनकर, सूरज सोनकर, गौरविंदर सिंह, श्रीमती अर्चना शर्मा,सूरज कुमार साहू, राजेश कुमार धीवर, गणेश कुमार धीवर, आशीष साहू,बसंत साहू, राहुल पटेल,यादेश देवांगन,चुमेश्वर देवांगन,श्रवण देवांगन, बसंत चंद्राकर, शैलेन्द्र चंद्राकर,अशोक साहू, दुर्गेश निर्मलकर, संतोष साहू, रविकांत साहू, हरीश दीवान,दिना सोनकर ,खिलेश देवांगन, होमेंद साहू,सियाराम सोनकर,किरण साहनी,डुमेंद्र साहू, राकेश जलक्षत्री, रोशन चंद्राकर, रमेश चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, ब्रजेश अग्रवाल,प्रीतम सोनकर , हरिशंकर साहू,गिरधारी साहू,पुरानिक साहू, परमानंद साहू, गोपाल पटेल, होरीलाल पटेल, शेखर चंद्राकर , मोहित चंद्राकर,देवीदयाल यादव,तेजराम यादव,भारत धीवर,राजू साहू, योगेश साहू , अजय देवांगन, हीरालाल साहू, द्वारिका साहू, नीरज साहू, गोवर्धन साहू आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

वन बंधु परिषद के महामंत्री ने ली राष्ट्र निर्माण को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। वन बंधु परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री एवं चार्टड अकाउंटेंट घनश्याम दास मुंदडा शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे, उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि बैठक में श्री मुंदडा द्वारा 1 लाख एकल विद्यालय एवं एकल अभियान के तहत भविष्य में कार्यक्षेत्र का विस्तार करने को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।

वही प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल व महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि श्री मुंदडा ने रायपुरङ्कभिलाई में आयोजित बैठक में नगरीय कार्यकर्ता एवं सहयोगी परिवार सहित भिलाई इकाई के वनयात्रियों से मिलकर ग्रामीण एवं नगरीय संगठन में समरसता बनाने को लेकर चर्चा की। सचिव सरिता रेखानी ने जानकारी दी कि मुंदडा राजनांदगांव के गायत्री विद्यापीठ स्थित खेल मैदान ने आयोजित एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के संभाग स्तरीय खेलकूद समारोह में शामिल होंगे।श्री मुंदडा के दो दिवसीय प्रवास के दौरान अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक भीमसरिया, एकल अभियान संभाग सचिव राजीव नंदे, महासचिव चंदन जैन,सहसचिव अनिल मुंदडा उनके साथ रहें।

अंतर्दलीय संगीत स्पर्धा 2024 का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राजकुमार कॉलेज में अंतर्दलीय संगीत प्रतियोगिताष् का आयोजन किया गयाद्य आर्य और बिक्रम दलखरसवान युवराज पीण्बीण् सिंह देव प्रदत्त ष्खरसवान म्यूजिक ट्रॉफी के संयुक्त विजेता बने द्यआर्य और बिक्रम दोनों दल ने एकसमान ;1029 स्कोरद्ध से संयुक्त प्रथम स्थान प्राप्त कियाद्य द्वितीय स्थान राजपूत दल और तृतीय स्थान राणा दल ने प्राप्त कियाद्य सर्वश्रेष्ठ गायन के लिए राजा हरिहर सिंह मर्दराज खंडपारा कप विजेता अथर्व अग्रवाल; बिक्रम दल को प्रदान किया गयाद्य सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। विद्यार्थियों में भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति

रुचि जगाने एवं वाद्य कला के विकास के लिए यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैद्य इस प्रतियोगिता में दो चरण थे। प्रथम चरण में जूनियर स्कूल के कक्षा पहली से पाँचवीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न शास्त्रीय रागों की बंदिशें प्रस्तुत कींद्य द्वितीय चरण में कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों ने अपनी गायन एवं वाद्यकला का प्रदर्शन किया।

कलिंगा विवि ने किया विज्ञान कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता 3.0 का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय ने शनिवार, 7 दिसंबर 2024 को अपने परिसर में विज्ञान कार्यशील मॉडल प्रतियोगिता 3.0 का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 65 से अधिक स्कूलों के 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और 150 मॉडल प्रस्तुत किए।

400 से अधिक छात्रों ने परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल (एसएजीईएस) मोहोबा बाजार, रायपुर के विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा जूते पर मॉडल प्रस्तुत करने के लिए 10,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता। प्लास्टिक ईंटों के लिए अध्ययन अकादमी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रायपुर ने 7500 रुपये का दूसरा पुरस्कार जीता। दावरा इंटरनेशनल स्कूल अभनपुर को प्रशंसक आत्महत्या मामले रोकने के मॉडल के लिए 5000 रुपये का तीसरा पुरस्कार मिला। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और डायरी उपहार स्वरूप दी गई। प्रतिभागियों को 2500-2500 रुपये के पांच सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

शिक्षक एवं पालकों ने बालकों के सर्वांगीण विकास की चर्चा की

■ पैराडाइज स्कूल में शिक्षक पालक बालक सम्मेलन संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज सी.बी.एस.ई. हायर सेकेण्डरी स्कूल में दिनांक 07/12/2024 शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने बच्चों के पीरियोडिक टेस्ट 3 का प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौषल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे मे छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई। पालकों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये।

पैराडाइज सी.बी.एस.ई.स्कूल प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। जिसके लिये पैराडाइज स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ योग ध्यान, विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, मार्शल आर्ट, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है। जिससे प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिये अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें।

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित इस विशेष '' शिक्षक पालक बालक सम्मेलन'' में लगभग सभी पालक संतुष्ट रहें। वे अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से बहुत ही प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुये। पैराडाइज स्कूल मे बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य को अति उत्तम स्तर पर ले जाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनमजीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, एस.मर्सी, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, रिया सोनी, प्रीतिलता सोरी, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, रामेश्वरी साहू, टाकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेंकेटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, देवश्री साहू, निधि साहू, रविशंकर पटेल, प्रियंका श्रीवास्तव, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, संतोष ठाकुर, अभिनव सिंह आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से निक्षय निरामय अभियान होगा सफल : विधायक

■ 100 दिवसीय अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ

कांकेर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी और क्षय रोग के उन्मूलन के लिए आज से निक्षय निरामय अभियान का आगाज़ किया गया। कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने टीबी मुक्त, क्षय और मलेरियामुक्त बनाने पर जोर दिया है।

अपने उद्बोधन में विधायक श्री नेताम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना चाहिए, क्योंकि उनके सहयोग से ही इस अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। इसके लिए ग्राम एवं शहरी जनप्रतिनिधियों को जोड़ना होगा जिसमें सरपंच, पंच, पार्षद, सभापति, जिला व जनपद सदस्य सभी को मिलकर संयुक्त समन्वित प्रयास करना चाहिए। विधायक ने सभी मैदानी अमले को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अग्रिम बधाई दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री महेश शांडिया ने बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान जिले में चार चरणों में संचालित होगा, जिसके तहत मरीजों की पहचान और फिर उनका सघन परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर शेड्यूल तैयार किया गया है, जिसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों व मितानिनों के द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

पांच दिवसीय कुशल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र केंद्रीय रेशम बोर्ड जगदलपुर द्वारा विगत 03दिसम्बर से 07दिसंबर पांच दिवसीय कुशल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम सुनील कुमार मिश्रा वैज्ञानिक डी.के. मार्गदर्शन मे कोसा केंद्र बारदेवरी में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बारदेवरी एवं कोड़ेजुंगा के 25 हित?ग्राही प्रशिक्षण लिये।कार्यक्रम में द्रव्यश्रवण परिकरों के साथ प्रशिक्षणार्थियों को केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक सुनील कुमार मिश्रा व वरिष्ट लकनीकि सहायक सुनील कुमार परीच्छा स्थानीय रेशम सहायक संचालक सतीश कुमार भण्डारी तिलक राम ठाकुर प्रक्षेत्र अधिकारी रेशम के.द्वारा टसर रेशम केंद्र पौधा प्रबंध रेशम कीट पालन, रेशम की धागा निकालने और रेखा व्हीट एवं खास पौधे का रोग प्रबंधन के संबंध में विल्लार रूप से सम?झाया गया। 07दिसम्बर को कार्यक्रम के समापन समारोह में आत्मा के नोडल अधिकारी सुश्री संगीता रॉय आत्मा, जिला कार्यालय ने भाग लिपा एवं रेशम खाद्य पौधों के साथ अंतः फसल करने हेतु मूँगफली के बीज देने की प्रस्ताव रखा।समापन समारोह में तभी प्रशिक्षणात्रियों को प्रथस्यी पत्र प्रदान किया गया एवं उ उत्तम प्रशिक्षणार्थियों को पुरुष्कार पुरस्कार प्रदान करते हुए उत्साहवर्धन किया गया।

शिविरार्थियों ने किया योगाभ्यास

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत के लिए युवा विषय पर ग्राम रमतला के प्राथमिक शाला प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम अधिकारी द्वय एच.आर.कुर्रे एवम वी पी साहू के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों के द्वारा शिविर में प्रतिदिन सुबह 6.30 8.30 तक योगाभ्यास किया जा रहा है,कार्यक्रम अधिकारी एच आर कुर्रे ने बताया कि शिविरार्थी प्रतिदिन योगाभ्यास के लिये स्वयं प्रेरित होकर उपस्थित हो रहे है।योग करने से हमारा तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है,हमे प्रतिदिन योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिये।

धान का परिवहन नहीं होने से लेम्पस कर्मचारी परेशान, खरीदी होगी प्रभावित

■ जिले भर के कर्मचारी कलेक्टर से धान उठाने की मांग की

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी धान उपार्जन केंद्रों में धान परिवहन नही होने को लेकर लेम्प्स कर्मचारी परेशान हो रहे है। हालकि की नियम 72 घंटे में उठाव का प्रावधान है, लेकिन यह मात्र कहने का नियम है। वास्तव में धान उठाव को लेकर अधिकारी भी रुचि नही दिखाते है। धान के उठाव नही होने से किसानों के धान खरीदी प्रभावित हो रही है। वही मौसम एवं सुखत के भी चिन्ता कर्मचारियों को सता रही है। परिवहन समस्याओ के निराकरण के लिए सहकारी कर्मचारी संघ जिला कांकेर ने कलेक्टर को आवेदन देकर धान परिवहन की मांग की गई है।

धान का उठाव नहीं हो पा रहा

विदित हो कि 14 नवम्बर से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। ऐसे तो एक नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ हो जाती है लेकिन इस बार 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है। धान के अच्छे पैदावार एवं 31 सौ प्रति क्विंटल होने से धान की आवक भी बढ़ी हुई है। लेकिन धान का उठाव नही हो पा रहा है। सम्बलपुर लेम्प्स कर्मचारी आत्मा राम कल्लो ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केन्द्रों द्वारा दिनांक 14/11/2024 से शासन के नियमानुसार धान का कृषको से उपार्जन कार्य किया जा रहा है।

विदित हो कि 14 नवम्बर से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। ऐसे तो एक नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ हो जाती है लेकिन इस बार 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है। सम्बलपुर लेम्प्स कर्मचारी आत्मा राम कल्लो ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केन्द्रों द्वारा दिनांक 14/11/2024 से शासन के नियमानुसार धान का कृषको से उपार्जन कार्य किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्रों में अब तक तय सीमा से 50% से 60% से अधिक धान का उपार्जन किया गया है फिर भी जिला सहकारी अधिकारी विपणन संघ कांकेर द्वारा किसी भी प्रकार का परिवहन के संबंध में ठोस निर्णय नहीं लिया गया है जिससे उपार्जन केन्द्रों में अगामी दिनों के लिए उपार्जन का कार्य कर पाना संभव नहीं है। धान खरीदी केंद्रों में स्थिति को देखते हुए उपार्जन केन्द्रों से धान तत्काल परिवहन करने हेतु जिला सहकारी विपणन संघ को निर्देशित करने की मांग की गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की उपार्जन में कठिनाई न हो ।परिवहन न होने की स्थिति में दिनांक 09/12/2024 दिन सोमवार से उपार्जन कार्य नहीं हो पावेगा ।

इस अवसर पर लेम्पस कांकेर, बारदेवरी, कोदागांव,मरकाटोला, चारामा, खरथा, डोकला, पण्डरीपानी, हाराडुला, टाहांकापार, उंकारी,पुरी, लखनपुरी, हल्बा,कोटतरा, पटौद,बादल, दबेना उमरादाहा, कुरना, बिरनपुर,अमोड़ा, भानुप्रतापुर,-संबलपुर,कोड़ेकुर्से, दुर्गुकोंदल,हाटकांदल,दमकसा, भानबेडा,केंवटी,आसुलखार, चिखली, लोहत्तर,मालगांव, बागोडार, नाथियानवांगांव सहित जिले के कर्मचारियों ने मांग की है।

मशाल रैली को राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बस्तर ओलंपिक-2024

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार बस्तर क्षेत्र के युवाओं के रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर के घड़ी चौक से बस्तर ओलंपिक 2024 के लिए मशाल रैली निकाली गई, जिसको राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा ने हरी झंडी दिखाकर संभाग मुख्यालय जगदलपुर के लिए रवाना किया। उन्होंने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय खेल में शामिल होने जा रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए संभाग स्तर में भी और अधिक श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांकेर जिला का नाम रौशन करने की बात कही।

जिला खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला स्तर एवं उसके उपरांत एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत विकासखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इसके पश्चात संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आयोजन किया जाना है जिसके लिए जिला स्तरीय खेल प्रतिभागीता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आज जिला मुख्यालय से मशल रैली के साथ बस्तर संभाग के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री अजय मंडावी, खेल युवा कल्याण के अधिकारी,कर्मचारी सहित खिलाड़ीगण मौजूद थे ।

बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन

जिला खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर ओलम्पिक हेतु त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला स्तर एवं उसके उपरांत एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत विकासखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है।

मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से चाकू की नोंक पर लूटपाट, 05 आरोपी गिरफ्तार

■ लूट के समान के साथ चाकू मोबाइल मोटर साइकिल जब्त

कांकेर/नवप्रदेश। बीते 05दिसंबर को सुबह करीब 05 के आसपास चारामा के ग्राम रतेसरा में एन एच 30 पर अपने घर से सुबह मार्निंग वॉक पर टहलने निकले योगेश कांगे पर आरोपीयों ने चाकू से बार कर लहूलुहान हालत में छोड़कर पीड़ित का पैसा मोबाइल लूट कर आगे बढ़ गए थे।ग्राम रतेसरा मेन रोड में वारदात को अंजाम देने पश्चात आगे जाकर ग्राम मचांदूर हाईवे में पुनःदूसरे व्यक्ति को चाकू मारकर लूट की दुसरी घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो चुके थे। चारामा पुलिस ने आरोपीयो की पतासजी में जुट गई अंततः 24घंटे के भीतर आरोपी हमलावरों से लूट की वारदात में प्रयुक्त चाकू ,मोटर सायकल ,मोबाईल व लूट का अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही आरोपीयों के विरूद्ध थाना चारामा जिला कांकेर में अपराध क्रमांक 170/2024 धारा 309(4),309(6),3(5) भारतीय न्याय संहिता तथा थाना पुरूर जिला बालोद में अपराध क्रमांक 127/2024 धारा 309(4),309(6),3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। चारामा पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थीया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 05 दिसम्बर 2024 को उसके पति योगेश कांगे घर से रोज की तरह सुबह 05.00 बजे के लगभग गांव रतेसरा एन.एच. 30 मार्ग पर मार्निंग वाक पर निकला था, कि उनके घर से जाने के कुछ समय बाद 05.15 बजे सूचना मिला की योगेश कांगे घायल हालत में सडक के किनारे पडा है।सूचना मिलने पर वह अपने देवर तेजेश कांगे के साथ जाकर देखी तो उसके पति योगेश कांगे एन.एच.30 मेन रोड में मन्नू राम जुर्री के घर के पास रोड किनारे जमीन पर पडे थे जिनके पेट व कमर दो स्थानों से खुन निकल रहा था।

बाल ज्योति' निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर से 126 बच्चों की जिंदगी होगी रौशन

एएम/एनएस इंडिया की पहल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया कंपनी (एएम/एनएस) के सीएसआर पहल के अंतर्गत गीदम स्थित कन्या माध्यमिक शाला में 8 दिवसीय ÷बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर÷ का उद्घाटन जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएमसी, बीईओ, एबीईओ, प्राचार्य और शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस शिविर में 22 स्कूलों से चयनित 345 छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 126 छात्रों में दृष्टिदोष की पहचान की गई। इन छात्रों को शीघ्र ही निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे। कल यह शिविर बारसूर स्थित शासकीय बालक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया कंपनी (एएम/एनएस) अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत दंतेवाड़ा और उसके आस-पास के विभिन्न ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य संबंधी शिविरों का आयोजन करती रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार करना भी है।

प्रथम पेज का शेष

यूपीएससी को भेजा नए डीजीपी ...

अब जब जुनेजा का एक्सटेंशन खत्म हो रहा है, ऐसे में नए डीजीपी के चेहरे की खोजबीन तेज हो गई है. रा'य सरकार ने जिन तीन नामों का पैनल यूपीएससी को भेजा हैं, इनमें से एक नाम अशोक जुनेजा के रिटायरमेंट के ठीक एक दिन पहले तक घोषित कर दिए जाएंगे।

राहुल-प्रियंका के बिना ...

की सियासत में अक्सर कांग्रेस की उपेक्षा हो जाती है। लोग यही मान चुके हैं कि मुसलमान और दलित मतदाता, जो कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक हुआ करता था, अब अपने-अपने कारणों से आम आदमी पार्टी के पास जा चुका है। कांग्रेस के कमजोर होने का सबसे बड़ा कारण यही रहा है। लेकिन इस यात्रा में हर विधानसभा में जिस तरह लोगों की भीड़ उमड़ी है, उसने यह बात साबित कर दी है कि इन्हीं मतदाताओं का एक वर्ग आज भी उसके आकर्षण से बंधा हुआ है। यदि कांग्रेस नेतृत्व सही तरीके से इन मतदाताओं को जोडने़ की कोशिश करे तो कांग्रेस न केवल इन्हें अपने साथ लाने में कामयाब हो सकती है, बल्कि वह लड़ाई में वापस भी आ सकती है। देवेंद्र यादव की मेहनत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पहली बार यह भरोसा पैदा किया है कि कांग्रेस लड़ाई लडने़ के लिए तैयार है। बाकी का काम पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को करना है जिससे आम कार्यकर्ताओं में लडने़ का जुनून पैदा हो सके।

राहुल-प्रियंका गांधी दिल्ली से दूर क्यों

एक तरफ दिल्ली कांग्रेस के नेता जमीन पर पार्टी को खड़ा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली में रहने के बाद भी कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरे इस पूरी यात्रा से दूर रहे। इसे लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी लगातार संसद की कार्यवाही में भाग लेते रहे। संभल और अदाणी विवाद पर धरना-प्रदर्शन करते रहे। लेकिन दिल्ली में रहकर भी वे न्याय यात्रा में नहीं पहुंचे। जबकि कांग्रेस नेता भी मानते हैं कि राहुल-प्रियंका के बिना कांग्रेस दिल्ली की लड़ाई में वापस नहीं आ सकती। यदि दिल्ली की लड़ाई को त्रिकोणीय बनाना है तो इसके लिए गांधी परिवार को मैदान में उतरना पड़ेगा।

माना यही जा रहा है कि कांग्रेस दिल्ली के संभावित कमजोर प्रदर्शन को राहुल-प्रियंका के माथे पर नहीं डालना चाहती है। कम से कम शुरुआती दौर में ही अपने सबसे बड़े योद्धा को मैदान में उतारने को किसी भी रणनीति से सही नहीं कहा जा सकता। लेकिन जब विधानसभा चुनाव ठीक सामने हों तो क्या ऐसे समय में भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की इतनी महत्वपूर्ण यात्रा से दूरी को सही कहा जा सकता है। इस पर लोगों की राय अलग-अलग हो सकती है।

लेकिन कांग्रेस पार्टी में भी कई लोग यह मानते हैं कि कांग्रेस को इस अवसर का उपयोग कार्यकर्ताओं को और 'यादा उत्साहित करने के लिए करना चाहिए था। कम से कम यात्रा की शुरुआत और अंत को भव्य तरीके से मनाकर बड़ा संदेश देने की कोशिश की जा सकती थी। मल्लिकार्जुन खरगे जैसे नेताओं को इस अवसर पर अपना पूरा जोर उन मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए लगाना चाहिए था जो उनके प्रभाव में आकर पार्टी की ओर लौट सकते हैं।

मुस्लिम बहुल सीटों पर दर्ज करेंगे जीत

कांग्रेस के एक पूर्व मुस्लिम विधायक ने कहा कि इस बात में कहीं कोई संदेह नहीं रह गया है कि दिल्ली का बड़ा मुस्लिम वर्ग अब केवल कांग्रेस की ओर देख रहा है। कोरोना काल में घटी कुछ घटनाओं ने मुसलमानों के बीच केजरीवाल का विश्वास खत्म कर दिया है। इस वोट बैंक के दम पर और अन्य मतदाताओं को साथ लेकर पार्टी कम से कम सात से आठ विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर सकती है। इस हवा के सहारे वह कुछ अन्य सीटों पर भी अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है।

नेता के अनुसार, लेकिन कांग्रेस इस वोट बैंक को तभी अपना बनाने में सफल हो सकती है जब वह सही उम्मीदवार उतारे। जिससे मुसलमानों को यह भरोसा पैदा हो सके कि कांग्रेस का उम्मीदवार भाजपा को हराने में सक्षम है। यदि पार्टी ने किसी बड़े नेता के दबाव में आकर कमजोर उम्मीदवारों को मैदान में उतारा तो पार्टी को एक बार फिर निराशा का सामना करना पड़ सकता है।

कांग्रेस की मजबूत उपस्थिति...

और उन्हें विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनाव में वे बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के साथ गठबंधन न होने से कांग्रेस को बड़ा लाभ होगा। पूरी दिल्ली में कांग्रेस का कार्यकर्ता अपने दम पर लड़ाई लडऩा और जीतना चाहता है। जबकि अरविंद केजरीवाल के विरोध में दस सालों का एंटी इनकंबेंसी फैक्टर काम कर रहा है। यदि पार्टी उनके साथ लड़ाई में उतरती तो इससे लाभ कम, नुकसान अधिक हो सकता था। यानी कांग्रेस कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन न होने को एक सकारात्मक निर्णय की तरह देख रहे हैं। गांधी परिवार इस उत्साह को ऊर्जा में बदल सकता है।

गेल इंडिया से किसान हलाकान...

किसानों का कहना है कि कंपनी बिना ही किसानों को विश्वास में लिए पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है।

विवाद की स्थिति निर्मित

ओडिशा से मुंबई तक गेल इंडिया कंपनी द्वारा मुख्य लाइन बिछाई जा रही है। इसमें हर 20-20 किलोमीटर में एक एचबी स्टेशन बनेंगे, जहां से गांव-गांव में घरेलू गैस सप्लाई के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी। केंद्र सरकार के इस महती योजना के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू करने के बाद से लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का देर रात तक आनंद लेते रहे देवरहा के लोग

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के एनएसएस इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत देवरहा के शासकीय प्राथमिक शाला के प्रांगण में संचालित किया गया, जिसमें आखिरी रात को एन एस एस के कैडेट्स द्वारा बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिए, तत्पश्चात रात्रि 8:00 बजे से एन एस एस के तत्वाधान में एवं विनोद विनम्र के संयोजन में भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया था।कवि सम्मेलन की विधिवत शुरुआत बेहतरीन संचालन वाह भाई वाह टी वी सीरियल के फेम रह चुके राष्ट्रीय कवि बंशीधर मिश्रा द्वारा किया गया ,कार्यक्रम की शुरुआत में मां वीणावादनी की आराधना राष्ट्रीय कवयित्री प्रियंका प्रिया द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई । आमंत्रित कवियों में खरसिया से गीतकार मनमोहन सिंह ठाकुर राष्ट्रीय कवित्री प्रियंका प्रिया एवं जयंती रुही द्वारा गीत गजल से लोगों को झूमने हेतु मजबूर कर दिया, तो वहीं खरसिया से पुरुषोत्तम गुप्ता द्वारा बेहतरीन पैरोडिक गीत से लोगों को हंसाने गुदगुदाने का काम किया।

■ न्यूज गैलरी

प्रबंधकों व ऑपरेटरों की बैठक

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित प्रधान कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चन्द्राकर ने आज जिले के 87 सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों एवं कम्पयूटर ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रकबा समर्पण के संबंध में तथा समितियों में संचालित माइक्रो ए.टी.एम. में प्रतिदिन लेन-देन करने निर्देशित किया गया। सहकारी से समृद्धि के तहत जिला प्रशासन से कॉमन सर्विस सेंटर के डिट्रिक्ट मैनेजर अवधेश साहू के द्वारा समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्रेशन करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा किसानों को सुविधाएँ प्रदान करने निर्देशित किया गया। बैठक में प्रधान कार्यालय हृदेश शर्मा, विपणन अधिकारी, रीना साहू पर्यवेक्षक फिल्ड कक्ष उपस्थित रहें।

बीएलओ को दी मारने की धमकी

भिलाई। एक युवक वोटर लिस्ट से नाम कट जाने पर इतना गुस्से में आ गया कि, वो सर्वे करने वाले टीचर से झगड़ा करने स्कूल पहुंच गया। उसने महिला टीचर को खुलेआम जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना भिलाई के शास्त्रीनगर कैम्प-1 की है। यहां संचालित पूर्व माध्यमिक शाला में जितेंद्र यादव उर्फजीतू शराब के नशे में पहुंचा। जमकर बवाल करने लगा। उसने बीएलओ को धमकाना शुरू कर दिया। स्कूलो वालो ने उसका वीडियो भी बनाया जिसमें जीतू वहां के शिक्षकों को धमका रहा है। मिडिल स्कूल की मैडम नीता ठाकुर ने जीतू को समझाने का प्रयास किया, तो उसने उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली।

सरकारी नाली पर अवैध कब्जा

दुर्ग। निगम क्षेत्र के नागरिको ने सरकारी नाली पर अवैध कब्जा कर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण कर आवागमन बाधित की शिकायत के आधार पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाही करने पहुँची। निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत महाप्रताप भवन के करीब वार्ड 11 शंकरनगर निवासी अजय शर्मा के द्वारा सरकारी नाली क्षेत्र की भूमि को पाटकर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण किया गया है, जिससे नाली क्षेत्र बाधित हो रही है। कार्रवाही के पहले क्षेत्र से कब्जा को हटाने नोटिस दिया था। जिसका कोई जवाब नहीं दिया। निगम अमला एवं पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़कर हटवाया गया।

निधन : विनय राठौड़

कुम्हारी। कैलाशनगर निवासी विनय राठौड़ (54 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. प्रभुलाल भाई राठौड़ के सुपुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार खारुन तट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

बीएसपी ने नवम्बर 2023 में बनाए 82017 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया

इस्पात संयंत्र ने नवंबर माह में दर्ज किया अब तक का श्रेष्ठ उत्पादन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवम्बर माह में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए, अपने निरंतर प्रयासों से अब तक का श्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में श्रेष्ठ डिस्पैच का भी रिकॉर्ड दर्ज किया है। संयंत्र के सभी मॉडेक्स इकाइयों- ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने श्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों द्वारा नवंबर माह के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया। कार्यक्षेत्र में संसाधनों के बेहतर उपयोग व सुरक्षा मानकों के अनुपालन से ही यह उपलब्धियां संभव हो पाई है। संयंत्र के सिंटर प्लांट, बीआरएम, ओएचपी सहित विभिन्न विभागों ने अब तक का श्रेष्ठ मासिक उत्पादन कीर्तिमान रचा है। साथ ही संयंत्र के आरएमपी-3 से लाइम उत्पादन, एसएमएस-3 से कास्ट स्टील व बिलेट उत्पादन, हॉट मेटल, क्रूड स्टील उत्पादन, फिनिश्ड स्टील उत्पादन, सेलेबल स्टील के उत्पादन के साथ ही प्लेट मिल में हाई टेंसाइल प्लेटों के साथ रेल मिल से लॉन्ग रेलों के उत्पादन व डिस्पैच में श्रेष्ठ नवम्बर माह का कीर्तिमान दर्ज किया है। संयंत्र के ओर हैंडलिंग विभाग ने नवम्बर 2024 में कुल मटेरियल हैंडलिंग 18,38,864 टन दर्ज किया है, जोकि नवम्बर 2022 में 16,59,941 टन दर्ज किया गया था। आरएमपी-3 द्वारा नवम्बर 2024 में लाइम. सीडी का कुल उत्पादन 53,390 टन दर्ज किया गया, जोकि नवम्बर 2023 में बनाये गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 45,848 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। संयंत्र के सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन नवम्बर 2024 में 7,51,180 टन दर्ज किया गया है, जोकि नवम्बर 2022 में 7,30,375 टन दर्ज किया गया था। संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने नवम्बर 2024 में 5,22,644 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज किया। जो नवम्बर 22 में 489681 टन दर्ज किया गया था। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) नवम्बर 2024 में 300840 टन कास्ट स्टील का उत्पादन कर, नवम्बर 2022 में 286195 टन के अपने ही बनाये रिकॉर्ड को पार कर गया है। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने नवम्बर 2024 में 243130 टन हॉट मेटल का उत्पादन दर्ज किया। संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने नवम्बर 2024 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन करते हुए 84,030 टन उत्पादन किया है, जो नवम्बर 2023 में बनाए 82,017 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

सीएनडी प्लांट की स्थापना

भिलाई/नवप्रदेश। निगम क्षेत्रांतर्गत नेहरूनगर एसएलआरएम सेंटर स्थित रिक्त भूमि पर सीएनडी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर सीएनडी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट 50 टन प्रति दिवस क्षमता तथा 100 टन स्टोरेज फेसेलिटी की व्यवस्था हेतु स्थल पर प्लांट स्थापना का कार्य प्रारंभ किया गया है। सीएनडी प्लांट में निकाय क्षेत्र से निकलने वाले सीएनडी वेस्ट मटेरियल की प्रोसेसिंग कर उपयोगी मटेरियल जैसे-ईट, पेवर ब्लाक, हौलो ब्लाक्स इत्यादि तैयार किये जायेगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर उसे क्षमता के अनुसार प्लांट तैयार किया है। प्लांट का निर्माण 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार घटक अंतर्गत कराया जा रहा है। जिससे शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार किया जा सके। इस प्लांट के बनने से क्षेत्र के नागरिको को रोजगार भी प्राप्त होगा। सड़कों के निर्माण, मकान के निर्माण, तोड़फोड़ के दौरान जो बिल्डिंग मटेरियल इधर-उधर पड़ा रहता है, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाई जाएगी।

मृतक लोकेश्वर को नाले के पास लहूलुहान छोड़कर भागे

दाऊ पार्टी के बीच दोस्त की पत्थर से कुचलकर हत्या

मृतक लोकेश्वर बंजारे

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में दोस्तों ने एक युवक को पत्थर से कुचलकर मार डाला। सिर और चेहरे को बेरहमी से कुचला है। बताया जा रहा है कि शराब पार्टी के बहाने से बुलाया था, फिर विवाद के बाद हत्या कर दी। लाश को छोड़कर मौके से भाग गए। मामला भिलाई के खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार वारदात शुक्रवार रात 10.30 बजे की है। युवक का शव नाले के पास खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान लोकेश्वर बंजारे (22) के रूप में हुई है। वह खुर्सीपार का रहने वाला था।

मौके पर पहुंचे एएसपी व सीएसपी

पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक युवक को किसी ने मार डाला है। सूचना मिलते ही सिटी ,स्क सिटी सुखनंदन राठौर और ष्टस्क छावनी हरीश पाटिल और उनकी टीम मौके पर पहुंची। युवक की लाश को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

खून ही खून बिखरा पड़ा था

बताया जा रहा है कि मौके से बड़े-बड़े पत्थर मिले हैं, जिनमें खून के धब्बे हैं। साथ ही युवक के चप्पल समेत अन्य सामान मिले हैं। इनमें भी खून लगे हुए हैं। जमीन पर खून ही खून बिखरा पड़ा था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चीजों को बरामद कर लिया है।

5 दोस्तों को हिरासत में लिया

खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि हत्या का मुख्य आरोपी अजय यादव है।

वह खुर्सीपार क्षेत्र का ही रहने वाला है, लोकेश्वर बंजारे के साथ हमाली मजदूरी का काम करता था। मृतक के 5 दोस्तों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। सभी से पूछताछ की जा रही है।

ट्रक ने 2 बाइक सवारों को ठोकी, पति की मौत

भिलाई। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र से सिरसा जा रहे अंडरब्रिज के अंदर एक ट्रक ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, हादसा शनिवार सुबह का है। सिरसाकला निवासी गोवर्धन अपनी पत्नी जानकारी के साथ बाइक से भिलाई-3 गया था। वहां से सुबह अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वो भिलाई तीन से सिरसा को जोड़ने वाले अंडर ब्रिज के नीचे गया सामने से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि, वो बाइक समेत बगल से बनी नाली में घुस गया। वहीं, उसकी पत्नी दूर जा गिरी। जब पत्नी दौड़कर पति के पास पहुंची, तो अधिक खून बहने से उसकी मौत हो चुकी थी। आसपास मौजूद लोगों ने डायल-112 को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही वहां हाइवे पेट्रोलिंग टीम और भिलाई तीन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोवर्धन के शव को पीएम के लिए लाल बहादुर अस्पताल सुपेला स्थित मॉर्चुरी और घायल जानकी को अस्पताल भिजवाया। पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है। दुर्घटना के बाद से वो फरार हो गया है।

मामला फिटनेस सेंटर में आ रही परेशानी

इंद्रजीत के नेतृत्व में परिवहन आयुक्त से मिले यूनियन प्रतिनिधि

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में समस्त यूनियन के प्रतिनिधि मंडल अतिरिक्त परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन डी रविशंकर से नवा रायपुर में भेट कर फिटनेस सेंटर में आ रही परेशानियों पर ध्यान केंद्रित कराया और ट्रांसपोर्ट की परेशानियों को साझा किया। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी रविशंकर के सलाह पर आरटीओ फिटनेस सेंटर काचांदूर में आरटीओ निरक्षक श्री (विकाश शर्मा) के साथ सयुक्त निरीक्षण किया गया और समस्त संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे एवं उसके उपरांत फिटनेस सेंटर मैं वरिष्ठ आरटीओ निरीक्षक के साथ सयुक्त बैठक की गई और फिटनेस में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन निरीक्षक विकास शर्मा के द्वारा दिया गया। इसके उपरांत सभी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मण्डल जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेट कर आ रही समस्याओ से अवगत करेंगे। मुख्य रूप से मौजूद भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू, छत्तीसगढ़ बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू, छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष प्रभु नाथ भैठा, दुर्ग ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष गुरदीप सिंह मौजूद थे एवं सैकड़ों की संख्या में ट्रांसपोटर एवं पदाधिकारी उपस्तिथि रहे।

प्रदेश संगठन द्वारा नए परिसीमन से दुर्ग जिले में अब होंगे 17 मंडल

■ रिसाली व कुम्हारी दुर्ग जिला में अहिवारा व जेवरा मंडल अब भिलाई संगठन में हुआ शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रदेश भाजपा कार्यालय में परिसीमन समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय और प्रदेश परिसीमन समिति के सदस्य भरत वर्मा, रजनीश सिंह पूर्व विधायक, रामजी भारती, दीपक म्हस्के द्वारा परिसीमन के प्रस्ताव को सुना गया। बैठक में दुर्ग और भिलाई के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ चर्चा के बाद परिसीमन को अंतिम रूप दिया गया। जिसके अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा में चार की जगह अब पांच मंडल होंगे, वही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में अब तक तीन मंडल उतई, अंजोरा और रिसाली थे लेकिन अब आगे कुल पांच मंडल होंगे, जिसमें उतई, अंजोरा और रिसाली यथावत रहेंगे साथ ही अंडा-निकुम और मरोदा-पुरैना दो नए मंडल अस्तित्व में आएंगे। इसमें बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि रिसाली नगर निगम अब दुर्ग जिला भाजपा संगठन के अंतर्गत आएगा। इसी प्रकार पाटन विधानसभा क्षेत्र में अब तक कुल चार मंडल उत्तर पाटन, दक्षिण पाटन, मध्य पाटन और कुम्हारी थे लेकिन अब आगे पांच मंडल होंगे। परिसीमन लागू होने के बाद पाटन विधानसभा में अमलेश्वर, पाटन, दरबारमोखली, जामगांव आर और कुम्हारी रहेंगे। कुम्हारी नगर पालिका जो अब तक भिलाई जिला संगठन के अंतर्गत थी उसे अब दुर्ग जिला संगठन को दे दिया गया है। इसके अलावा अब तक दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले अहिवारा और जेवरा सिरसा मंडल को भिलाई जिला संगठन में शामिल कर लिया गया है। इस पूरे परिसीमन के बाद जिला भाजपा संगठन में एक निगम रिसाली और एक पालिका कुम्हारी बढ़े है तथा अहिवारा विधानसभा का ग्रामीण अंचल भिलाई जिला संगठन अंतर्गत चला गया है। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने नए परिसीमन का स्वागत करते हुए कहा कि अब दोनों संगठन जिले में पार्टी का काम सुचारू रूप से चलेगा क्योंकि अब तक दुर्ग और भिलाई जिले में विधानसभाएं विभाजित थी अब वह पूर्ण रूप से एक संगठन में आ जाएगी। संगठन का काम पहले से भी अधिक व्यवस्थित रूप से चलेगा।

2 गांजा तस्कर गिरफ्तार

दुर्ग। पुलिस ने छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में सक्रिय दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 28 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 5.60 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि, 5 दिसंबर को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि, जिला अस्पताल के आगे नल घर के पास दो लोग गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। एक टीम मौके पर पहुंची, जहां आरोपी शैलेंद्र कुमार पाठक (46) निवासी कबीर नगर उत्तर प्रदेश और शैलेष कुमार (24) निवासी कबीर नगर उत्तर प्रदेश को पकड़ा। पूछताछ में ओडिशा से गांजा सस्ते रेट पर लाते थे। गांजा को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश राज्य में महंगे दामों में बेचते थे।

आमदी वार्ड की सड़क होगी दुरुस्त : विधायक गजेन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आमदी मंदिर वार्ड 24 के नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। बरसों पुराने बने जर्जर सड़क से निजात मिलने वाली है। विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल एवं पार्षद नरेश तेजवानी ने वार्ड नागरिको की उपस्थिति में दो स्थान पर 48 लाख की लागत होने वाले सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन किये। आमदी मंदिर के नागरिकों के मांग के अनुरूप आज दो अलग अलग स्थानों पर भूमिपूजन किये। जनसम्पर्क के दौरान वार्ड के सड़क को दुरुस्त करने मांग किये थे जिसका आज भूमिपूजन होने से उनकी मांग पूरी हुई। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि आपके मांग के अनुरूप कार्य करना हमारी जिम्मेदारी है। सड़क डामरीकरण होने से आवागमन में सहूलियत के साथ ही बारिश के दिनों में कीचड़ से निजात मिलेगी। इस उपस्थितजनों ने विधायक के एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दिए और वार्ड के नागरिकों ने इतने कम समय में ही वार्ड में कई कार्य के लिए स्वीकृति कराने पर आभार जताये। वार्ड में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने विधायक निधि से राशि दिए थे। महापौर बाकलीवाल ने मौके पर उपस्थित इंजिनियर और निर्माण एजेंसी वाले को गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने कहा। इस दौरान श्रीचंद लेखानी, दशमत तेजवानी, पारुमल शोभानी, कैलाश रूंगटा, हेमंत खत्री, दर्शन किंगरानी सहित वार्डवासी थे।

सांसद बघेल ने किया निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत आज 07 दिसम्बर 2024 को लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला (भिलाई) से कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के करकमलों से किया गया। जिसमें प्रचार-प्रसार के लिए निक्षय निरामय प्रचार वाहन को सांसद बघेल, एडीएम, आयुक्त नगर निगम भिलाई, सीएमएचओ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा रवाना किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 100 दिवसीय है, इसमें तपेदिक, कुष्ठ, मलेरिया एवं वयोवृद्ध की पहचान एवं उपचार सम्मिलित है। मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं एनएमए के द्वारा घर-घर सर्वे कर संकास्पद मरीजों को जाँच हेतु उच्च संस्थानों में रिफर करेंगे। इसमें तपेदिक एवं कुष्ठ बीमारी को छत्तीसगढ़ से समूल नष्ट करने का संकल्प हम सभी को लेना है तभी इस बीमारी से मुक्ति पाया जा सकता है।

आयोजन.. रंगीन पताकों के साथ मनमोहक आकृति द्वारा एकता में बल का किया प्रदर्शन

मैत्री विद्या निकेतन ने मनाया 36 वां क्रीड़ा दिवस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल एरिसाली में छत्तीसवें वार्षिक क्रीड़ा उत्सव एवम पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुमार उपमहानिरीक्षक निजी सुरक्षा अधिकारी सीमांत मुख्यालय (विशेष ऑपरेशन) सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ थे। विशिष्ट अतिथि सीजू एंथोनी महापौर प्रभारी थे। अतिथियों का सम्मान पुष्पगुच्छ से किया गया। विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ. सजीता थंबी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि खेल से विद्यार्थियों में ना केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है बल्कि खेल के माध्यम से वे सामूहिक कार्य के साथ नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता, सामानुभूति साझा और सहयोग की भावना सीखते हैं। हार कर भी बच्चे जीत की महत्त्वाकांक्षा के साथ खेल प्रतिस्पर्धाओं के लिए प्रेरित होते है। यही प्रेरणा उनको जीवन के सामाजिकए व्यावसायिक और कार्यक्षेत्र में भी सफलता दिलाने में मदद करता है। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि के कर कमलों से क्रीडा ध्वज आरोहण के बाद शांतिदूत श्वेत कपोत आसमान में आजाद करके किया। स्काउट गाइड एडिसिप्लिन कैप्टंस और खिलाड़ियों ने शानदार परेड करते हुए क्रीड़ा ध्वज को सलामी दी। मुख्य अथिति ने विद्यार्थियों को अनुचित साधनों का प्रयोग न करते हुए खेल भावना के साथ अनुशासित खेल खेलने की शपथ दिलाई। पीटी प्रदर्शन में प्राथमिक के लगभग 600 नन्हें बच्चों ने विभिन्न मधुर गानों की धुन के साथ एरोबिक्स, जुंबा द्वारा स्वास्थ ही जूनून तथा विद्यालय की चार सदनों का प्रतिनिधित्व करते हुए रंगीन पताको के साथ मनमोहक आकृति द्वारा एकता में बल का प्रदर्शन किया। कक्षा 3, 4 एवं 5 के 265 विद्यार्थियों ने वन्देमातरम गीत से पीटी प्रदर्शन में अपना काम स्वयं करने अर्थात् स्वयंसेवक का संदेश दिया। माध्यमिक कक्षा के लगभग 400 विद्यार्थियों ने 5 महाभूतों में से 3 तत्वों जल, वायु और अग्नि का महत्त्व उत्तम स्वास्थ के लिए बताते हुए पीटी का मनमोहक प्रदर्शन और विभिन्न खेलों के प्रतीक चिन्हों से सुंदर आकृतियों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्षा राजन सुधाकरण संस्था के प्रबंधक बंधु एस सजीव एवं एस साजन, उपप्राचार्या डॉ बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका निशी साजन और भिलाई मैत्री कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरेखा पाटिल तथा विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन निशी साजन, श्रीलता धावला एरीमा राजीव और बिंदु रामदास ने किया।

श्रद्धांजलि देकर निकाला कैंडल मार्च

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में पंचशील बुद्ध विहार, शिवनगर में डॉ. बीआर अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। आधे झुके नीलध्वज पर उपासक-उपासिकाओं ने पुष्प अर्पित एव बुद्ध विहार में सामूहिक पंचशील ग्रहण कर बुद्धवंदना की। बाबा साहब के छायाचित्र पर भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने बोधिसत्व डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके महती कार्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुरेश वाहने ने कहा डॉ. अम्बेडकर ने दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया वह अतुलनीय है। हम उनके सदैव ऋणी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया। शाम को बौद्ध समाज द्वारा कैंडल मार्च निकाला।संचालन संरक्षक किशन बोरकर व आभार प्रदर्शन उपासिका प्रतिमा कोचे ने किया।

अनाचार करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के थाना विश्रामपूरी क्षेत्र के गुम बालिका को रायपुर से बरामद किया गया साथ ही बहला पुसला कर ले जा कर अनाचार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना उपस्थित रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी छोटी बहन दिनांक 09.10.2024 के 11.00 बजे घर से निकली थी शाम रात्रि को घर नही आने पर आस पड़ोस मे पता किये पता नही चलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी मे गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज किया गया। विधिवत गिरफ्तार कर पूछताछ किया पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि थाना विश्रामपुरी के धारा 318(2)296.351(2) मे भी शामिल होना पाया गया।

बिलासपुर की निर्माणाधीन सड़क की होगी जांच, नहीं चलेगी माफियागिरी: तोखन साहू

राहुल को बताया नकली गांधी, कहा-देश का भला नहीं कर सकता यह परिवार

■ कांग्रेस पर सदन नहीं चलने देने का आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिना नाम लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने नकली गांधी कहा। बिलासपुर प्रवास के दौरान जनदर्शन कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय मंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर सदन नहीं चलने देने का गंभीर आरोप लगाया।

उन्होने कहा कि नकली गांधी परिवार देश का भला नहीं करना चाहते। शोरगुल कर सदन की कार्रवाई में बाधा डाल रहे है। जबकि स्पीकर बार बार देश हित में कार्रवाई की अपील कर रहे है। तोखन साहू ने इस दौरान बताया कि मैं बिलासाताल स्थित उस सड़क का निरीक्षण करूंगा। पता लगाउंगा कि आखिर इस सड़क को बनाने की वजह क्या है। कोई भी हो गलत पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होने दुहराया कि यदि किसी भूमाफियों का हाथ होगा तो उसकी खैर नहीं। बिलासपुर प्रवास के दौरान जनदर्शन कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने पत्रकारों से बातचीत की। तोखन साहू ने बताया कि जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान लोगों की परेशानियों और समस्याओं से रूबरू होने का मौका मिलता है। यथा संभव समस्या का निदान भी किया जाता है। क्या इसमें जमीन माफियों की भूमिका हो सकती है। तोखन ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। कोई माफियागिरी नहीं चलेगी। जो भी गलत किया होगा उसके खिलाफ कार्रवाई निश्चित है।

विपक्ष के पास न दृष्टि हैं न ही दृष्टिकोण

आखिर अडानी को लेकर सवाल देने से क्यों घबरा रही है सरकार। जवाब देकर सदन की कार्रवाई चलने दिया जाए। भारत सरकार भी काम करना चाहती है। फिर भगदड़ क्यों? सवाल पर केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि विपक्ष यानी कांग्रेस पार्टी ही सदन नहीं चलने दे रही है। बार बार स्पीकर अपील कर रहे है। बावजूद इसके विपक्षी नेता हुड़दंग कर रहे है। जबकि सरकार एक एक सवाल का जवाब देने को तैयार है। दरअसल विपक्ष के पास ना तो दृष्टि है और ना ही दृष्टिकोण। तोखन साहू ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होने कहा कि नकली गांधी परिवार इस देश का भला नहीं चाहता है। इसलिए केवल शोरगुल मचाकर अपना उल्लू सीधा कर रहा है। नकली गांधी परिवार से आपका आशय क्या है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि क्या आपको पता है कि महात्मा गांधी परिवार के सदस्यों का क्या नाम है। क्या वह राजनीति में सक्रिय हैं। दरअसल नकली गांधी अपने को असली गांधी बनाकर सत्ता हासिल करना चाहता है।

सड़क निर्माण की करेंगे जांच

बिलासाताल कोनी क्षेत्र में करोड़ों की लागत से अरपा के बीच से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी आपको है। यदि है तो क्या एनजीटी से अनुमति ली गयी है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य की उन्हें जानकारी नहीं है। मौके का निरीक्षण करूगा। पता लगाउंगा कि सड़क की उपयोगिता क्या है। निर्माण एजेंसी का नाम क्या है। किस मद और उद्देश्य से निर्माण कार्य किया जा रहा है। मैं इसकी जांच कराऊंगा। एनजीटी अनुमति का भी पता लगाया जाएगा। दोषी के खिलाफ कार्रवाई भी कराऊंगा।

■ न्यूज गैलरी

निगम ने चौक-चौराहे पर जलाए अलाव, ठंड में लोगों को मिलेगी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। आने वाले दिनों में बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर के चौक चौराहों में नगर पालिक निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। शहर के प्रमुख स्थानों में अलाव से लोगों को ठंड से काफी राहत मिलेगी। इससे पूर्व निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नरों को चौक चौराहों में अलाव जलाने के निर्देश दिए थे। नवंबर माह के अंत में ठंड ने अपना असर दिखाया था उसके बाद दिसंबर के पहले सप्ताह में ठंड से लोगों को राहत मिली है पर आने वाले दिनों में पारा कम होने और शुष्क मौसम के कारण ठंड में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा बारिश के भी आसार है जिसे देखते हुए निगम प्रशासन ने सभी जोन के प्रमुख स्थान और चौक चौराहो पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। ताकि नागरिकों को बढ़ती ठंड में राहत मिल सकें। इसके लिए निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधि में फ्लाई बिग एयरलाइंस की टीम से की मुलाकात

अंबिकापुर से लखनऊ, खजुराहो या बनारस का कनेक्शन एयरलाइन दे

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधाजन संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने आज बिलासपुर एयरपोर्ट पर फ्लाई बिग एयरलाइंस की कमर्शियल टीम के प्रतिनिधियों शिवांकर मुखर्जी आदि से मुलाकात की और बिलासपुर के सेक्टर में बेहतर हवाई सुविधा कैसे दी जा सकती है इसके संबंध में सुझाव दिए। गौरतलाप है कि फ्री बिग एयरलाइंस को केंद्र सरकार की उड़ान योजना में बिलासपुर से अंबिकापुर और रायपुर से अंबिकापुर सेक्टर में उड़ान संचालित करने का टेंडर मिला है इसके लिए कंपनी 19 सीटर विमान का प्रयोग करेगी और सप्ताह में तीन दिन बिलासपुर अंबिकापुर और रायपुर अंबिकापुर सेक्टर में उड़ान भरेगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि फ्लाई बिग एयरलाइंस का सबसे नजदीकी ऑपरेशन केंद्र उत्तर प्रदेश के लखनऊ में है और छत्तीसगढ़ में फ्लाइट ऑपरेट करने के लिए उसे विमान को छत्तीसगढ़ लाना होगा क्योंकि लखनऊ से बिलासपुर रायपुर या अंबिकापुर किसी भी सेक्टर में उन्हें उड़ान योजना के तहत फ्लाइट ऑपरेट करने का टेंडर नहीं मिला है अतः उन्हें इस सेक्टर में कमर्शियल फ्लाइट चलानी होगी। आज समिति के प्रतिनिधियों सुदीप श्रीवास्तव और समीर अहमद दें फ्लाई भी एयरलाइंस के कमर्शियल विभाग के प्रतिनिधि शिवांकर बनर्जी को यह सुझाव दिया कि वे लखनऊ से सीधे सुबह के समय बिलासपुर आए और पहले बिलासपुर से अंबिकापुर फिर अंबिकापुर से रायपुर उसके बाद रायपुर से अंबिकापुर और फिर अंबिकापुर से बिलासपुर ऑपरेट करें इसके बाद शाम के समय बिलासपुर से लखनऊ एयरक्राफ्ट वापस चला जा सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा।

लखनऊ की दूरी 500 किमी, देखेंगे

इस प्रस्ताव को उचित मानने के बाद भी फ्लाईबैक के प्रतिनिधि ने कहा की बिलासपुर से लखनऊ की दूरी 500 किलोमीटर है और बिना रिफ्यूलिंग के उनका विमान इतनी दूर आप आएगा या नहीं इसे जांच किया जाना आवश्यक है। अगर बिलासपुर से लखनऊ उड़ान एक बार में संभव होगी तो यह अत्यंत उचित प्रस्ताव है। इसके साथ ही हवाई सुविधा जनसंघ समिति ने एयरलाइन को गुरुवार शुक्रवार और शनिवार के बजे सोमवार गुरुवार और शनिवार फ्लाइट ऑपरेट करने का सुझाव दिया जिससे कि सप्ताह में तीन दिन 1 दिन के गैप में यह उड़ान उपलब्ध होगी।

नि:शुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का 300 लोगों ने लाभ उठाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी समाज की सामाजिक युवाओं की समिति सिंधी युवक समिति द्वारा शनिवार को थैलेसीमिया नि:शुल्क जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि एवं डॉ. समर्थ शर्मा, सिंधी युवक समिति सिंधी के अध्यक्ष मनीष लाहोरानी, मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मेघानी, सिंधी युवक समिति के संरक्षक कैलाश मलघानी, पूज्य सिंधी बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष सुरेश सिदारा, पूज्य सिंधी सेंट्रल युवा विंग के अध्यक्ष अजय भीमनानी, विशेष अतिथि में संपन्न हुआ। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार शनिवार को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक कैलाश मार्केटिंग, व्यापार विहार बिलासपुर में सिंधी युवक समिति के तत्वावधान में माया देवी मलघानी की स्मृति में उनके पुत्र कैलाश मलघानी व परिवार द्वारा समिति के स्वास्थ्य मंत्री संजय मतलानी के नेतृत्व में थैलेसीमिया मुक्त समाज स्वस्थ समाज के तहत बिलासपुर शहर में थैलेसीमिया नि:शुल्क जाँच शिविर 5 वर्ष से 50 वर्ष तक के हर व्यक्ति हेतू एवं अपने परिवार को थैलेसीमिया बीमारी से मुक्त रखने के लिए यह जाँच लगभग 1500 से 2000 लगती है वह नि:शुल्क की गयी।

बूथ स्तर पर मजबूत आधार ही पार्टी की सफलता की कुंजी: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल चुनावों के संदर्भ में जिला कार्यालय, बिलासपुर में आयोजित बिलासपुर और सरगुजा संभाग के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने, संगठन चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने और पार्टी के विचारधारा एवं मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक चर्चा और रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रवाद के उद्देश्य को लेकर निरंतर समर्पित भाव से पार्टी कार्य कर रहा है। हमें प्रयास करना है कि प्रखर राष्ट्रीय नेतृत्व की तरह ही बूथ स्तर पर भी सशक्त नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ता चयनित हो। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के लिए सदस्यता अभियान पार्टी समान है। इसलिए सभी सहयोगियों को पूरी ताकत से कार्य करना है हर वर्ग के लोगों को पार्टी के साथ लेकर चलना है। हर बूथ समिति में प्रत्येक वर्ग को शामिल करना आवश्यक है। हम सभी को मिलकर यह काम करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सांसद गजेंद्र पटेल, प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, प्रदेश सह चुनाव अधिकारी चंपादेवी पावले, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सव्वनी, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, तथा जिला चुनाव अधिकारी, सह चुनाव अधिकारी, जिला पर्यवेक्षक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यकर्ता संगठन के प्रति समर्पित हो

कौशिक ने कहा कि मंडल चुनाव संगठन के हित में हो रहा है, जिसमें सभी प्रमुख एवं सभी क्षेत्रों का समावेश हो। मंडल चुनाव ऐसे कार्यकर्ताओं का हो जो संगठन के प्रति समर्पित हो, न किसी व्यक्ति विशेष का। उन्होंने कहा कि बूथ निर्माण की प्रक्रिया में प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग आवश्यक है। बूथ स्तर पर मजबूत आधार ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने का आह्वान किया।

सरकार की नीतियों को लेकर युकां का प्रदर्शन आज

सीपत/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस मस्तूरी विधानसभा के तत्वावधान में धान समर्थन मूल्य की वादाखिलाफी , उपार्जन केंद्रों की बदहाल व्यवस्था, बेलगाम नशा व बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने, छग के बड़े उद्योगों में स्थानीय युवावों के रोजगार को लेकर व विभिन्न क्षेत्रीय एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर प्रदेश की आम जनता के परेशानियों के विरोध में आज 9 दिसंबर को सुबह 12 बजे सीपत तहसील के घेराव किया जाएगा। सीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में सुधार की मांग की जाएगी।

ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटा के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 9 से 12वीं ड्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड की जानकारी के साथ विद्यालय की आधार स्तंभ आशा दत्ता के कुशल मार्गदर्शन में औद्योगिक भ्रमण कराया गया ब्यूटी और वैलनेस विषय के अंतर्गत प्रथम ब्यूटी ट्रेनिंग सेंटर में ब्यूटीशियन चंचल ध्रुव व व्यवस्थापक देवी शंकर दुबे ने सौंदर्य जगत के विभिन्न आयाम जैसे फेशियल हेयर कट हेयर स्पा व थ्रेडिंग की जानकारी प्रधान की जिससे छात्राओं की रुचि बढ़ी हुई नजर आई भविष्य निर्माण की एक सुंदर सीढ़ी है के उद्बोधन के साथ प्राचार्य आशा दत्ता ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

विषय प्रशिक्षक श्वेता स्वर्णकार के द्वारा छात्राओं को ट्रेनिंग सेंटर में प्रायोगिक कार्य व विभिन्न आयामों की कार्यशाला द्वारा केरियर जगत के उपखंडों को तथ्यआत्मक रूप से बताया व सहयोगी शिक्षक पंकज गंधर्व निर्मला बंजारे व दीपक राजवाड़े का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ व छात्राओं को स्वरोजगार व आत्मनिर्भर रहने की सलाह दी गई।

सीएमडी कालेज के रिटायर प्राध्यापक के मकान पर कांग्रेसी नेता का कब्जा!

बिलासपुर/नवप्रदेश। सी. एम. डी. महाविद्यालय से अवकाश प्राप्त प्राध्यापक ने रायपुर स्थित अपने फ्लैट को कब्जे में दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री से मदद की अपील की है। 83 वर्षीय शिक्षक ने रिटायरमेंट के बाद वे अपने परिवार के साथ रायपुर में रहने की योजना बना रहे थे, जिसके लिए जीवन भर बच्चो को शिक्षा देकर अपनी तनखाह से 2013 में उन्होंने डायमंड ट्री इमारत, दलदल सिवनी रोड, मोवा, पंडरी में फ्लैट नंबर 302 खरीदा था। इस फ्लैट को कांग्रेस के युवा नेता विनोद कुमार तिवारी ने किराए पर ले लिया था।

मकान में कब्जा दिलाने 83 वर्षीय शिक्षक ने मुख्यमन्त्री से लगाई गुहार

शिक्षक का आरोप है की कुछ समय किराये देने के बाद कांग्रेसी नेता विनोद तिवारी ने राज्य मे कांग्रेस की सत्ता मे काबिज होते ही पहले तो किराया देना बंद कर मकान पर जबरन कब्जा कर लिया है। और अब बुजुर्ग शिक्षक ने अपने खुद के मकान का कब्जा दिलवाने के लिए पत्र के जरिये मुख्यमन्त्री से गुहार लगाई है। अब देखना होगा की जिंदगी भर की कमाई लेकर अपना और अपनी पत्नी का बुडापा अपने रिश्तेदारों के बीच गुजारने की ख्वाईश रखने वाले बुजुर्ग शिक्षक की मदद प्रशासन और मुख्यमंत्री कब तक करते है। 83 वर्षीय बुजुर्ग प्राध्यापक ने कांग्रेसी नेता तिवारी से कई बार निवेदन किया कि वे फ्लैट खाली कर दें, ताकि वे और उनकी पत्नी सहित, जिनकी उम्र 76 वर्ष है, अपने परिवार के बीच रह सकें। वे बिलासपुर में अकेले रहते हैं और उनके परिवार के अन्य सदस्य वहां नहीं हैं। इसके बावजूद तिवारी ने फ्लैट खाली करने से इंकार कर दिया और किराया भी अनियमित रूप से दिया। उनका किराया अब लाखों रुपये बकाया है। प्राध्यापक ने प्रशासन से निवेदन किया कि उनकी उम्र और स्वास्थ्य को देखते हुए विनोद तिवारी से फ्लैट खाली कराया जाए ताकि वे अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

पिकनिक के दौरान युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिकनिक मनाने कलमीटार एनीकट गए युवकों का फोटो खिंचाने के दौरान विवाद होने पर आरोपी ने चाकू से हमला किया। रतनपुर महामाया पारा निवासी लक्ष्मण चित्रकार अपने घर के पास ही दुकान चलाता है। वह अपने दोस्त दीपक भूषण, विनीत व सोमेश के साथ पिकनिक मनाने कलमीटार एनीकट गया था। वहां पर वह दोस्तों के साथ फोटो खिंचवा रहा था। इसी बीच कुछ अनजान लोग पहुंच गए। उन्होंने लक्ष्मण व उनके साथियों को डेम के पास फोटो लेने से मना किया और गाली गलौज की। विरोध करने पर अनजान लोगों ने धमकाया। इसके बाद लक्ष्मण साथियों को लेकर रतनपुर की ओर आ गया। डेम के पास विवाद करने वालों ने उनका पीछा कर खंडोबा मंदिर के पास रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस बीच उनमें से एक ने विनीत गुप्ता के पीठ में चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी जांच शुरू कर दी है।

हाईकोर्ट

प्रश्नों का क्रम परीक्षा संचालन प्राधिकरण के विशेष अधिकार में

अभ्यर्थी को परीक्षा पैटर्न जानने का हक नहीं, सिविल जज परीक्षा के खिलाफ याचिका खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने सिविल जज (प्रवेश स्तर) मुख्य परीक्षा, 2023 के परीक्षा पैटर्न को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को खारिज किया है। कोर्ट ने कहा कि अभ्यर्थी को परीक्षा का पैटर्न जानने का हक नहीं है। पूछे जाने वाले प्रश्नों का क्रम परीक्षा संचालन प्राधिकरण के विशेष अधिकार क्षेत्र में आता है। इसके साथ ही कोर्ट ने सीजी पीएससी द्वारा सिविल जज (प्रवेश स्तर) परीक्षा, 2023 के परिणामों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया है कि मुख्य परीक्षा आयोजित करने के पैटर्न की जानकारी न तो नियमों में और न ही विज्ञापन में अधिसूचित की गई। लेकिन इस न्यायालय की राय में, परीक्षा के पैटर्न को अधिसूचित करने की कोई आवश्यकता नहीं थी और उन्हें केवल पाठ्यक्रम जानने का अधिकार था। मुख्य परीक्षा का पैटर्न और उस परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न परीक्षा संचालन निकाय के विशेष अधिकार क्षेत्र में हैं। कोर्ट ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए विशिष्ट क्रम में प्रश्नों के उत्तर देने की आवश्यकता के बारे में पहले से पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई थी। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि इस चूक के कारण परीक्षा के दौरान भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं हो सका, क्योंकि वे निर्धारित क्रम का पालन करने में असफल रहे थे। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के इस तर्क से असहमति जताते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम रद्द करने का वैध कारण नहीं है। प्रश्न-उत्तर पुस्तिका में निर्देश दिए गए थे और याचिकाकर्ताओं को उत्तर लिखने से पहले उन्हें ध्यान से पढ़ना चाहिए था।

उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका में दिए थे विस्तृत निर्देश

राज्य के अधिकारियों ने याचिकाकर्ताओं के दावों का खंडन करते हुए कहा कि उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका में विस्तृत निर्देश दिए गए थे। स्थापित नियमों से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है, क्योंकि परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित मानदंडों के अनुसार की गई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के इस दावे को खारिज कर दिया कि भर्ती के नियमों को बीच में ही बदल दिया गया था। न्यायालय ने फैसला सुनाया कि मूल्यांकन पैटर्न सीजीपीएससी के विवेक के भीतर था और मूल विज्ञापन के अनुरूप था। कोर्ट ने आदेश में कहा कि- चयन प्रक्रिया का अंतिम उद्देश्य सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों को सुरक्षित करना है और सीजीपीएससी इसमें सफल रहा। जो उम्मीदवार उचित स्थान पर प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सके, उन्हें सिविल जज के पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं माना जा सकता। याचिकाओं को खारिज कर कोर्ट ने कहा कि सीजीपीएससी की कार्रवाई वैध तथा स्थापित प्रक्रियाओं के अनुरूप थी।

न्यूज गैलरी

तीन छात्राएं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयनित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर से तीन छात्राओं कुमारी अनामिका कक्षा 12वीं, कुमारी चन्द्रमुनी बेक कक्षा 8वीं और कुमारी वर्षा सिंह कक्षा 8वीं का चयन 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुआ है। कुमारी अनामिका लुधियाना पंजाब में 11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2024 तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हैण्डबॉल के बालिका वर्ग 19 में चयनित हुई है। इसी तरह कुमारी चन्द्रमुनी बेक का चयन वाराणसी उत्तर प्रदेश में 10 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2024 तक आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बालीवॉल के बालिका वर्ग 14 में चयनित हुई है। कुमारी वर्षा सिंह का चयन मंदसौर मध्यप्रदेश में 09 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी के बालिका वर्ग 14 में चयनित हुई है। राज्य के विभिन्न कैंपों में ट्रेनिंग उपरांत छात्राएं क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

रौताही बाजार एवं रावत नाच महोत्सव 9 दिसंबर को

जांजगीर/नवप्रदेश। नगर पंचायत पामगढ़ के तत्वावधान में रौताही बाजार एवं रावत नाच महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर को नगर के स्टेडियम खेल मैदान पामगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक रावत नाच शौर्य प्रदर्शन का आयोजन व्यापारी संघ पामगढ़ के द्वारा कराया जा रहा है राउत नाचा महोत्सव में मुख्य अतिथि पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ सोमनाथ यादव, अति विशिष्ट अतिथि सरंक्षण व्यापारी संघ पमगढ़ रामखिलावन ओग्रे, समाज के तरफ से यादव समाज के महामंत्री संग्राम सिंह यादव, अठोरिया यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव, अठोरिया यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, संतोष यादव अधिवक्ता पामगढ़, संतोष यादव ठेठवार यादव समाज, लकेश यादव महासचिव ठेठवार यादव समाज, आकाश यादव विजय यादव की उपस्थिति में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक रावत शौर्य प्रदर्शन में प्रथम से लेकर सप्तम पुरस्कार आने वाले राउत नाचा मंडली को पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 15000 नगद स्व. श्री ध्वजाराम यादव की स्मृति में एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 10000 नगद श्री अर्जुन सिंह यादव की स्मृति में एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 7000 नगद श्री कमोद राम यादव की स्मृति में एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 5000 नगद श्री गिरवर यादव की स्मृति में एवं शील्ड, पंचम पुरस्कार 3000 नगद श्री सतीश यादव की स्मृति में एवं शील्ड, षष्टम पुरस्कार 2000 नगद श्री उदेराम यादव की स्मृति में एवं शील्ड, सप्तम पुरस्कार 1500 नगद श्री प्रदीप यादव की स्मृति में एवं शील्ड दी जाएगी। और सभी पुरस्कृत दलों के वादक दलों को अधिवक्ता संतोष यादव जी की ओर से 501 रुपये से सम्मानित किया जाएगा।

महोत्सव गायक शिवकुमार तिवारी ने एक से बढ़कर एक देवी गीतों की दी प्रस्तुति

माता परमेश्वरी की जयकारों से देर रात तक गूंजता रहा शहर

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज द्वारा आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव के चौथे दिन रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ से सुप्रसिद्ध गायक शिवकुमार तिवारी ने मोर महादेव बैला मा चढ़ के आवत होही ना, रामे के आंगना मा बोयो हव जवारा ओ जैसे एक से बढ़कर एक देवी गीतों का प्रस्तुति दी।

वही महोत्सव के पांचवें दिन सुप्रसिद्ध भजन गायक देवेश शर्मा रायगढ़ वाले द्वारा माता के गीतों की प्रस्तुति कर भक्ति गीतों की बयार बही, दर्शक भक्ति गीत में झूमते नजर आये, बड़ी संख्या में मातारानी की भक्त उमड़ पड़े। आगर खेल मैदान में हुये माता की जगराता में देवांगन समाज के हजारों लोगों की उपस्थित रहे और शहर में देर रात तक भक्ति गीत में झूमते व नाचते हुए माता की जयकारों से गुंज उठा। भजन गायक पूरे जोश खरोश के साथ श्रोताओं को माता के जयकारे लगवाते रहे पूरा शहर माता की जयकारों से देर रात तक गुंजता रहा। जगराता कार्यक्रम में मॉ काली, दुर्गा, बब्बर शेर, राधा कृष्ण के जीवित झांकी का दर्शन एवं प्रभु श्रीराम के गीत नृत्य के माध्यम से आकर्षक प्रस्तुति भी दिया गया। तो वही भगवा रंग की प्रस्तुति पर लोगो ने जमकर जय श्रीराम के जयकारे लगाए भक्तो ने भगवा मय में लीन होकर झूमने लगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेली विधानसभा के क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। इस दौरान देवांगन

समाज जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन, विवेकानंद वार्ड पार्षद गायत्री आनंद देवांगन सहित समाज के लोगों ने समाज के द्वारा बुनकरी कर बनाए गए धागा और पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के पार्षद एवं जिलाध्यक्ष ने मुख्यातिथि मोहले को समाज की विकास हेतु मांग पत्र सौपे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहल्ले ने कहा कि सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव को देवांगन समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम से पिछले 24 वर्षो से मनाते आ रहे है। उन्होंने कहा कि देवांगन समाज ईमानदारी और मेहनत कर अपना जीवन यापन करते हैं। देवांगन समाज शिक्षा, व्यवसाय, राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में भी धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं और समाज भी जागरूक हो रहे हैं। इस दौरान विधायक ने माता परमेश्वरी चौक के सौंदर्यीकरण हेतु 05 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इसके पूर्व विधायक मोहले ने माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से भक्ति गीतों की शुरूआत हुई। जिसमे जसभजन गायक देवेश शर्मा मोर पथरा के देवता, नदिया मा रोवय दाई लाइक, पताल चटनी, नाचे जो बब्बर शेर रे, आमा पान के पतरी जैसे एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान उपस्थिति अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए देवांगन समाज को कार्यक्रम की बधाई व शुभकामनाएं भी दिया। इस दौरान इस दौरान कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी अतिथियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए देवांगन समाज के प्रदेश के उपाध्यक्ष विष्णु देवांगन, युवाध्यक्ष दुर्गेश देवांगन, सुदामा देवांगन, अजय देवांगन, शत्रुहन देवांगन, अमरनाथ देवांगन, द्वय अनिल देवांगन, जगदीश देवांगन, महेश देवांगन, जलेश देवांगन, बलराम देवांगन, नानू देवांगन, कोमल देवांगन यूट्यूबर, लल्ला देवांगन, ददुआ, सूरज, यश, विनय, संजय, तीरथ, नरेश, देवेश, रजत, धनराज, अंशु देवांगन सहित समाज के अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

विष्णु देव सरकार में गांव-गरीब, किसान के विकास के लिए हो रहे कार्य

उप-मुख्यमंत्री साव ने ग्राम नवरंगपुर में सब स्टेशन का किया लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुंगेली जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान ग्राम नवरंगपुर में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्थापित 33/11 केव्ही नवीन सब स्टेशन का लोकार्पण किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज बहु प्रतीक्षित मांग पूरा हुआ है। इस नवीन सब स्टेशन के शुभारंभ से क्षेत्र के 22 ग्रामों के लगभग 06 हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करेंगे। गांव-गरीब, किसान सभी के विकास के लिए कार्य करेंगे। क्षेत्र में बिजली की समस्या थी, जिसे हल करने का सार्थक प्रयास हुआ है। अब ग्रामीणों को कोई समस्या नहीं होगी। उप-मुख्यमंत्री श्री साव ने ग्रामीणों से कहा कि बिजली की फिज़ूल खर्ची नहीं करनी है, बिजली की बचत करना है। गौरतलब है कि ग्राम नवरंगपुर, डिंडोरी, कठौतिया इत्यादि ग्राम खुड़िया फीडर से अधिक दूरी होने के कारण लो वोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती थी। ग्राम नवरंगपुर में 33/11 केव्ही सब स्टेशन का लोकार्पण होने से आसपास के लोगों को इस समस्या से निजात मिलेगी। विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता एके अमबस्ट ने बताया कि नवरंगपुर उप केंद्र बनने से पथर्रा फीडर के 08 ग्राम आछीडोंगरी, राम्हेपुर, भस्करा, लीलापुर, खैराखुर्द, पीथमपुर, डबरी आदि ग्राम नवरंगपुर सब स्टेशन से जुड़ेंगे। जिससे अधिक लोड की समस्या का निजात और उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली प्राप्त होगी। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता एस.के. जांगड़े, कार्यपालन अभियंता मुंगेली अंशु वासने, गणमान्य नागरिक महाजन जायसवाल, रवि शर्मा, कोमल गिरी गोस्वामी, प्रदीप मिश्रा, धनीराम यादव, जवाहर दिवाकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

रजनीकांत अभिभाषक एवं लोक अभियोजक नियुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग ने जिले के लिए अधिवक्ता रजनीकांत सिंह ठाकुर को शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक नियुक्त किया है। इस पद की जिम्मेदारी पाने वाले वे प्रदेश के सबसे युवा अधिवक्ता हैं।

उल्लेखनीय है कि मुंगेली जिला अंतर्गत ग्राम घुठेली निवासी स्व. मेहतर सिंह ठाकुर एवं श्रीमती सविता ठाकुर के सुपुत्र रजनीकांत ने कौशलेंद्र राव विधि महाविद्यालय बिलासपुर से एलएलबी की पढ़ाई पूरी वर्ष 2009 में व्यवहार न्यायालय मुंगेली में वकालत शुरू किया था। उनकी लगन और अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि कुछ वर्षों में ही उन्होंने विशिष्ट युवा अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बना ली है। उन्हें हाईकोर्ट और जिला न्यायालय स्तर के अनेक प्रशिक्षण सत्रों सहित अन्य आयोजनों के मंच से अपनी बात रखने का अवसर मिल चुका है। वे मिडिएशन की 48 घंटों की ट्रेनिंग पूरी कर ईसीटीसी के ट्रेनर रह चुके हैं। स्कूल-कालेज शिक्षा के समय से ही श्री ठाकुर खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ विविध धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे वर्तमान में जिला अधिवक्ता संघ के सहसचिव के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

कांग्रेसियों ने बिना आयोजन कर दिया बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति राजनीतिक पार्टियों के लिए खेल तमाशा बनकर रह गया है। 6 दिसम्बर की देर शाम तक नगरीय प्रशासन के अधिकारियों ने मूर्ति अनावरण को लेकर रोक लगा दी थी। वहीं शनिवार को जिले के तीन कांग्रेसी विधायक समेत नगरपालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल ने लाव लस्कर के साथ मूर्ति स्थल में जाकर मूर्ति का अनावरण कर दिया है।विडंबना यह है मौके पर जिनके बूते कानून व्यवस्था बनाने की जिमेदारी थी वे खुद मूकदर्शक बनकर देखते रहे। वहीं नगरपालिका के सीएमओ का पता नहीं था। जबकि जिला प्रशासन के निर्देशन में सीएमओ ने मूर्ति के अनावरण पर रोक लगाई थी। सीएमओ ने यह भी कहा था कि जिला प्रशासन के बिना अनुमति के अगर किसी के द्वारा उक्त स्थल पर कोई कार्यक्रम आयोजिक करेगा तो कानून व्यवस्था की संपूर्ण जवाबदारी उनकी होगी। लेकिन गोपनीय तरीके से कांग्रेसियों ने ऐसी चाल चली कि भाजपाई चारों खाने चित्त हो गए। वहीं कांग्रेसी अपनी मकसद पर कामयाब हो गए। शनिवार की दोपहर एक बजे कचहरी चौक में एक व्यक्ति नजर नहीं आ रहा था। भाजपाई सोंच रहे थे कि हम मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम को स्थगित कराने कामयाब हो गए, लेकिन कांग्रेसियों ने दूर दराज से लोगों की भीड़ इकट्ठी कर जांजगीर - चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह व पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल बाबा अंबेडकर की मूर्ति के पास पहुंचे और नारेबाजी करते हुए मूर्ति का अनावरण करा दिया। जबकि मौके पर तहसीलदार राजकुमार मरावी, एसडीओपी प्रदीप शोरी, विजय पैकरा, टीआई प्रवीण कुमार द्विवेदी सहित आसपास के तहसीलदार व पुलिस कर्मियों को मौके पर लगाया गया था। सारे के सारे पुलिस अफसर व कर्मचारी मौके पर कांग्रेसियों के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को देखते रहे।

भाजपाई कह रहे फिर से कराएंगे कार्यक्रम

मूर्ति अनावरण कार्यक्रम की लड़ाई अभी यहीं थमने का नाम नहीं ले रही है। भाजपाई अब ईंट का जवाब पत्थर से देने की रणनीति बना रहे हैं। भाजपाई अब अभाविप, युवा मोर्चा, वरिष्ठ भाजपाई सहित तमाम नेताओं की बैठक लेकर नई रणनीति तैयार कर रहे हैं। भाजपाई अब फिर इसी मूर्ति का अनावरण करना चाह रहे हैं। जिसमें बड़े नेताओं को बुलाकर धूमधाम से कार्यक्रम करने की बात कह रहे हैं।

बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर हुई विविध कार्यक्रम

लखनपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उदयपुर इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय उदयपुर में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य वंदना पाण्डेय, अभाविप प्रदेश सह मंत्री अनंत सोनी, अभाविप उदयपुर इकाई के नगर मंत्री प्रवीण पैंकरा उपस्थित रहे अभाविप प्रदेश सह मंत्री अनंत सोनी ने कहा विद्यार्थी परिषद बाबा साहेब को केवल 06 दिसम्बर ओर 14 अप्रैल को याद करने वाला संगठन नहीं है अपितु वर्ष भर सामाजिकता समरसता का भाव लेकर परिसर-परिसर जाने वाला संगठन है।

बाबा साहब ने देश को परिवार बना दिया : आरती

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 69वी महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलन कर बाबा साहब के जीवन गाथा को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर के निर्देशानुसार उक्त व्याख्यान माला एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य आशा दिवाकर ने कहा कि देश के आजादी के बाद जो संविधान बाबा साहब ने लिखा जिससे देश आज एक परिवार की तरह है उन्होंने देश को बिखरने नही दिया आज उनके पुण्य तिथि पर ऐसे देश भक्त को नमन करती हूं।

संस्था के व्यवस्थापक एच आर भास्कर ने कहा कि देश के लिए उन्होंने परिवार सहित जो त्याग और बलिदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता आजादी के पहले और इतने वर्षो बाद भी उनके जैसे उदार हृदय के कोई नेता नहीं हुए सच्चे अर्थो में वे महा मानव थे। साथ ही संस्थान को प्रेरणा और सहयोग देने वाले उन सभी विशिष्टजनों को भी हृदय से नमन करता हूं अंत में संस्था के सदस्य एवं पदाधिकारी, छात्र छात्रा, अभिभावक तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

विधायक, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निक्षय-निरामय रथ रवाना

जांजगीर/नवप्रदेश। भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टीबी रोग के उन्मूलन की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत आज जिला मुख्यालय के ऑडिटोरियम में ÷निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़÷ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 23 मार्च 2025 तक 04 चरण में आयोजित किया जाएगा। आडिटोरियम में आज निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिनों तक टीबी, मलेरिया एवं कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी तथा उनका उपचार किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे लोगों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने टीबी और कुष्ठ जैसी बीमारियों से लड़ाई लड़ी और आज स्वस्थ जीवन का आनंद उठा रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित जिले को टीबी ,कुष्ठ मुक्त बनाने शपथ ली गई । इस दौरान ÷निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़÷ रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक एवं अतिथियों ने रवाना किया। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, जांजगीर-नैला नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, गुलाब सिंह चंदेल, इंजी. रवि पाण्डेय, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती स्वाति वंदना सिसोदिया, डीपीएम श्री उत्कर्ष तिवारी, डॉ. पी. एस. बैस टीबी नोडल अधि., डॉ. महेन्द्र सोनी बीएमओ अकलतरा पामगढ़ डॉ. दीपक जायसवाल जी सिविल सर्जन अधि, डॉ. सौरव यादव बीएमओ पामगढ, डॉ. व्ही. के. पैगवार नोडल अधि. कुष्ठ, डॉ. रामायण सिंह बीएमओ अकलतरा, जांजगीर- डॉ. अभिषेक कौशिक, पार्थ प्रताप सिंह बीपीएम अकलतरा, डॉ. आजम्बर सिंह बीएमओ बम्हनीडीह, लखन लाल उरांव डीडीएम, सोमेश तिवारी, डीपीसी विनोद गोपाल, प्रशांत सिंह , सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं नर्सिंग के विद्यार्थी उपस्थित थे।

आयोजन

बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए शाला के छात्रों का स्वागत एवं सम्मान कर स्मृति चिन्ह् भेंट किया

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के वार्षिक उत्सव में छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

मुंगेली/नवप्रदेश। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में रंगारंग वार्षिक उत्सव जीवन के रंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तीज त्यौहारों की प्रस्तुति, जिसमें सुआ नृत्य, पंथी नृत्य गौरा गौरी की अराधना, गेडी नृत्य, राऊत नृत्य, की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए शाला के छात्रों का स्वागत एवं सम्मान स्मृति चिन्ह् भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि डिप्टी कलेक्टर मेनका प्रधान, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर एवं सेंट जेवियर्स ग्रुप आफ स्कूल के प्रबंध निदेशक एवं भारतीय एथलेटिक्स संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जीएस पटनायक थे। अतिथियों के आगमन पर स्वागत शाला के छात्रों ने शाला के बैंड में मार्च पास्ट कर किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं गणेश के वंदना के उपरांत किया गया। स्वागत भाषण एवं शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य शुभेंदु मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह् भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रभाकर पाण्डेय ने अभिभावक एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों की सांस्कृतिक प्रतिभा का विकास होता है और आपसी समन्वय स्थापित करने में सफल होते हैं। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें गणेश वंदना, मां महाकली के द्वारा रक्तबीज के वध की आकर्षक प्रस्तुति, साल के बारह महीने में होने वाले तीज त्यौहारों की प्रस्तुति, जिसमें सुआ नृत्य, पंथी नृत्य गौरा गौरी की अराधना, गेडी नृत्य, राऊत नृत्य, की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में भांगड़ा, गरबा, गढवाली नृत्य, पिरामिड का प्रदर्शन किया गया। नर्सरी के छात्रों द्वारा वन्यजीव के संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति सराहनीय रहा। उपस्थित अतिथि एवं अभिभावकों ने सभी प्रस्तुति की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए शाला प्रबंधन एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए शाला के छात्रों का स्वागत एवं सम्मान स्मृति चिन्ह् भेंट कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रभाकर पटनायक, लेखा पटनायक, दिव्या पटनायक, सुप्रिया एपी, डॉ. बीबी महता सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

भरतलाल को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनारपारा महामाई वार्ड निवासी मीसा बंदी एवं प्रतिष्ठित नागरिक भरतलाल सोनी का 95 वर्ष की उम्र में आज निधन हो गया। वे स्व. बलराम सोनी व दीपक सोनी के पिता थे। शासन के निर्देशानुसार जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा स्व. श्री सोनी को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया गया। भरतलाल सोनी प्रमुख लोकतंत्र सेनानी (मीसाबंदी) थे।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आपातकाल (1975-77) के दौरान मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम) के तहत जेल में रहे लोगों के दिवंगत होने के बाद उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने और अंत्येष्टि हेतु 25000 रुपए उनके परिवार प्रमुख को देने का फैसला किया है। शासन के निर्देश के परिपालन में स्व. श्री सोनी को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से जयराम के जीवन में लौटी मुस्कान

■ दिव्यांग जयराम को प्रदान किया गया रोलेटर और ट्राईसाईकिल

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की संवेदनशील पहल से कवर्धा विकासखंड के ग्राम मनिकचौरी निवासी दिव्यांग जयराम यादव के जीवन में नई आशा की किरण जगी है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर आज कवर्धा विधायक कार्यालय में जयराम को रोलेटर और ट्राईसाईकिल प्रदान की गई, जिससे उसके जीवन में एक नई रफ्तार आई है। दिव्यांग जयराम अभी कक्षा दूसरी के छात्र है, उन्हें अपने स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ट्राईसाईकिल मिलने के बाद अब वह बिना किसी परेशानी के स्कूल आ-जा सकेगा। इस सहायता ने न केवल उसकी शारीरिक बाधाओं को कम किया है, बल्कि उसके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा की संवेदनशील पहल से जिले के दिव्यांगजनों और अन्य जरूरतमंदों को भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को समान अवसर और साधन मिलें, ताकि वह अपने सपनों को साकार कर सके। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने समाज के कमजोर और दिव्यांग वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उनकी पहल से यह सुनिश्चित हो रहा है कि कोई भी व्यक्ति अपनी परिस्थितियों के कारण पीछे न छूटे। इस कदम ने न केवल जयराम बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों को प्रेरणा मिल रही है। दिव्यांग जयराम के पिता श्री गणेश यादव ने इस महत्वपूर्ण सहायता के लिए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मदद उनके परिवार के लिए बहुत मायने रखती है और अब जयराम का भविष्य बेहतर और सुगम होगा।

निकाय कर्मचारियों के जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल को मिल रहा समर्थन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल का आज पांचवां दिवस हैं। जिसमें संघ की प्रमुख मांगों में प्लेसमेंट कर्मचारियों ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को निकाय कर्मचारी का दर्ज दिया जाए, निकाय में विगत 5 वर्ष से अधिक कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए, शासन की घोषणा अनुसार अन्य विभागों के तर्ज पर 4000 प्रतिमाह श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जाए, नगर पालिका परिषद बेमेतरा मे मई 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित श्क्क्न एवं ईएसआईसी राशि भुगतान किया जाए, नियमित वेतन भुगतान दिया जाए।

विधायक भोलाराम साहू ने संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

छुरिया/नवप्रदेश । विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 खुज्जी के वनाँचल क्षेत्र ग्राम उचईपुर (चिखलाकसा), विकासखंड छुरिया में आयोजित संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुभारंम कार्यक्रम में माननीय लोकप्रिय विधायक खुज्जी भोलाराम साहू जी सम्मिलित हुएद्य इस दौरान विधायक श्री साहू जी ने खेल के शुभारंभ से पूर्व मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर, खेल प्रतियोगिता शुभारंभ हेतु ध्वजारोहण किए एवं खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किए, इसी क्रम में बालिकाओं के द्वारा अतिथियों के स्वागत हेतु सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दिए माननीय विधायक जी उन्हें पुरस्कार राशि देकर उनका भी उत्साहवर्धन किए. श्री साहू जी ने जनसमूह एवं खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए एवं अतिथियों के आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त किए तथा खेल को शारीरिक स्वास्थ्य एवं बौद्धिक विकास हेतु अहम हिस्सा होना बताया।

■ न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0 के लिए शहरों में लगे कैम्प : संतोष पांडे

राजनांदगाव/नवप्रदेश । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्रांतिकारी सोच ÷सभी के सिर हो अपने घर की छत÷ को पूरा करने विष्णुदेव की सरकार लगातार लोगों तक पहुंच रही है । छत्तीसगढ़ की इस सार्थक पहल की सफलता शहरी क्षेत्रों में आवासहीनों को आवास की सुविधा देकर ही की जा सकती है । राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के द्वितीय चरण की शुरुआत के लिए शहरों में शिविर लगाने की माँग की है । उन्होने पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के नियमों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति हेतु शिविर लगाया जाना चाहिए । पूरे प्रदेश में शिविर के माध्यम से गरीब एवं जरुरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जैसी महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से आधिक लाभ प्राप्त कर सकें ।

देवरी भाटा मैदान में मिला चौकीदार का शव, पुलिस जांच में जुटी

भाटापारा/नवप्रदेश। देवरी भाटा मैदान में मिल में कार्यरत एक चौकीदार का शव औंधे मुंह मिला है।इस आशय की सूचना ग्रामीण पुलिस को प्रातः मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर उसका मुआयना किया और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के सिर पर चोट के निशान दिखने से पुलिस सभी एंगल से जांच में जुट गई है पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के बाद मामले को विवेचना में ले लिया है तथा शव का पोस्टमार्टम करने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान देवरी निवासी राजेंद्र वर्मा उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है ।मृतक नजदीक की किसी मिल में चौकीदार के रूप में कार्यरत था।शव के सिर पर चोट के मामूली निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है की घटना बीती रात की हो सकती है।

बढ़ईटोला में हुआ विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम

सांस्कृतिक और लोक कला से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा बेहतर ढंग से निखरती है : घम्मन साहू

■ स्कूल मरम्मत के लिए डेढ़ लाख ,10 हजार की पुस्तक व 10 हजार का बोर्ड दिया

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के बढ़ईटोला में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू के मुख्यआतिथ्य अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने की । जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत द्वारा बढ़ईटोला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू ने कहा कि ये पीएम मोदी व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार के नेतृत्व में छात्रों एवं युवाओं के हित में स्वर्णिम पहल है और ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमेशा होते रहना चाहिये । क्योंकि ऐसे खूबसूरत युवा उत्सव कार्यक्रम से छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभा बेहतर ढंग से निखरती है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है. उन्होंने समस्त छात्रों को महापुरुष स्वामी विवेकानंद के बारे में पढने् व उनके महान जीवन से प्रेरणा लेने की नसीहत दी। मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने स्कूल परिवार द्वारा हाई स्कूल की मरम्मत के लिये राशि की मांग पर कार्यक्रम स्थल से ही जिलाधीश चंद्रकांत वर्मा से दूरभाष में बात कर स्कूल की मरम्मत के लिये डेढ़ लाख रुपये दिलवाने की घोषणा की। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते छात्रों को सफल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया । विप्लव साहू ने शासकीय स्कूल में 10 हजार रुपये का ब्लैक बोर्ड व 10 हजार रूपये की ज्ञानवर्धक पुस्तक जिला पंचायत निधि से प्रदान की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुरली वर्मा, जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, सभापति पारखदास कोसरे, सभापति हिमाचल सिंह राजपूत, जनपद सदस्य प्रतिनिधी गणेशराम वर्मा व बढ़ईटोला हाई स्कूल शाला विकास समिति अध्यक्ष विश्राम वर्मा द्वारा विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हर्ष चंद्राकर लोकनृत्य मे प्रथम, ईशा की पंडवानी प्रथम

युवा उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तत्कालिक भाषण व कविता आदि विधाओं में 15 से 29 आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं ने भाग लिया । जिसमें व्यक्तिगत लोकनृत्य में हर्ष चंद्राकर, सामूहिक लोकनृत्य में परमानंद एवं साथी प्रथम स्थान, व्यक्तिगत लोकगीत में ईशा बघेल (पंडवानी) प्रथम स्थान, सामूहिक लोकगीत में सौम्या एवं साथी प्रथम स्थान पर रहें।

लाखों प्रदेशवासियों का पूर्व पीएम अटलबिहारी वाजपेयी ने सम्मान बढ़ाया

धमतरी/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा लाखों छत्तीसगढ़ वासियों के भावनाओं का सम्मान करते हुए अविभाजित मध्य प्रदेश से पृथक कर छत्तीसगढ़ राज्य को देश के नक्शे में अलग पहचान प्रदान की जिसके लिए राज्य की जनता सदैव उनका ऋणी रहेगी, दूसरे अर्थो में आज यदि हम अपने घर के बाहर या परिचय में राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ अंकित करते हैं तो वह कवि हृदय, मृदु भाषी, संवेदनशील व्यक्तित्व, राष्ट्र स्वाभिमान के पुरोधा अटल बिहारी वाजपेई जी की देन है उक्त बातें नगर निगम के तेज तरार पार्षद एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी द्वारा कहते हुए बताया कि, आज यदि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार और नगर निगम द्वारा उनके नाम पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाईपास विभाजित चौक के नामकरण स्वर्गीय अटल चौक के नाम पर किया जाता है तो वह स्वागत योग्य है इस चौक के नाम पर अनावश्यक विवाद पैदा करने के लिए नगर निगम के कांग्रेस के जिम्मेदार लोगों को नसीहत देते हुए श्री मोटवानी ने आगे कहा है कि अच्छी चीजों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मन को बड़ा रखते हुए खुले विचारधारा के साथ स्वागत करना चाहिए यही समय और राजनीतिक सुचिता का परिचायक है उन्होंने आगे कहा है कि अच्छी चीजों का विरोध नहीं होना चाहिए और गलत कार्यों को प्रश्रय नहीं देना चाहिए कांग्रेस का पूरा 5वर्ष नगर विकास को बाधित करना भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी जैसे बुरे कार्यों को प्रसारण देने की बलि चढ़ गया है जिसे जनता अब जान चुकी है और उनके घड़ियाल ही आंसू पर सबक सिखाने के लिए आगामी नगरीय निकाय चुनाव का इंतजार कर रही है।

लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साहू

छत्तीसगढ़ में भाजपा और विष्णुदेव की सुशासन वाली सरकार कर रही चहुंमुखी विकास : दीपेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तरकोरी मे विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का श्री फल साल भेटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत तरकोरी में विधायक निधि द्वारा यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 5 लाख रुपए, सामुदायिक शौचालय लागत राशि 3 लाख 50 हजार रुपए, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अतिरिक्त कक्ष लागत राशि 5 लाख रूपये, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आहाता निर्माण लागत राशि 5 लाख रूपये, विधायक निधि द्वारा सीसी रोड निर्माण 2 लाख 60 हजार रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया, ग्राम पंचायत तरकोरी में कुल मिलाकर 21 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने के लिए सर्वप्रथम ग्रामवासियों का आभार धन्यवाद प्रकट किया।

राज्य सेवा परीक्षा के टॉपर रविशंकर वर्मा का खरोरा के युवाओं ने किया स्वागत

खरोरा/नवप्रदेश। सीजीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा 2023 के टॉपर रविशंकर वर्मा के खरोरा पहुँचने पर खरोरा के युवाओं व्दारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ग़ौरतलब है कि पिछले दिनों सीजीपीएससी 2023 का फ़ाइनल रिज़ल्ट जारी किया गया। इसमें बलौदाबाजार ज़िला अंतर्गत पलारी विकासखंड के ग्राम कोसमंदी के रहने वाले रविशंकर वर्मा ने टॉप किया। वर्तमान में रविशंकर वर्मा बैकुंठपुर में ज़िला रोज़गार अधिकारी के रूप पदस्थ हैं। इसके साथ ही उन्होंने फिर से सिविल सर्विस की तैयारी की और इस बार उन्हें टॉप 10 की सुची में पहला स्थान प्राप्त हुआ। रविशंकर वर्मा अब डिप्टी कलेक्टर के रूप में अपनी सेवा देंगे। कई प्रयासों के बाद रविशंकर वर्मा को मिली ये बड़ी सफलता युवाओं के एक मिसाल है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर पहली बार अपने गृह ग्राम कोसमंदी को निकले रविशंकर वर्मा का आज खरोरा पहुँचने पर खरोरा के युवाओं व्दारा गर्मजोशी से स्वागत किया इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद तोरण ठाकुर, भाजपा नेता विकास ठाकुर, मदन देवांगन, कुंदन वर्मा, बलदीप सिंग आहूजा, आकाश मनहरे, चंदन पाण्डेय, जानी डहरीया, शिवम साहू, देव देवांगन, गणेश देवांगन, तामेश्वर मरकाम, जनार्दन सुर्यवंशी, चंद्रशेखर साहू, विष्णु धीवर, पिंटू सायतोडे, प्रशांत देवांगन, साहिल कुमार, ईश्वर धीवर, महावीर साहू, तोकेश वर्मा, बादल विश्वकर्मा, प्रियांशु देवांगन, दुष्यंत साहू आदि लोग शामिल थे।

सांकरा में सांकरा प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा कल से

नगरी/नवप्रदेश। दिसंबर से 11 दिसंबर तक, नगरी - प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सांकरा में फ्रेंड्स इलेवन स्पोट्र्स क्लब सांकरा के तत्वाधान में सांकरा प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 09 दिसंबर 2024 से 11 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है इस स्पर्धा में ग्राम पंचायत सांकरा के सभी उम्र के क्रिकेट खिलाड़ी आमंत्रित हैं और इस स्पर्धा में भाग लेने के लिए पंजीयन करा सकते हैं व प्रवेश की अन्तिम तिथि 07 दिसंबर तक रहेगा उक्त स्पर्धा में बबला श्रीमाली मो.8889678382, योगेन्द्र बोरझा मो.997756 9272, भूपेन्द्र यादव मो.9516268 572, प्रेमानंद ध्रुव मो.7389466513 से अपना पंजीयन हेतु सम्पर्क कर सकते हैं ।

पोटियाडीह के युवक के आत्महत्या पर आक्रोश व्यक्त किया सनातन सेना ने

धमतरी/नवप्रदेश। विगत दिवस धमतरी शहर के समीप स्थित ग्राम पोटियाडीह में एक युवक के धर्मांतरण के लिए दबाव में आने पश्चात आत्महत्या करने के बाद धमतरी जिले के सनातन सेना ने इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए इसकी कड़ी निन्दा की। सनातन सेना की ओर से डाकेश्वर साहू ने बताया कि आज पूरे जिले में इस प्रकार का धर्मांतरण और प्रार्थना सभा का खेल खुलेआम चल रहा आज एक नवजवान युवक अपने परिवार और धर्म की रक्षा हेतु स्वयं के प्राणों की आहुति, दे दिया गया ।

अग्निवीर का ग्राम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

■ 2 साल की कड़ी मेहनत पर मिला मुकाम, 7 माह ट्रेनिंग के बाद पहुँचा घर

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम कुम्हारी के अग्निवीर राहुल कैवर्त आज 7 माह नासिक(महाराष्ट्र)में ट्रेनिंग करने के पश्चात अपने गृह ग्राम कुम्हारी पहुँचा।इस दौरान परिवारजनों सहित दोस्तों ने अग्निवीर जवान का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। आपको बता दे कि राहुल कैवर्त पिता छतराम कैवर्त का चयन इसी वर्ष 25 अप्रैल 2024 को रायपुर में रैली के दौरान हुआ था। इसके बाद राहुल कैवर्त ट्रेनिंग के लिए निकल गए थे।राहुल कैवर्त ने बताया कि 2 वर्ष की कड़ी मेहनत एवम माता पिता के आशीर्वाद व गुरुजनों के मार्गदर्शन से आज इस मुकाम पर पहुँचा हूँ। राहुल कैवर्त का आज ट्रेनिंग के बाद घर पहुँचने पर भव्य रंग, गुलाल, पुष्पों से स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्यरूप से राहुल के मित्रगण सुमित साहू,सुनील यादव, संजय कैवर्त, तुषार पटेल, देव पटेल,दीपक कैवर्त, कामेश पटेल,धनीराम कैवर्त,दीपक साहू,युवराज कैवर्त,अश्वनी प्रधान, कमलेश कैवर्त, पप्पू साहू,मुकेश,रामकुमार पटेल, सूरज पटेल,हर्ष कैवर्त, दिलीप पटेल(पंच)उपस्थित थे।

सराहनीय पहल ... | निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान से स्वास्थ्य में होगा सुधार : सुशीला भट्ट

■ निक्षय रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट एवं जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज और जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी ने अभियान का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जिले में टीबी और कुष्ठ रोगियों की त्वरित खोज, जांच और शीघ्र उपचार करना है। साथ ही, वयोवृद्ध लोगों की देखभाल कर उन्हें रोगमुक्त करना भी अभियान का हिस्सा है। मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर रोगियों की पहचान और उपचार प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इस दौरान बताया कि सही समय पर लक्षणों की पहचान और इलाज से टीबी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

मुख्य अतिथि सुशीला भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान जिले में रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार प्रदान करने के लिए एक सराहनीय पहल है। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय अभियान छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में आज से प्रारंभ हो रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि जब सर्वे टीम उनके घर आए तो वे पूर्ण सहयोग करें और यदि किसी को बीमारी के लक्षण हों, तो उसकी सही जानकारी सर्वे टीम को दें ताकि समय पर जांच और इलाज संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान निक्षय वाहन और द्धश्वष्ट रथ को मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने उपस्थित मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और स्वास्थ्य अमले को अभियान की सतत निगरानी के निर्देश दिए।

कार्यक्रम का समापन सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. केशव ध्रुव द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सर्वे टीम को अपना सहयोग दें और यदि किसी प्रकार के लक्षण हों तो तुरंत जानकारी प्रदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी श्री अंशुल (शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक), श्रीमती अलका दुबे, आनंद दास, दिनेश तिवारी, आर.एस. मरावी, निलेश टांडेकर, नितिन सोनी, चंदन टीकम, भवानी सिंह, मोहन राम साहू, गौरव सोनी सहित मितानिन, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अवैध मुरुम उतखानन की शिकायत का विधायक ने लिया जायजा

नगरी/नवप्रदेश। दिलीप बिल्डकॉन लिमिडेट कंपनी के द्वारा विभगत कई महीनों से पालवाड़ी सोनझरी के पास अवैध रूप से मुरुम उतखानन किया जा रहा है जिसके लिए किसी भी प्रकार की आधिकारिक परमिशन नहीं ली गई है जिसमें रोजाना लगभग 100 ट्रिप के करीब मुरुम की खानन कर कंपनी के द्वारा भारतमाला में अवैध रूप से डाला जा रहा है ज्ञात हो की भारतमाला का रोड अरबो रुपए की लागत से बनाया जा रहा है लेकिन मुरूम के लिए परमिशन नहीं होना प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है जिसकी शिकायत ग्रामीण जनों ने विधायक महोदया से की थी जिस पर विधायक सिहावा अंबिका मरकाम ने मुरुम खानन स्थल पहुंचकर अवैध उतखानन के संबंध में जायजा लिया तो पता चला कि इसकी जानकारी विभाग को नही है जिसे विधायक मरकाम ने संज्ञान में लेते हुए इस अवैध उतखानन पर विभागीय जांच कराने की बात कही जो कि क्षेत्र के प्रति विधायक महोदया के संवेदनशील को दर्शाता है ।

न्यूज़ गैलरी

तीन माह में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़े पाम ऑयल के दाम

मुंबई। सब्जी, दाले, और खाद्य तेलों की बढ़ती हुई कीमतों ने महंगाई की आग में घी डालने का काम कर रही हैं। इसकी वजह रसोई का बजट तो बिगड़ रहा है, साथ ही आम लोगों की जेब पर इसका असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाम तेल की कीमतों में वृद्धि बनी हुई है, इसकी वजह से 920 रुपये प्रति 10 किलो की कीमत पर बिकने वाले पाम तेल के दाम 1360 रुपये प्रति 10 किलो पर पहुंच गए हैं। सब्जी, दाले, और खाद्य तेलों की बढ़ती हुई कीमतों ने महंगाई की आग में घी डालने का काम कर रही हैं। इसकी वजह रसोई का बजट तो बिगड़ रहा है, साथ ही आम लोगों की जेब पर इसका असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाम तेल की कीमतों में वृद्धि बनी हुई है, इसकी वजह से 920 रुपये प्रति 10 किलो की कीमत पर बिकने वाले पाम तेल के दाम 1360 रुपये प्रति 10 किलो पर पहुंच गए हैं। इसका असर अब सूरजमूखी के तेल पर भी देखने को मिला है। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के अनुसार पिछले 3 महीने से अधिक समय में खाद्य तेलों के दामों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक दाम बढ़ चुके हैं और अभी भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार आ रही तेजी की खबरों ने सामान्य लोगों का तेल कहे जाने वाले पाम तेल को खाने के तेलों में सबसे ऊंची पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया है। तीन महीने पहले 920 रुपए प्रति 10 किलो बिकने वाले पाम तेल के दाम 1360 रुपए प्रति 10 किलो तक पहुंचा दिए हैं।

किसान संगठनों व एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली। किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और अवसरों को समझने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कृषक समुदाय के प्रतिनिधियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव साझा किए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को किसान संघों के प्रतिनिधियों, प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व बैठक की। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के आगामी बजट के लिए हितधारकों के इनपुट और सुझाव एकत्र किए गए।

प्रिजन टू प्राइड के नवें चरण और नई दिशा - भविष्य को फिर से परिभाषित करने छठवें चरण का शुभारंभ

इंडियन ऑयल ने जेल के कैदियों और सुधार गृहों के लिए अपनी अग्रणी पहल का विस्तार किया

मुंबई। जेल के कैदियों और सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयास में, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष ए एस साहनी ने इंडियन ऑयल के परिवर्तन - प्रिजन टू प्राइड के चरण नवें और नई दिशा - भविष्य को फिर से परिभाषित करना के चरण छठवें चरण का शुभारंभ किया। इस चरण में, इंडियन ऑयल 28 जेलों और 14 सुधार गृहों में 1650 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा।

अद्वितीय सामाजिक प्रबंधन कार्यक्रमों के नौवें चरण का उद्घाटन करते हुए, अध्यक्ष ने साझा किया कि उन्हें इस बात पर बेहद गर्व है कि इंडियन ऑयल कैदियों को दूसरा मौका दे रहा है और खेल के रूप में उन्हें उद्देश्य दे रहा है। उन्होंने कहा, ÷पिछले 38 महीनों में ये कार्यक्रम 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 150 स्थानों तक पहुँच चुके हैं। 7,300 से ज़्यादा लोगों के जीवन पर इसका असर पड़ा है और ये प्रयास इंडियनऑयल के %राष्ट्र पहले% के सिद्धांत के अनुरूप हैं, जो व्यापार से परे जाकर सबसे कमज़ोर लोगों की मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।÷ भारतीय जेलों में अन्य कल्याणकारी पहलों पर प्रकाश डालते हुए, श्री साहनी ने कहा, ÷इन सराहनीय पहलों के अलावा, हम अपनी उम्मीद-ए-होप परियोजना के ज़रिए भी लोगों के जीवन में बदलाव ला रहे हैं। राज्य जेल विभागों के सहयोग से, हमने मौजूदा और पूर्व कैदियों द्वारा संचालित ईंधन स्टेशन स्थापित किए हैं। इसके अलावा, पिछले साल नई दिल्ली में इंडियनऑयल के ईंधन स्टेशन पर पहले तिहाड़ जेल स्टोर (टीजे) का उद्घाटन हाशिए पर पड़े समुदायों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इस अवसर पर, भाग लेने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और जेल अधिकारियों ने इस अनूठे हस्तक्षेप के लिए इंडियनऑयल को धन्यवाद दिया, जो सुधार गृहों में कैदियों और बच्चों को बेहतर जीवन जीने और समाज में उपयोगी योगदान देने में मदद करेगा। परिवर्तन - जेल से गौरव तक, जिसे 15 अगस्त, 2021 को आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत भारत के स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के समारोह के साथ लॉन्च किया गया था। निगम ने 26 जनवरी, 2023 को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का पहला चरण भी लॉन्च किया था। आज के लॉन्च के साथ, यह पहल अब दस खेलों के माध्यम से 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 192 स्थानों पर सुधार गृहों में 8950 से अधिक कैदियों और बच्चों को सशक्त बनाती है। यह पहल न केवल कोचिंग की सुविधा प्रदान करती है, बल्कि प्रतिभागियों के लिए उपकरण और किट भी प्रदान करती है।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब अनुमानित आयात के लगभग एक वर्ष को कवर करने के लिए पर्याप्त

गिरावट के बाद आई उछाल, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी

दिल्ली। लगातार आठ हफ्ते की गिरावट के बाद भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, इसके साथ ही लगातार आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम भी लग गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार 1.510 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जैसा कि इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चला। वहीं, अनुमान बताते हैं कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब अनुमानित आयात के लगभग एक वर्ष को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संचयी गिरावट आई। विदेशी मुद्रा भंडार या एफएक्स भंडार, किसी देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्राधिकरण की तरफ से रखी गई संपत्तियां हैं, जो मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर जैसी आरक्षित मुद्राओं में होती हैं, जिनका छोटा हिस्सा यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग में होता है। आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजारों पर बारीकी से नजर रखता है, केवल व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने और रुपये की विनिमय दर में अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, बिना किसी निश्चित लक्ष्य स्तर या सीमा का पालन किए। आरबीआई अक्सर रुपये के मूल्यह्रास को रोकने के लिए डॉलर बेचने समेत तरलता का प्रबंधन करके हस्तक्षेप करता है। एक दशक पहले, भारतीय रुपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में से एक था। तब से, यह सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक बन गया है। आरबीआई ने रणनीतिक रूप से रुपया मजबूत होने पर डॉलर खरीदे हैं और कमजोर होने पर बेचे हैं।

सबसे उचे स्तर को छूने बाद शुरू हुई थी गिरावट

सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। रुपये के तेज अवमूल्यन को रोकने के उद्देश्य से आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण भंडार में गिरावट आ रही है। पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बफर घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक झटकों से बचाने में मदद करता है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 568.852 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में स्वर्ण भंडार 66.979 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

आरबीआई गवर्नर और वित्त मंत्री की मुलाकात

एलआईसी बीमा सखी योजना का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (स्ढ्ढष्ट) एक नई योजना की शुरुआत करने वाला है। खास बात यह है की इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

पीएम मोदी सोमवार को हरियाणा के पानीपत में आयोजित एक कार्यक्रम में एलआईसी की बीमा सखी योजना का उद्घाटन करेंगे। खबरों के मुताबिक इस समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्र सरकार और राज्य सरकार के चुनिंदा मंत्री शामिल होंगे। एलआईसी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक बीमा सखी योजना पीएम मोदी के समृद्ध महिलाओं के लिए विकसित भारत विजन के अनुरूप तैयार की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि द्विमासिक मौद्रिक नीति पेश करने के एक दिन बाद हुई दोनों की मुलाकात अहम रही, क्योंकि गवर्नर का कार्यकाल पूरा होने वाला है। बता दें कि दास का तीन साल का विस्तारित कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने दास का कार्यकाल समाप्त होने से एक महीना पहले तीन साल बढ़ाने की घोषणा की थी।

एमपी, छग की अपनी क्रिकेट टीम स्पोर्ट्सिमिंट एमपी टाइगर्स

इंदौर। रैडिसन होटल, इंदौर में, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की अपनी क्रिकेट टीम एमपी टाइगर्स का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। सूरत में 12 दिसंबर से शुरू होने वाले बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) में एमपी टाइगर्स टीम ने क्रिकेट जगत में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।स्पोर्ट्समिंट के स्वामित्व वाली एमपी टाइगर्स टीम का लक्ष्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है। इस क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, एमपी टाइगर्स ने बीसीएल में भाग लेने का फैसला किया है।बीसीएल एक अनूठा टूर्नामेंट है जो पेशेवर, युवा, मेहनती मौके की तलाश कर रहे क्रिकेटरों को खेलने का मौका देता है। एमपी टाइगर्स ने अपने स्क्वाड में 10 महत्वाकांक्षी और 8 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को शामिल किया है। इन खिलाड़ियों का चयन पूरे भारत में आयोजित हुए कई शिविरों के माध्यम से किया गया है।एमपी टाइगर्स का लक्ष्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के विकास के लिए काम करना है। टीम 2025 में इन दोनों राज्यों में ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रही है, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को बीसीएल में खेलने का मौका मिल सके। एमपी टाइगर्स का विजन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रेरित करना और उन्हें भारतीय क्रिकेट में अपना योगदान देने का अवसर प्रदान करना है। टीम का मानना है कि बीसीएल इस क्षेत्र के क्रिकेट के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।एमपी टाइगर्स टीम के लांच के अवसर पर बिग क्रिकेट लीग के अध्यक्ष -आर पी सिंह, ने कहा ÷मैं एमपी टाइगर्स के बीसीएल में शामिल होने पर बेहद उत्साहित हूं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे क्रिकेट के गढ़ से एक नई टीम का आगमन हमारे लीग को और मजबूत बनाएगा। एमपी टाइगर्स की युवा प्रतिभाएं बीसीएल को एक नई ऊर्जा देंगी। हम उम्मीद करते हैं कि यह टीम मध्य भारत के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गर्व का विषय बनेगी। बीसीएल का लक्ष्य भारत में घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देना है और एमपी टाइगर्स इस लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारी मदद करेंगे।

राहुल भदौरिया प्रमोटर, एमपी टाइगर्स ने कहा - आज हम सभी के लिए एक गौरव का क्षण है। एमपी टाइगर्स का जन्म मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक सपने के रूप में हुआ था। आज यह सपना साकार हो रहा है। हमने इस टीम को बनाने में बहुत मेहनत की है। हम उम्मीद करते हैं कि एमपी टाइगर्स बीसीएल में एक मजबूत दावेदार साबित होगी। हम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के क्रिकेट के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और एमपी टाइगर्स इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमपी टाइगर्स टीम के लांच के अवसर पर बिग क्रिकेट लीग के अध्यक्ष -आर पी सिंह, मप्र के प्रतिष्ठित खिलाड़ी नमन ओझा, भारतीय क्रिकेट के महत्वपूर्ण स्तम्भ - संजय जगदाले, एमपी टाइगर्स के प्रमोटर - राहुल भदौरिया, मप्र के रणजी आइकन जतिन सरसेना एवं प्रसिद्ध टी वी एंकर शैफाली बग्गा मौजूद थे।

इंफोसिस संस्थापक ने 50 करोड़ में खरीदी लग्जरी फ्लैट

नई दिल्ली। किंगफिशर टावर्स का नारायणमूर्ति के परिवार का पहले से भी संबंध रहा है। नारायण मूर्ति की पत्नी सुधा मूर्ति ने चार साल पहले 23वीं मंजिल पर 29 करोड़ रुपये में फ्लैट खरीदा था। रिपोर्ट के अनुसार टॉवर में रहने वाले अन्य प्रमुख लोगों में बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ और कर्नाटक के मंत्री केजे जॉर्ज के बेटे राणा जॉर्ज भी शामिल हैं। दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने 50 करोड़ रुपये में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। यह अपार्टमेंट बेंगलुरु के किंगफिशर टावर्स में 16वीं मंजिल पर स्थित है। इस 8,400 वर्ग फुट वाले इस अपार्टमेंट में 4 बेडरूम और 5 कार पार्किंग हैं।

भारत सरकार को अस्थिर करने की साजिश रचने के लगे आरोप

नई दिल्ली। जॉर्ज सोरोस दुनिया के सबसे धनाढ्य लोगों में से एक हैं। वे एक बार फिर सुर्खियों में हैं। झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी के सोरोस से संबंध हैं, जो भाजपा नेता के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। दुबे ने शून्यकाल के दौरान सदन में आकर नारे लगाए कांग्रेस का हाथ सोरोस के साथ है। भाजपा ने आरोप लगाया कि अमेरिका के डीप स्टेट ने भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए मीडिया पोर्टल ओसीसीआरपी (संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना) और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलीभगत की। हालांकि, अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने इन आरोपों का खंडन किया गया है, लेकिन यह मामला सुर्खियों में हैं। साथ ही जॉर्ज सोरोस का नाम भी फिर चर्चा में है। सोरोस भारत में पहली बार विवादों में नहीं हैं। इससे पहले अदाणी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर टिप्पणी कर वह विवादों में आए थे। आखिर जॉर्ज सोरोस कौन हैं? उनका विवादों से क्या नाता रहा है? उन्होंने अपनी संपत्ति कैसे अर्जित की और उनकी आलोचना क्यों होती है? वह अभी क्यों चर्चा में हैं? आइये जानते हैं। विश्वकोश ब्रिटानिका के अनुसार, सोरोस का जन्म हंगरी के बुडापेस्ट में 1930 में हुआ था। उनका जन्म एक समृद्ध यहूदी परिवार में हुआ था, लेकिन 1944 में हंगरी में नाजियों के आगमन के कारण उनके शुरुआती दिन संघर्ष भरे रहे। कहा जाता है कि सोरोस ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अपनी पढ़ाई के लिए रेलवे पोर्टर और वेटर के रूप में काम किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हिटलर की ओर से बनाए गए यातना शिविरों में भेजे जाने से बचाने के लिए सोरोस को परिवार से अलग रहना पड़ा। सोरोस 1947 में अपने परिवार के साथ लंदन चले गए। सोरोस ने दर्शनशास्त्र का अध्ययन किया और दार्शनिक बनने की योजना बनाई।

यूपीआई लेनदेन-ओपन बैंकिंग से कर्ज तक लोगों की पहुंच हुई आसान

नई दिल्ली। को-ओपन बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट्स एप्लीकेशन फॉर क्रेडिट एक्सेस के अध्ययन के मुताबिक कोई क्रेडिट इतिहास नहीं रखने वाले उधारकर्ताओं को भी ऋण सुविधा में मदद की है। 30 करोड़ लोग और 5 करोड़ व्यापारी निर्बाध डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम हो गए हैं। भारत ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से कर्ज तक लोगों की पहुंच को आसान बनाया है। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) व इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) प्रोफेसरों की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक विशेष रूप से वंचित उधारकर्ताओं के लिए यह खासा उपयोगी साबित हुआ है। 2016 में शुरू होने के बाद से यूपीआई ने लाखों लोगों के लिए डिजिटल लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराई है। को-ओपन बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट्स एप्लीकेशन फॉर क्रेडिट एक्सेस के अध्ययन के मुताबिक कोई क्रेडिट इतिहास नहीं रखने वाले उधारकर्ताओं को भी ऋण सुविधा में मदद की है। 30 करोड़ लोग और 5 करोड़ व्यापारी निर्बाध डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम हो गए हैं। यूपीआई लेनदेन में 10 फीसदी की वृद्धि से ऋण उपलब्धता में 7 फीसदी वृद्धि हुई। यह दर्शाता है कि कैसे डिजिटल फाइनेंस ने ऋणदाताओं को उधारकर्ताओं का बेहतर मूल्यांकन करने में सक्षम बनाया। रिपोर्ट के मुताबिक अक्तूबर 2023 तक भारत में सभी खुदरा डिजिटल भुगतानों में 75 फीसदी यूपीआई के माध्यम से हो रहे हैं। नए ऋण लेने वालों को दिए गए ऋण में 4 फीसदी की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के मुताबिक यूपीआई का लाभ उठाते हुए कर्ज देने वाली फिनटेक कंपनियों ने तेजी से अपना आकार बढ़ाया। इनकी ऋण की मात्रा में 77 गुना वृद्धि हुई। यह पारंपरिक बैंकों से कहीं आगे है। अध्ययन में कहा गया है कि डिजिटल प्रौद्योगिकी की सामर्थ्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से यूपीआई को व्यापक रूप से अपनाया जा सका।

निवेश | उत्पादन को आगे बढ़ाने के दूसरे चरण में कंपनी की हर साल अधिक निवेश करने की संभावना है

इस्त्राइली कंपनी बनाएगी भारत में आईपी फोन

नई दिल्ली। भारत में आईपी फोन बनाने के एलान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान तादिरन टेलीकॉम के सीईओ मिट्ज ने दी। उन्होंने कहा कि उत्पादन को आगे बढ़ाने के दूसरे चरण में कंपनी की हर साल अधिक निवेश करने की संभावना है। इसमें सॉफ्टवेयर का विकास भी शामिल होगा। इस्त्राइल की एकीकृत संचार कंपनी तादिरन टेलीकॉम भारत में आईपी टेलीफोन बनाने की योजना बना रही है। इसमें कंपनी सालाना कम से कम 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 80 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। कंपनी ने मेक इन इंडिया के तहत आईपी फोन बनाने के लिए भारतीय कंपनी डीसीएम श्रीराम के साथ साझेदारी की है।यह जानकारी भारत में आईपी फोन बनाने के एलान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान तादिरन टेलीकॉम के सीईओ मिट्ज ने दी। उन्होंने कहा कि उत्पादन को आगे बढ़ाने के दूसरे चरण में कंपनी की हर साल अधिक निवेश करने की संभावना है। इसमें सॉफ्टवेयर का विकास भी शामिल होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारी योजना भारत में हर साल 1,00,000 आईपी टेलीफोन बनाने की है, हालांकि आईपी फोन बनाने की यह संख्या अभी कम है। हम प्रदर्शन के आधार पर निवेश में बढ़ोतरी करेंगे। हमने अभी अपनी आईपी फोन निर्माण परियोजना के लिए सालाना 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित किए हैं। आईपी टेलीफोन एप के जरिये कॉन्फ्रेंस कॉल सहित कई संचार के काम होते हैं और आम तौर पर व्यावसायिक संगठनों में इस्तेमाल किए जाते हैं। तादिरन भारत में बीते 26 साल से चैनल भागीदारों के जरिए काम कर रही है। मिट्ज ने कहा कि कंपनी का 70 फीसदी कारोबार सॉफ्टवेयर से और 30 फीसदी प्रतिशत हार्डवेयर में होता है। उन्होंने कहा कि तादिरन श्रेणी 2 उपकरण बनाएगा। यह एक ऐसी श्रेणी जो तत्काल प्रभाव से सरकारी खरीद के लिए योग्य है। मिट्ज ने कहा कि भारत में निर्माण हमारी विस्तार योजना का पहला चरण है। अगर हम निर्माण लक्ष्यों को पूरा करने में कामयाब होते हैं, तो हम सॉफ्टवेयर विकास के लिए भारत में अपने दूसरा चरण का विस्तार शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि तादिरन टेलीकॉम पहले से ही सहयोग के लिए एक भारतीय सॉफ्टवेयर दिग्गज के साथ चर्चा कर रहा है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास दिल्ली में नॉर्थ ब्लॉक पहुंचे

नई दिल्ली। शक्तिकांत दास छह साल से आरबीआई के गवर्नर हैं और उनका कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

सूत्रों ने बताया कि दास और सीतारमण के बीच करीब आधे घंटे तक बैठक चली। 10 दिसंबर के बाद कोई संभावित विस्तार, चाहे वह हो या नहीं, अभी तक इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। आइए इस खबर के बारे में और जानें। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार शाम को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नॉर्थ ब्लॉक स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात आरबीआई गवर्नर के रूप में दास के मौजूदा कार्यकाल के समाप्त होने के कुछ ही दिन पहले और मौद्रिक नीति बैठक के एक दिन बाद हुई है। शक्तिदास दास छह साल से आरबीआई के गवर्नर हैं और उनका कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि दास और सीतारमण के बीच करीब आधे घंटे तक बैठक चली। 10 दिसंबर के बाद कोई संभावित विस्तार, चाहे वह हो या नहीं, अभी तक इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

न्यूज़ गैलरी

लाखों रुपए के माल की हेराफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। मीवान स्टील प्लांट मंदिरहसौद से लाखों रुपए का उच्च स्तर का स्पंज आयरन लोड कर ट्रक महाराष्ट्र के वर्धा के लिए निकला था, जो कंपनी में निम्र स्तर का माल पहुंचायाँ प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रवीण नामदेव 32 वर्ष चिकली वरोरा चंद्रपुर महाराष्ट्र का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 4302 के चालक ने मंदिरहसौद स्थित मीवान स्टील प्लांट से 69.070 एमटी स्पंज आयरन को लेकर वर्धा स्थित एसएम डब्लू स्टील कंपनी के लिए रवाना हुआ था। जब कंपनी में पहुंचा तो वहां माल चेक करने पर स्पंज आयरन निम्र स्तर का निकला। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने चालक के खिलाफ अमानत का ख्यानत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस ने कालीबाड़ी चौक के पास अवैध गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालीबाड़ी चौक के पास गांजा के साथ आरोपी गणेश बागरची 28 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास रखे बैग से 10 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी कीमत एक लाख 47180 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ऑफिस के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा स्थित तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कर्मशी पटेल 67 वर्ष न्यू टिम्बर मार्केट फाफाडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलई 9855 को तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिरहसौद और राजेन्द्र नगर पुलिस ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 42610 रुपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गोढ़ी छुहिया खार में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी भुनेश्वर बैस 32 वर्ष सहित अन्य 8 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 37460 रुपए जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने लालपुर केनाल रोड में दबिश देकर आरोपी पवन गंगवानी 34 वर्ष सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 5150 रुपए जब्त किया है।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रविवार की सुबह लगभग 10 बजे जशपुर जिले के रणबीरपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरमाटी में एक ट्रैक्टर पानी टैंकर सहित अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुःखद घटना में ट्रैक्टर चालक नरेश साहू उर्फ छोटे लाल, पिता रोहित साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी पवनतरा, थाना सिंघनपुरी जंगल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी रणबीरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर लिया।

एकाउंटेंट ने किया 8 लाख का गबन

रायपुर/नवप्रदेश। गुमा स्थित नर्मदा ड्रीक्स प्राइवेट लिमिटेड के एकाउंटेंट ने 8 लाख रुपए का गबन कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी श्याम कमार शर्मा 56 वर्ष नर्मदा ड्रीक्स प्राइवेट लिमिटेड गुमा का डायरेक्टर है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कार्तिकराम डडसेना 45 वर्ष प्रार्थी के कंपनी में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ने आरोपी को आईओसीएल की क्षतिपूर्ति के लिए 8 लाख रुपए दिया था। जिसे जमा ना कर गबन कर लिया। जब प्रार्थी को पता चला तो उसने इसकी शिकायत उरला थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। टैक्सी स्टैंड सिविल लाइन में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ निवासी 29 वर्षीय प्रार्थिया ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि आरोपी रमेश सिंह से उसका होटल में काम करने के दौरान पहचान हुआ। आरोपी ने शादी का झांसा लगातार शारीरिक संबंध बनाया ।

सैनिकों के शौर्य और बलिदानों के कारण ही आज हम स्वतंत्र और सुरक्षित हैं : सीएम साय

■ सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों और राष्ट्र सेवा में समर्पित सैनिकों को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीदों और देश की सेवा में जुटे सभी सैनिकों को नमन करते हुए कहा है कि यह दिन हमें अपने देश के उन वीर जवानों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र हैं और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं।

उन्होंने प्रदेशवासियों से देश की सेनाओं, भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक योगदान करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशस्त्र झंडा सेना दिवस हमें याद दिलाता है कि हम अपने वीर-जवानों के परिवारों और पूर्व सैनिकों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आप सभी झंडा-दिवस में बढ़-चढ़कर

भागीदारी निभाएं। झंडा-दिवस पर जो भी धनराशि एकत्रित की जाती है, वह हमारे सैनिकों और उनके परिवारों की कल्याण योजनाओं में काम आती है। आप सबसे मेरा आग्रह है कि आप भी इसमें सहभागी बनें और राष्ट्र-सेवा में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री श्री साय से आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर संचालक, सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, ब्रिगेडियर श्री विवेक शर्मा ने उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें लेपल पिन लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों के कल्याण के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाएं देश की सीमाओं की रक्षा करने के साथ साथ प्राकृतिक आपदाओं, आतंरिक संकटों और मानवता के किसी भी संकट के समय हमारे साथ खड़ी रहती हैं। हमारे सैनिकों की वीरता और समर्पण ने देश को हर परिस्थिति में सुरक्षित बनाए रखा है। ब्रिगेडियर श्री विवेक शर्मा ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि से 27 कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इस निधि से एक करोड़ 5 लाख रुपए की राशि विभिन्न योजनाओं के तहत सैनिकों और शहीदों के परिवारों को वितरित की गई है।

महिलाओं को लोन का झांसा देकर ठग लिए 50 लाख रुपए

■ 10 फाइनेंशियल बैंक से लोन दिला कर की ठगी

■ ग्राम खरथुली की 38 महिलाओं को बनाया शिकार

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम खरथुली पोस्ट-बडग़ांव, थाना डौंडी लोहारा की रहने वाली महिलाओं से बालोद जिले के 10 बैंक से लोन दिलाकर ठगी करने का मामला सामने आया है। महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर इसकी शिकायत की है। दलाल द्वारा इन्हें स्वरोजगार का लालच देकर उनके नाम पर लोन लिया और पूरी राशि स्वयं हड़प ली।

ग्राम खरथुली की ग्रामीण व आदिवासी महिलाओं ने शिकायत की है कि उनको बैंक दलाल द्वारा स्वरोजगार दिलाने की बात कह कर समूह के माध्यम से अलग-अलग बैंकों से लगभग 50 लाख रुपए का लोन दिलाकर लोन की पूरी राशि को अपने निजी उपयोग में ले लिया। कुछ समय तक लोन का किस्त तीन लाख रुपए प्रतिमाह जमा भी करता रहा, पर दो माह से किस्त नहीं जमा करने पर महिलाओं को बैंकों द्वारा पैसा जमा करने के लिए परेशान किया जा रहा है।

इतनी बड़ी रकम की राशि जमा करने में महिलाएं सक्षम नहीं हैं। तो थक हार कर ग्रामीण महिलाएं इनकी

शिकायत बालोद पुलिस अधीक्षक व नजदीकी थाना में की है। जहां से ये सभी महिलाएं उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कुछ न्याय मिल जाए। आप को बता दे कि यह बालोद जिला का पहला मामला नहीं है। जहां महिलाओं से ठगी की गई। यह ठगबाज आसपास के और दूसरे गांव की महिलाओं को भी अपनी ठगी का शिकार बना चुके हैं। पर अब तक पुलिस प्रशासन इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है जिससे यह खुले में घूम रहा है। अगर पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले तो और अन्य महिलाएं ठगी का शिकार होने से बच सकती हैं।

पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में महिलाओं ने कहा है कि हम सभी आदिवासी महिलाएं ग्राम खरथुली पोस्ट-बडग़ांव, थाना डौंडी लोहारा की रहने वाली हैं। गांव की कुछ महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए गांव में ही मशरूम की खेती कर रही थी। उसी दरम्यान समूह के माध्यम से जांजगीर चांपा निवासी खोलबहरा कैवर्त नाम व्यक्ति से भेंट हुई। उन्होंने अपना पता व ऑफिस सप्तऋषि संस्था बाईपास रोड परेंगुड़ा पोस्ट बघमरा जिला बालोद बताया। फिर समूह के माध्यम से कुल 38 महिलाओं को एक समूह में जोड़कर 05 व 10 का समूह बनाकर स्वरोजगार दिलाने की बात कहकर हम सभी महिलाओं को बालोद के विभिन्न 10 बैंकों से प्रति महिला को 35 हजार से 49 हजार तक का लोन उपलब्ध कराया। लोन दिलाने के पहले 50 रुपए के स्टाम्प पेपर में अध्यक्ष और सचिव के नाम से शपथ पत्र बनवाया। लोन की सभी राशि को रोजगार में लगाने की बात कहकर अपने पास रख लिया। कुछ माह तक 03 लाख रूपया महिना लोन का किस्त जमा करता रहा, उसके बाद उन्होने लोन का किस्त पटाना भी बंद कर दिया। कुछ दिनों के बाद बैंकों द्वारा हम सभी महिलाओं को बैंकों द्वारा दी गई ऋण की राशि जमा करने के लिए दबाव बनाया गया। तब हमारे द्वारा उनसे फोन से संपर्क करने करने पर उन्होंने अपना खाता सीज होने की बात कहकर फोन काट दिया। तब हम लोगों को ठगी का अहसास हुआ तो उनके द्वारा बताये गये पते पर सभी महिलाएं कुंदरूपारा अटल आवास गए थे पर वो वहां नहीं मिला ।

इन बैंकों द्वारा दिलाया गया लोन

महिलाओं द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एच.डी.एफ.सी फस्टबैंक, इसॉफ बैंक, एक्सिस बैंक झलमला,अन्नपूर्णा फायनेंस, ग्राम शक्ति बैंक, आई.डी.एफ.सी. बैंक, द्वारा बैंक, अविरल बैंक, सूर्योदय बैंक, फाईन केयर बैंक से लोन दिलाया गया है।

फिर बदला मौसम बारिश के आसार

■ कई जिलों में बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शनिवार से से फिर बदली-बारिश का दौर शुरू हो गया है. सुबह से ही राजधानी समेत कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है, जिसकी वजह से बस्तर, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अगापित एक्का ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का असर प्रदेश में दिखेगा। 9 दिसंबर तक प्रदेश में बारिश बदली-बारिश का दौर जारी रहेगा, इसके बाद मौसम साफ होगा और रात के तापमान में गिरावट के साथ कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

बता दें, बीते कुछ दिनों से प्रदेश में ठंड कम रहा लेकिन बारिश होने से दिन के तापमान में कमी आएगी और प्रदेश का मौसम ठंडा रहेगा. हालांकि रात के तापमान में कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। वहीं दिन में सबसे अधिक तापमान बालोद में 33 डिग्री दर्ज किया गया. इसके अलावा राजधानी में दिन का तापमान 32.8 डिग्री और रात का तापमान 19.2 डिग्री दर्ज किया गया. सूरजपुर में रात का पारा 11.1 डिग्री, कोरिया में 11.8 डिग्री बलरामपुर में 17.7 और जशपुर में 18.5 डिग्री रिकॉर्ज किया गया. जबकि बस्तर संभाग में बदली-बारिश के चलते रात का पारा 17 से 21 डिग्री के बीच रहा. दंतेवाड़ा में रात का तापमान सबसे अधिक 21.5 डिग्री दर्ज किया गया।

इन जिलों में हुई बारिश

छत्तीसगढ़ के सुकमा, नानगुर, छिंदगढ़, गदिरस, बस्तानार, कोंटा और जगदलपुर में बारिश हुई. सबसे अधिक बारिश बस्तर के नानगुर में 38.4 मि.मी. दर्ज की गई।

कंपनी को लगाया 9 लाख की चपत, तीन आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सूरा रिटेल कंपनी में कार्यरत तीन लोगों ने कंपनी के 5 लाख 81 हजार 792 रुपए का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रकांत साहू 22 वर्ष विधानसभा पुलिस कालोनी का रहने वाला है। प्रार्थी पंडरी स्थित सूरा रिटेल कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अमिया रंजन राय को उड़िसा का मैनेजर बनाकर भेजा गया था। जहां आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर

कंपनी के 5 लाख 81 हजार 792 रुपए को बैंक में जमा न कर स्वयं गबन कर लिया। इसके बाद आरोपी ने फर्जी किरायानामा बनवाकर कार्य संचालक के लिए गोडाउन के नाम पर कंपनी से साढ़े 4 लाख रुपए प्राप्त कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरकार की नई नीति से अब घर से करा सकेंगे रजिस्ट्री

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब जमीन जायदाद की रजिस्ट्री कराने वालों के लिए एक नई पैड सर्विस शुरू हुई है। ऐसे लोग जो चाहते हैं कि रजिस्ट्री के लिए उन्हें पंजीयन दफ्तर न आना पड़े और फिर रजिस्ट्री भी हो जाए, तो उनके लिए ये सुविधा 25 हजार रुपयों में मिल जाएगी। यानी 25 हजार रुपए अदा करने के बाद कोई भी रजिस्ट्री ऑफिस का काम अपने घर में ही करवा सकता है। यही नहीं, जो लोग ये चाहते हैं कि उनकी रजिस्ट्री टाइम स्लॉट से अलग उनके मांगे समय पर होनी चाहिए, तो उन्हें इस काम के लिए 15 हजार रुपए देने होंगे। पंजीयन विभाग के कामकाज के जानकारों के मुताबिक, राज्य में इस तरह की व्यवस्था पहली बार की गई है। इससे पहले होता यह था कि जिसे भी रजिस्ट्री करवाना हो, उन्हें रजिस्ट्री दफ्तर आना ही पड़ता था। यह बदलाव करने के लिए वाणिज्यक कर (पंजीयन) विभाग ने रजिस्ट्रीकरण एक्ट में संशोधन किया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन 6 दिसंबर को कर दिया गया है, इसके साथ ही यह नई व्यवस्था लागू हो गई है।

घर पहुंच सेवा : 25 हजार दो, हक त्याग मात्र 5 सौ रुपए में

शुल्क के अतिरिक्त लगेंगे 25 हजार

पंजीयन की प्रक्रिया में बदलाव के लिए सरकार ने एक्ट के अनुच्छेद सात में बदलाव किया है कि इसमें कहा गया है कि रजिस्ट्रार के द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क 25 हजार रुपए लगेगा, लेकिन इसके साथ ही रजिस्ट्री के लिए लिया जाने वाला सामान्य शुल्क भी अदा करना होगा। इस संशोधन की टीप में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद के अधीन अतिरिक्त फीस, वसीयतों तथा दत्तक ग्रहण के अधिकार पत्रों के रजिस्ट्रीकरण पर देय नहीं होगी। वह ऐसे मामलों में भी उदग्रहणीय नहीं होगी, जिसमें सब रजिस्ट्रार किसी निष्पादन में हितबद्ध होने के कारण या किसी अन्य दूसरे प्र्याप्त कारण से स्वयं रजिस्ट्रीकरण के लिए असमर्थ हो।

अवैध धान परिवहन और भंडारण को लेकर प्रशासन सख्त

कोरिया/नवप्रदेश -अवैध धान के परिवहन और भंडारण पर रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चिल्का के आश्रित ग्राम रोबो में प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण दौरान राजकुमार पिता धनसाय को बिना नंबर वाले ट्रैक्टर से लगभग 80 बोरी अवैध धान परिवहन करते पकड़ा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई गोपनीय सूचना के आधार पर की गई। मौके पर टीम ने छानबीन कर अवैध रूप से भंडारित धान को ज़ब्त कर लिया। ज़ब्त धान को कानूनी प्रक्रिया के तहत थाना बैकुंठपुर को सुपुर्द किया गया है।

अवैध धान पर प्रशासन की सख्ती - प्रशासन का कहना है कि जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया पारदर्शिता से की जा रही है। अवैध रूप से धान का भंडारण और परिवहन न केवल सरकारी योजनाओं को प्रभावित करता है, बल्कि किसानों के हितों पर भी चोट पहुंचाता है। प्रशासन ने आम जनता और किसानों से अपील की है कि वे अवैध धान भण्डारण, परिवहन आदि गतिविधियों की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। ऐसा करने से सरकारी योजनाओं को सफल बनाने में सहयोग मिलेगा।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी जहा सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई।

जातीय जनगणना की उठाई मांग

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वावधान में आयोजित पिछड़ा अति पिछड़ा जगाओ यात्रा के तहत गोपालगंज जिला मुख्यालय स्थित रॉयल पैलेस में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई राज्यों से संघ के पदाधिकारी, सामाजिक और बौद्धिक संगठनों के सदस्य, लेखक, चिंतक और हज़ारों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी ने एकजुट होकर देश में जातीय जनगणना करवाने और सभी वर्गों को आबादी के अनुसार समान हिस्सेदारी देने की जोरदार मांग की। साथ ही मंडल आयोग को पूरी तरह लागू करने के लिए गगनभेदी नारों के साथ आवाज बुलंद की।

सम्मेलन में ये लोग भी रहे शामिल

सम्मेलन की शुरुआत में स्वागताध्यक्ष डॉ. एच. पी. सिंह ने सभी आगत अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र कुमार सिंह चंदापुरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी. एल. गंगवार (उत्तर प्रदेश), महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति शान्ति शाह, उपाध्यक्ष धनराज सिंह, सुधीर कुमार पटेल, नवल किशोर गुप्ता, कृष्णनंदन साहू, फुलेश्वर कानू और विभिन्न प्रदेशों से आए पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

विकास कार्य... *आंगनबाड़ी से पुलिया तक 1 करोड़ के कार्यों से बदलेगी सूरत*

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने पूरी की 3 और वार्डों की जरूरतें...

रायपुर/नवप्रदेश। पश्चिम के दिग्गज भाजपा विधायक तथा तीन बार के मंत्री रहे राजेश मूणत पिछले तीन महीने से अपने क्षेत्र के वार्डों में आम लोगों की बुनियादी जरूरतों के साथ-साथ विकास के विजन को लेकर निकले हैं।

शनिवार को उन्होंने माधवराव सप्रे वार्ड, स्वामी आत्मानंद वार्ड और चूड़ामणि नायक वार्डों में तकरीबन 1 करोड़ रुपए के ऐसे कार्य शुरू करवाए, जिनसे वहां के लोगों को आने वाले दिनों में काफी सुविधा हो जाएगी। यही नहीं, अपने वार्ड के सरकारी स्कूल-कालेजों के साथ आंगनबाड़ियों के पूरे सिस्टम को अपग्रेड कर रहे पूर्व मंत्री मूणत ने स्वामी आत्मानंद वार्ड में आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन भी कर दिया है, ताकि क्षेत्र के बच्चों को सुविधा हो। अपनी विधायक निधि, नगर निगम तथा राज्य शासन के जरिए ये कार्य होंगे। इसके लिए मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय का आभार जताया है। सभी जगह भूमिपूजन के दौरान संबंधित वार्डों के काफी लोग उपस्थित थे। पूर्व मंत्री मूणत ने उन्हें आश्वस्त किया कि

रायपुर पश्चिम के वार्डों की सूरत बदलने के लिए साय सरकार फंड में किसी तरह की कमी नहीं आने देगी। वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत अपने क्षेत्र में एक आदर्श आंगनबाड़ी भवन का प्रोजेक्ट पहले ही फाइनल कर चुके हैं। छोटे बच्चों की सहूलियत और शिक्षा की इस सोच को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड में 20 लाख रुपए से आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू करवाया है। इससे पहले मूणत और उनकी टीम शहीद चूड़ामणि नायक वार्डों में पहुंची। वहां उन्होंने पांच सामुदायिक भवनों की मरम्मत तथा विस्तार के लिए पांच-पांच लाख के हिसाब से 25 लाख रुपए का फंड न सिर्फ मंजूर करवाया, बल्कि इनका काम शुरू करवा दिया। ये सामुदायिक भवन डबरीपारा, वासुदेव पारा, भीम नगर में है। इनके साथ ठाकुर देव भवन के नया निर्माण तथा शीतला हनुमान सामुदायिक भवन की मरम्मत का काम भी उन्होंने शुरू करवाया है।

पूर्व मंत्री तथा वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद वार्ड की बड़ी जरूरत पूरी करते हुए मध्यम आकार की तीन पुलिया का काम शुरू करवाया, जिससे वार्ड की बड़ी आबादी को सुविधा मिलेगी। ये पुलिया अग्रोहा कालोनी के पास, साईं मंदिर क्षेत्र और विप्र नगर में थोड़ी-थोड़ी दूरी वाली कंक्रीट रोड के साथ बनाई जाएंगी।

बच्चे को कुत्ते ने भौंका तो पिता ने कर दिया रॉड से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से एक पशु क्रूरता का मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने कुत्ते को जान से मारने की नीयत से उस पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर उसे अधमरा कर दिया। यह घटना एक दिसंबर की है, जब हमलावर ने कुत्ते की जान लेने के इरादे से उसपर एक बड़े लोहे की रॉड से कई बार वार कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह हमलावर को रोका और कुत्ते की जान बचाई। इस जानलेवा हमले में कुत्ता बुरी तरह घायल हो गया। पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर घायल कुत्ते को एनिमल वाटिका सैंक्चुअरी पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है। पशु प्रेमी संस्था 'जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन0 ने हमलावर के खिलाफ पुलिस में वीडयो सहित हमलावर के खिलाफ पशु क्रूरता की शिकायत दर्ज कराई है.मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम सिराज खान है. सिराज खान ने कुत्ते को बेरहमी से सिर्फ इसलिये मारा, क्योंकि उसका बेटा कुत्ते के पूंछ को खींच रहा था। इससे कुत्ते ने बच्चे पर भौंका और सिराज का बेटा डर गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654